6 अभिमत
चीन-पाक के कब्जे में भारत की भूमि

8 बिलासपुर संभाग
ठेकेदार-सब इंजीनियर की मिलीभगत, निर्माण कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार

10 छत्तीसगढ़
तट में हो रहे अवैध कब्जे नदी का अस्तित्व खतरे में

11 स्पोर्ट्स
पंत की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग, 17वें नंबर पर पहुंचे, पुजारा नंबर तीन पर

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 9 जनवरी 2019 पृष्ठ-12 वर्ष-03, अंक-143 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### नंदन नीलेकणि होंगे आरबीआई डिजिटल पेमेंट कमेटी के मुखिया

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने डिजिटल पेमेंट को बेहतर तरीके से देश में लागू करने और बढ़ाने के लिए कमेटी बनाई है। नंदन नीलेकणि को इस कमिटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। उनकी अध्यक्षता में कमिटी को 90 दिनों के अंदर अपनी रिपोर्ट सौंपनी है। बता दें कि नंदन निलेकणि इंफोसिस के को-फाउंडर है। नीलेकणि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के भी अध्यक्ष रह चुके हैं। नीलेकणि के अलावा कमिटी में सीआईआईई के चीफ इनोवेशन ऑफिसर संजय जैन, विजया बैंक के पूर्व सीईओ किशोर सांसी, मिनिस्ट्री ऑफ इन्फोरमेशन के मुख्य सचिव अरुणा शर्मा को शामिल किया गया है।

### अमेजन पहली बार दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बनी

**वॉशिंगटन।** माइक्रोसॉफ्ट को पीछे छोड़ अमेजन पहली बार दुनिया की सबसे ज्यादा वैल्यूएशन वाली कंपनी बन गई। सोमवार को अमेरिकी शेयर बाजार बंद होने पर अमेजन का मार्केट कैप 56 लाख करोड़ रुपए रहा। जबकि, माइक्रोसॉफ्ट का वैल्यूएशन 54.81 लाख करोड़ रुपए (783.4 अरब डॉलर) रहा। तीसरे नंबर पर अल्फाबेट और चौथे पर एपल है।

## बाजार.भाव

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 32,884 | 23 |
| चांदी | 42,200 | 00 |

## इनसाइड स्टोरी

मुद्रा लोन प्रकरण में लक्ष्य की पूर्ति के लिए क्लस्टर कैम्प लगाएं : कलेक्टर
पेज-04

### चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में 5 जजों की बेंच करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता में पांच जजों की बेंच अयोध्या विवाद पर सुनवाई करेगी। चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस एसए बोबडे, जस्टिस एनवी रामाना, जस्टिस यूयू ललित और जस्टिस डीवाई चंद्रचूर्ण इस बेंच में शामिल होंगे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने चार जनवरी को इस मामले की सुनवाई की थी। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई और जस्टिस संजय किशन कौल की बेंच ने शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई की तारीख महज 30 सेकंड में दोनों पक्षों की दलीलें सुने बगैर आगे बढ़ा दी।

### शांति प्रस्ताव अस्वीकार कर रहा भारत : इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने आरोप लगाया है कि भारत सरकार ने उनके किसी भी शांति प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा, दो परमाणु संपन्न देशों के बीच कोई भी युद्ध आत्मघाती हो सकता है। शांति के लिए द्विपक्षीय वार्ता ही एकमात्र सही रास्ता है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी प्रमुख इमरान खान ने तुर्की की एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में यह बात कही।

# विपक्ष के हंगामा और बहिर्गमन के बीच दस हजार 395 करोड़ का अनुपूरक बजट पारित

## वित्त मंत्री के बजट भाषण के दौरान जमकर टोकाटाकी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीत सत्र के तीसरे दिन राज्य सरकार द्वारा पेश दस हज़ार 395 करोड़ 58 लाख 25 हज़ार चार सौ रुपये के अनुपूरक बजट विपक्ष के हंगामे और बहिर्गमन के बीच बहुमत से पास किया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ एक लाख करोड़ क्लब में शामिल हो गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सदन को बताया कि वित्त विभाग का भारसाधक मंत्री होने के नाते बताया कि छत्तीसगढ़ का बजट एक लाख करोड़ के पार हो चुका है। पिछली सरकार ने जो बजट पेश किया था वह 87 हजार 383 करोड़ का था जो अब एक लाख पांच हजार एक 70 करोड़ का बजट हो गया है। उन्होंने बजट भाषण में कहा कि 17 दिसंबर को पद संभालने के बाद कर्जमाफी और धान का समर्थन मूल्य बढ़ाने की घोषणा की थी उसे पूरा किया है। मार्कफेड में पंजीकृत सभी किसानों को धान का घोषित मूल्य मिलेगा। इस पर विपक्ष ने टोकाटाकी शुरू कर दी। सदस्य बृजमोहन अग्रवाल ने पूछा कि बोनस का क्या हुआ, बघेल ने बताया कि केंद्र की एमएसपी के साथ किसानों का बोनस जोड़कर धान 2500 रुपए में खरीद रहे हैं। उन्होंने पिछली सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब मोबाइल योजना फेल हो गई तो एक दिन का सत्र बुलाकर 300 रुपए का बोनस किसानों को थमा दिया। इस पर विपक्ष पूरा कर्ज माफ करने की मांग करने लगा। सदस्य अजय चंद्राकर ने कहा कि ➢शेष पेज 8 पर

## छत्तीसगढ़ एक लाख करोड़ क्लब में शामिल




### सबसे अधिक राशि अनुसूचित जनजाति के लिए

अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा राशि का अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए की गई है। इसके लिए 28 अरब 7 करोड़ 43 लाख 33 हज़ार 200 रु का प्रावधान किया गया है। दूसरा म पर कृषि के लिए बड़ी राशि का प्रावधान किया है। भूपेश सरकार द्वारा प्रस्तुत अनुपूरक बजट में 20 अरब 10 करोड़ 14 लाख 3 हज़ार रुपये आवंटित करने की सिफारिश की गई है। सहकारिता को भी विशेष महत्व दिया गया है। इसके लिए 15 अरब 2 करोड़ रु मांगे गए हैं। वहीं स्कूल शिक्षा में 5 अरब 75 करोड़ 90 लाख 40 हज़ार रुपये मांगे गए हैं। अनुसूचित जाति उपयोजना के लिए 7 अरब 30 करोड़ 95 लाख 96 हज़ार 100 रु का प्रावधान किया गया है। वित्त विभाग के लिए 12 अरब 23 करोड़ 54 लाख का, आदिम जाति कल्याण के लिए 6 अरब 76 करोड़ 21 लाख, नगरीय प्रशासन व पंचायतों के लिए 2-2 अरब रुपए की मांग की गई है। जनसंपर्क विभाग के लिए 25 करोड़ रुपए , सामान्य प्रशासन विभाग के लिए 7 करोड़ 30 लाख का प्रावधान किया गया।

### थोड़ी सी धूल हटाई तो विपक्ष में बौखलाहट

मुख्यमंत्री ने बजट भाषण के दौरान कहा कि अभी हमने सरकार में आने के बाद थोड़ी सी धूल बस हटाई है तो विपक्ष में बौखलाहट मच गई है। मीडिया की एक कंपनी 15 चैनलों को ऑपरेट कर रही थी इसकी हम जांच कराएंगे। रमन सिंह ने चुनौती की बात कही थी हम जनघोषणाओं को पूरा करेंगे हम जुमलेबाजी नहीं करते। पिछली सरकार ने खदानों की स्टांप ड्यटी माफ की लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। मुझसे शराबबंदी की बात होती है जबकि आपकी सरकार में 1500 करोड़ के बंटवारे की बात होती थी। आपके अध्ययन दल की रिपोर्ट में काउंटर बढ़ाने की बात आई। हम शराब बंदी करेंगे, अध्ययन दल बनाया है, रिपोर्ट आने के बाद शराबबंदी करेंगे। ऐसा न हो कि हम दुकानें बंद करें और घर पहुंच सेवा न शुरू हो जाए। इसलिए ठोक बजाकर पूरे अध्ययन के बाद शराबबंदी पर फैसला होगा।

# नान घोटाले पर एसआईटी गठित कल्लूरी को बनाया गया चीफ

## एक एसपी, दो एएसपी और 2 डीएसपी टीम में शामिल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नान घोटाले को लेकर राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी का हेड एसीबी और ईओडब्ल्यू के आईजी एसआरपी कल्लूरी होंगे। उनके साथ नारायणपुर के एसपी आई कल्याण एलेसेला, एएसपी ईओडब्ल्यू मनोज खिलाड़ी, जशपुर की एएसपी उनेजा खातून अंसारी, ईओडबल्यू के डीएसपी विश्वास चंद्राकर, इओडबल्यू के डीएसपी अनिल बख्शी को 12 सदस्यी टीम में शामिल किया गया है। टीआई स्तर के अधिकारियों में सीआईडी के निरीक्षक एलएस



कश्यप, एसीबी के निरीक्षक बृजेश तिवारी, एसीबी के निरीक्षक रामाकांत साहू , कांकेर के निरीक्षक मोतीलाल पटेल, ईओडबल्यू के निरीक्षक फरहान कुरैशी को टीम में शामिल किया गया है। वहीं विधि विशेषज्ञ के रूप में एनएन चतुर्वेदी को भी टीम में शामिल किया गया है। ये टीम 3 महीने में अपनी जांच पूरी करेगी। इससे पहले कैबिनेट ने नान घोटाले की जांच के लिए एसआईटी गठन को मंजूरी दे दी थी। नान घोटाले को कांग्रेस ने चुनाव में जमकर उठाया था। कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही कहा था कि सरकार बनी तो नान घोटाले की जांच एसआईटी बनाकर की जाएगी। यही नहीं इस चुनावी सभाओं में राहुल गांधी ने भी इस प्रमुखता से अपनी बात रखी थी। वे बकायदा सीएम सर और सीएम मेडम कौन? कहकर हमला बोलते रहे हैं। अब कांग्रेस ने सरकार बनने के बाद नान घोटाले की जांच शुरू कर दी है। सरकार के निर्देश पर ईओडब्लू ने न्यायालय में भी आवेदन देकर एसआईटी जांच परिणाम आने तक कार्यवाही स्थगित रखने की मांग की है। वहीं ईओडब्लू की ओर से जांच के 11 बिंदू भी तय कर लिए गए हैं।

### 12 सदस्यों की टीम 3 महीने में 117 पन्नों की जांच कर सरकार को सौंपेगी रिपोर्ट




### पूर्व सीएम रमन ने उठाया सवाल किसे बचाने जांच हो रही ?

नान मसले पर गठित एसआईटी के मसले पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने बेहद तल्ख बयान दिया है। डॉ रमन सिंह ने एसआईटी के गठन की नियत पर और गठन के तरीके पर आपत्ति जताई है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने विधानसभा



परिसर में कहा कि मुझे किसी जाँच का डर नही, सवाल यह है कि एसआईटी किसे बचाने के लिए गठित की गई है, मैने डीजी का बयान देखा जिसमें वो कह रहे हैं कि एसआईटी के गठन के बाद किसी आरोपी की ज़मानत हो सकती है नही भी हो सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने तल्ख होते हुए सवालिया अंदाज में कहा एसआईटी का गठन करने वाले किसे बचाना चाह रहे हैं, जाँच मैने कराई है, लोकायुक्त से बडी कोई एजेंसी नही, उसे जाँच दी गई है, करोड़ों की राशि जप्त हुई, दर्जनों लोग गिरफ्तार हुए..देखना यह भी दिलचस्प है कि, जो आरोपी है, फरार है, वही कह रहा है कि जाँच करिए, मतलब हर आरोपी कहेगा मैं दोषी नही तो एसआईटी बनाते जाएं, यह सरकार यही करेगी क्या?

# ट्रेड यूनियन हड़ताल से छत्तीसगढ़ में बैंको का कामकाज हुआ प्रभावित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में बैंक कर्मचारियों सहित विभिन्न ट्रेड यूनियनों की हड़ताल के चलते मंगलवार को सभी राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों में कामकाज प्रभावित हुआ। संयुक्त रूप से श्रमिक संगठन ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर प्रदेश के करीब 2200 बैंक के करीब 20 हजार कर्मचारी हडताल पर रहे।यह हडताल मुख्य रूप से केंद्र सरकार की जन एवं श्रम विरोधी नीतियों और बैक के विलय के खिलाफ मंगलवार एवं बुधवार नौ जनवरी को दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल है। इसी के चलते बैंकों में कल भी कामकाज प्रभावित होगा। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश भर मे हड़ताल के दौरान बैंककर्मी नुक्कड और सभा कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बैंककर्मियों ने इसके पहले दिसंबर महीने के आखिरी सप्ताह में भी दो दिन हड़ताल की थी। इस हड़ताल और अन्य अवकाशों के चलते बैंकों में कई दिनों तक कामकाज प्रभावित हुआ था।

## 20 करोड़ कर्मचारी हड़ताल पर, बैंकिंग समेत दूसरी सेवाओं पर असर पड़ेगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रमिक संघों के 20 करोड़ कर्मचारी मंगलवार से 2 दिन की देशव्यापी हड़ताल पर हैं। इनका आरोप है कि सरकार की नीतियां श्रमिक विरोधी हैं। इसके खिलाफ प्रदर्शन के लिए हड़ताल का फैसला लिया गया। वेतन बढ़ोतरी समेत श्रमिक संगठनों की 12 सूत्रीय मांगें हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, टेलीकॉम, कोल, स्टील, बैंकिंग, इंश्योरेंस और ट्रांसपोर्ट सेक्टर में 10 श्रमिक संगठनों के कर्मचारी हड़ताल में शामिल हैं। इससे इन सेक्टर की सेवाओं पर असर पड़ेगा। एआईटीयूसी की महासचिव अमरजीत कौर ने सोमवार को कहा कि श्रमिक संगठन सरकार के एकतरफा श्रमिक सुधारों ➢शेष पेज 8 पर

### ये 10 श्रमिक संगठन हड़ताल में शामिल

| | |
|---|---|
| आईएनटीयूसी | टीयूसीसी |
| एआईटीयूसी | एसईडब्ल्यूए |
| एचएमएस | एआईसीसीटीयू |
| सीआईटीयू | एलपीएफ |
| एआईटीयूसी | यूटीयूसी |

### लोकसभा चुनाव : राहुल ने उप्र में अकेले चुनाव लड़ने के संकेत दिए, कहा- कांग्रेस को हल्के में लेना बड़ी भूल होगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने संकेत दिए। उन्होंने कहा- कई दिलचस्प चीजें हैं, जिन्हें कांग्रेस उत्तर प्रदेश में कर सकती है। उत्तर प्रदेश के लिए कांग्रेस का आइडिया काफी मजबूत है। ऐसे में हमें अपनी क्षमताओं पर पूरा भरोसा है और हम लोगों को चौंका देंगे। यह पहला मौका है जब राहुल ने उप्र में अकेले चुनाव लड़ने के बारे में संकेत दिए हैं।

इससे पहले बसपा और सपा ने मध्यप्रदेश में कांग्रेस को समर्थन दिया। राहुल ने कहा, हम सभी विपक्षी पार्टियों को साथ लाने का प्रयास कर रहे हैं। मैंने मीडिया में कुछ बयान सुने हैं, लेकिन हम मिलकर काम करने जा रहे हैं, हमें विश्वास है कि हम मोदी को हराएंगे। लेकिन मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि उप्र में कांग्रेस को हल्के में लेना बड़ी गलती है।'' राहुल ने कहा- हमारा पहला मकसद नरेंद्र मोदी को हराना है। जिन राज्यों में हम मजबूत हैं या हम पहले नंबर पर हैं, वहां भाजपा के खिलाफ अकेले चुनाव लड़ेंगे।

# आईपीएल 12वां : भारत में 23 मार्च से शुरू होगा टूर्नामेंट चुनाव के कारण विदेश में होने की चर्चा थी




वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

इंडियन प्रीमियर लीग का 12वां सीजन 23 मार्च से भारत में ही होगा। इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के कारण पहले इसके विदेश में होने की संभावना जताई जा रही थी। टूर्नामेंट के फाइनल की तारीख भी तय नहीं हुई, क्योंकि चुनाव आयोग ने अभी लोकसभा चुनाव की घोषणा नहीं की है। बीसीसीआई की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसियों से शुरुआती चर्चा के बाद आईपीएल देश में ही कराने का फैसला किया गया है। लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा के बाद ही पूरा शेड्यूल जारी किया जाएगा।

**भारतीय खिलाड़ियों को मिलेगा सिर्फ नौ दिन का वक्त :** 23 मार्च से आईपीएल शुरू होने का मतलब है कि इसमें हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को सिर्फ नौ दिनों का ही आराम मिलेगा। भारत को 13 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया के साथ घरेलू सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में पांच वनडे और दो टी-20 मुकाबले होंगे।

## दोनों अफसरों 23 अक्टूबर को भेज गए थे छुट्टी पर

# सीबीआई विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने निदेशक आलोक वर्मा को बहाल किया, लेकिन बड़े नीतिगत फैसले लेने से रोका

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई डायरेक्टर आलोक वर्मा को पद से हटाकर छुट्टी पर भेजने का केंद्र का फैसला मंगलवार को निरस्त कर दिया। शीर्ष अदालत ने वर्मा की बहाली का आदेश दिया। हालांकि, केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा उनके खिलाफ की जा रही भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच पूरी होने तक उन्हें बड़े नीतिगत फैसले लेने से रोक दिया। वर्मा और केंद्रीय जांच एजेंसी के नंबर-2 अफसर स्पेशल डायरेक्टर राकेश अस्थाना ने एकदूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। इसके बाद सरकार ने दोनों अफसरों को 23 अक्टूबर को छुट्टी पर भेज दिया था। वर्मा 31 जनवरी को रिटायर हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वर्मा के खिलाफ आगे का फैसला उच्चस्तरीय समिति करेगी, जो सीबीआई डायरेक्टर का चयन और नियुक्ति करती है। यह फैसला सीवीसी की जांच में आए नतीजों के आधार पर किया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि समिति की बैठक एक हफ्ते में बुलाई जानी चाहिए। ➢शेष पेज 8 पर



### राव को अंतरिम प्रमुख बनाने का आदेश भी निरस्त

शीर्ष अदालत ने वरिष्ठ आईपीएस अफसर एम नागेश्वर राव को सीबीआई का कार्यकारी प्रमुख बनाए जाने का केंद्र का आदेश भी निरस्त कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसा कोई कानून नहीं है कि सरकार चयन समिति की इजाजत के बगैर सीबीआई निदेशक को पद से हटाए। कोर्ट ने कहा कि नियुक्ति , पद से हटाने और तबादले को लेकर नियम स्पष्ट हैं।

**चीफ जस्टिस ने फैसला लिखा, दूसरी बेंच ने पढ़ा :** चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अगुआई वाली बेंच ने 6 दिसंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। हालांकि, मंगलवार को चीफ जस्टिस छुट्टी पर थे ऐसे में फैसला जस्टिस संजय किशन कौल और केएम जोसेफ की बेंच ने सुनाया। इस मामले में छुट्टी पर भेजे जाने के सरकार के फैसले के खिलाफ वर्मा और एनजीओ कॉमन कॉज ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सरकार ने दावा किया था कि सीवीसी की सिफारिश पर निष्पक्ष जांच के लिए दोनों अफसरों को छुट्टी पर भेजा गया।

# सिटीजनशिप संशोधन विधेयक सिर्फ असम के लिए नहीं, कांग्रेस का वॉकआउटः राजनाथ सिंह

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोकसभा में सिटीजन चार्टर बिल 2016 में बहस के दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि नागरिकता संशोधन विधेयक सिर्फ असम के लिए या किसी खास देश से आने प्रवासियों की बेहतरी के लिए नहीं है। यह बिल उन प्रवासियों के लिए भी है, जो पश्चिमी सीमाओं से आए हैं और राजस्थान, पंजाब और दिल्ली में बस गए हैं। बहस के दौरान कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा से वॉकआउट किया। लोकसभा में बहस के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि हम एनआरसी के प्रति कटिबद्ध हैं।



एनआरसी में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं किया जाएगा। गैरकानूनी तरीके से देश में आने वाले लोगों से (प्रवासियों) निपटने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। नारेबाजी के बीच उन्होंने कहा कि असम के लोगों के अधिकार, संस्कृति और रोजगार सुरक्षित है। एनआरसी में कोई भेदभाव नहीं है। राजनाथ ने कहा कि सरकार असम और बोडो लोगों के मुद्दों को उठा रही है। सरकार ने लंबे समय से लंबित मुद्दों के निवारण के उपाय किए हैं। वहीं कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने मांग की कि इस बिल को सेलेक्ट कमेटी के पास भेजना चाहिए।

➢शेष पेज 8 पर

# राज्यपाल के अभिभाषण पर अनुपूरक बजट से पहले चर्चा की मांग पर विपक्ष का हंगामा

### विपक्ष का आरोप- पहली बार टूट रही परंपरा यह राज्यपाल की अवमानना, कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा - 2010 में इसी तरह अनुपूरक बजट पर पहले हुई थी चर्चा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



विधानसभा सत्र के आज तीसरे दिन अनुपूरक बजट से पहले राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा न होने से प्रमुख विपक्षी दलों ने जमकर हंगामा किया। भाजपा सदस्यों ने इसे नई परंपरा बताते हुए राज्यपाल की अवमानना बताया। जोगी कांग्रेस ने भी भाजपा सदस्यों का साथ दिया। इस पर कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि 2010 में इसी तरह अनुपूरक बजट पर राज्यपाल के अभिभाषण से पहले चर्चा हुई थी। इस पर आसंदी ने पहले भी ऐसी व्यवस्था होने की बात कहकर विपक्षी दलों की आपत्ति को खारिज कर दिया।

विधानसभा में आज भाजपा के सदस्य काफ ी आक्रामक दिखे। उनका कहना था कि विधानसभा में अब तक की परंपरानुसार राज्यपाल के अभिभाषण के दूसरे दिन इस पर चर्चा होती है। लेकिन आज जैसे ही सत्र प्रारंभ हुआ राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा न कराते हुए अनुपूरक बजट पर चर्चा करानी शुरू की। इस पर भाजपा सदस्यों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि विधानसभा की यह परंपरा नहीं है। राज्यपाल के अभिभाषण के दूसरे दिन अभिभाषण पर चर्चा होती है और यही परंपरा रही है। भाजपा सदस्यों ने अनुपूरक बजट प्रस्ताव लाए जाने और इस पर चर्चा से इंकार करते हुए सबसे पहले अभिभाषण पर चर्चा कराने की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

इस पर पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर टोकाटाकी चली। भाजपा सदस्यों ने इसे राज्यपाल का अपमान बताते हुए कहा कि यह विधानसभा की परंपराओं को बदलने का प्रयास हो रहा है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत ने सभी सदस्यों को शांत कराया। विपक्ष के हमलों का जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा- आरोप लगाने और हंगामा करने वाले सदस्य यह भूल गए हैं कि वर्ष 2010 में सत्तासीन दल ने इस परंपरा की शुरूआत की है। तब भी सदन में अभिभाषण पर चर्चा न कराते हुए दूसरे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कराई थी।

तब विपक्ष के आपत्तियों को खारिज कर दिया गया था। इस पर भाजपा सदस्य बृजमोहन अग्रवाल ने आसंदी से कहा कि यह परंपराओं के विरुद्ध हैं, उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि आपने अध्यक्ष की शपथ लेते समय यह कहा था कि विधानसभा की परंपराओं को आगे ले जाएंगे। ऐसी व्यवस्था देंगे कि देश-विदेश में छत्तीसगढ़ विधानसभा की एक अलग छवि बनेगी और सदन का नाम रौशन होगा। आज सदन की परंपरा टूटती नजर आ रही है।

संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि वर्ष 2010 में भी इसी तरह अभिभाषण पर चर्चानहीं कराते हुए दूसरे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कराई गई थी।

तो आज दूसरे विषयों पर चर्चा क्यों नहीं हो सकती? इस पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि तब क्या परिस्थितियां थी और किन विषयों पर चर्चा हुई थी? इस बात की भी जानकारी होनी चाहिए। इस पर रविन्द्र चौबे ने सवाल उठाया कि अनुपूरक बजट में किसानों की ऋण माफी के लिए राशि का प्रावधान है। क्या यह महत्वपूर्ण विषय नहीं है? इस पर आसंदी ने कहा कि चूंकि पूर्व में भी इस तरह की स्थिति बनी थी और दूसरे विषय पर चर्चा हुई थी। यह भी सदन की परंपरा में है, इसलिए मैं विपक्ष की आपत्ति को खारिज करता हूं। इसके बाद आसंदी ने अनुपूरक बजट प्रस्तुत करने तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम पुकारा।

## गृहमंत्री ताम्रध्वज के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की सूचना अग्राह्य, विपक्ष का सदन से वाकआउट

गृह एवं धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू के खिलाफ आज विधानसभा में लाए गए विशेषाधिकार हनन की सूचना पर चर्चा का अवसर नहीं दिए जाने पर विपक्षी भाजपा विधायकों ने हंगामा करते हुए सदन से वाक आउट किया। भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि विधानसभा सत्र का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद कोई भी मंत्री नीतिगत मामलों में सदन के बाहर किसी तरह की कोई घोषणा नहीं कर सकता लेकिन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने राजिम कुम्भ पर ऐसा किया। इस पर मैंने विशेषाधिकार हनन की सूचना दी है, जिस पर चर्चा कराई जाए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि आपकी सूचना विलंब से 10 बजे प्राप्त हुई, इस पर मैं विचार कर रहा हूं अभी ग्राह्य नहीं हुई है इसलिए अभी इस पर चर्चा नहीं कराई जा सकती।



भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा अगर कोई सदस्य अपनी बात रखे तो सुना जाना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने विशेषाधिकार की इस सूचना को स्वीकार करने का अनुरोध किया। विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सूचना स्वीकार करने योग्य नहीं है। सूचना अग्राह्य होने पर सारे भाजपा विधायक नारेबाजी करते हुए सदन से वाक आउट कर गए।

## दिवंगतों को दी गई श्रद्धांजलि

विधानसभा शीतलकालीन सत्र के तीसरे दिन आज विधानसभा में पूर्व सांसद मोहन भईया, अविभाजित मध्यप्रदेश में मंत्री रहे प्रभुनारायण त्रिपाठी, पूर्व विधायक रामेश्वर प्रसाद कोसरिया तथा पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह के निधन का उल्लेख करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। दिवंगत विभूतियों को याद करते हुए सदन में दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद 5 मिनट के लिए विधानसभा की कार्रवाई भी स्थिगित की गई। विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत के बाद क्रमशः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, भाजपा विधायक दल की ओर से, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के धरमजीत सिंह ने स्वर्गीय पद्मश्री श्यामलाल चतुर्वेदी को भी आसंदी से अनुमति मांगते हुए निधन का उल्लेख कर श्रद्धांजलि दी और यह नाम पूर्व में उल्लेखित पांच लोगों के अतिरिक्त सदन में प्रस्तुत सूची में जोड़ने का आग्रह किया। विधानसभा अध्यक्ष ने इसे स्वीकार कर लिया। पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मोहन भईया से जुड़ा संस्मरण सुनाया। संसदीय मंत्री रविन्द्र चौबे द्वारा दिवंगतों के निधन के उल्लेख के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने 6 दिवंगतों से जुड़े संस्मरणों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब वे कलेक्टर थे तब उनके क्षेत्र में मंत्री प्रभुनारायण त्रिपाठी आया करते थे वे उनके प्रशासनिक सूझबूझ से प्रभावित थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह निलंबित विपक्ष ने किया जमकर हंगामा



शीतकालीन सत्र में आया उबाल पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह निलंबित। सदन में अनुपूरक बजट पर चल रही है चर्चा। इस दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया गर्भ गृह में हो-हल्ला करने के मामले में नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक को भी निलंबित कर दिया हैं। वहीं डॉ. रमन विपक्ष में है इसलिए अपने सभी विधायकों के साथ धरने पर बैठ गए हैं। इस दौरान सत्ता पक्ष के मंत्रियों ने पूर्व मुख्यमंत्री पर कुछ तंज भी कसे आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि आप को हमेशा बड़े औधे में बैठे देखे है इसलिए जमीन पर बैठे देखना अच्छा नहीं लगाता। डॉ रमन ने उनकी बातों को सुनकर हस कर टाल दिया। वहीं सत्र के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा हैं। उन्होंने कहा कि 15 साल तक रमन सरकार ने अधिकारियों का इस्तेमाल कैसे किया है यह अब दिखने लगा है। अभी तो थोड़ी ही फाईलों की धूल हटी है और शोर गुल शुरू हो गया हैं।

## सवर्णों को आरक्षण के मुद्दे पर सदन में हंगामा बृजमोहन की मांग पर चौबे ने जताई आपत्ति



छत्तीसगढ़ विधानसभा के तीसरे दिन केंद्र सरकार द्वारा सवर्णों को 10 फीसदी आरक्षण के मुद्दे पर गहमागहमी की स्थिति बन गयी। दरअसल पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने सदन से केंद्र को धन्यवाद प्रकट करने का निवेदन किया। लेकिन संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चौबे समेत कांग्रेस विधायकों ने इसका विरोध किया। भूपेश ने पूछा- अलबर्ट पिंटो को गुस्सा क्यों आता है, चंद्राकर ने कहा कि मेरा स्वभाव ही ऐसा है। किसानों का बहीखाता विपक्ष ने तैयार किया था आपने खादबीज के अलावा शून्य प्रतिशत अन्य ऋण के लिए बना रहे है। लिकिंग की राशि को माफ किया गया है। जबकि अपने घोषणापत्र में वादा किया था लेकिन झुनझुना पकड़ा दिया। इस साल का कर्ज पूरा माफ साथ ही उन डिफाल्टर किसानों का कर्ज भी माफ किया है। हम सभी बैंकों का कर्ज माफ करेंगे। रिपोर्ट आने के बाद माफ किया जाएगा।



2008 में एमएसपी और बोनस केंद्र दे रही थी राज्य सरकार से पांच रुपए देने की मांग की थी लेकिन सरकार ने भावना को नहीं समझा। हमने किसानों पर अहसान नहीं किया मेहनत किसानों की भावना का सम्मान किया है। किसानों का कर्ज माफ करो नुकसान की भरपाई करने की मांग को लेकर बहिर्गमन कर दिया। बजट भाषण पूरा किया बहुमत होने के बाद बहुमत से पास कर दिया। जब बृजमोहन का सदन में रूंध गया गला, आंखें डबडबायी, बोले - ऐसा अपमान आज तक सदन में कभी नहीं सहा-. रविंद्र चौबे ने जताया खेद।

### मुख्यमंत्री बघेल ने कहा किसान विरोधी बाहर चले गए

विशेषाधिकार हनन की सूचना पर चर्चा करवाने की मांग कर रहे भाजपा विधायकों ने मंगलवार को सदन से वाकआउट कर दिया। भाजपा विधायकों के वाकआउट पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने टिप्पणी की कि किसान विरोधी सब बाहर चले गए।

## मान-मनौव्वल के बाद आखिरकार सदन का गतिरोध खत्म हुआ

विपक्ष वेल से उठने के तैयार हुआ, तो वहीं स्वयंमेव निलंबित हुए विधायकों का निलंबन विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने खत्म कर दिया। इधर संसदीय कार्यमंत्री



रविंद्र चौबे ने विपक्ष से व्यवहार को लेकर खेद व्यक्त किया। वहीं वरीष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि हमने 29 सालों में इस तरह का अपमान सदन में कभी नहीं सहाज्ये कहते-कहते बृजमोहन अग्रवाल का गला रूंध गया। उन्होंने कहा कि 60 साल में ऐसा अपमान कभी नहीं हुआ, इस अपमान के बाद उन्होंने जो कुछ बातें कही, उसके लिए वो खेद व्यक्त करते हैं। उन्होंने उम्मीद जतायी कि सत्ता पक्ष की तरफसे इस तरह का व्यवहार आगे कभी नहीं होगा। वहीं विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने कहा कि सदन में सदस्य एक-दूसरे के सम्मान का ख्याल रखें।

## बीमारी से पीड़ित छात्रा का मददगार साबित हुआ रावतपुरा संस्थान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल से सुनहरे भविष्य के सपने लेकर पढ़ाई के लिए छत्तीसगढ़ आई एक बेटी की मदद के लिए श्रीरावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ने अपने हाथ आगे बढ़ाये हैं। अटल नगर स्थित रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट में डीएड सेकंड ईयर की छात्रा प्रियंका घोष की सालभर की फीस संस्थान ने माफ कर दी है। अब संस्थान छात्रा के इलाज पर आने वाले खर्च का जिम्मा उठाने की तैयारी में है। पीजीडीसीए, एमबीए करने के बाद छात्रा डीएड फाइनल ईयर की पढ़ाई कर रही है, लेकिन वेस्कुलाइटिस पेन नामक श्रेयरेस्ट ऑफरेयर, बीमारी ने उसे आ घेरा है। इस बीमारी में शरीर के अंग धीरे-धीरे गलने लगते हैं और पूरे शरीर में असहनीय दर्द होता है। छात्रा का सीएमसी वेल्लूर के बाद कोलकाता के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। छात्रा को चेकअप के लिए हर छह महीने में एक बार कोलकाता जाना पड़ता है। वर्ष 2006 से छात्रा इस बीमारी से पीड़ित है। लेकिन वर्ष 2014 में वेस्कुलाइटिस पेन बीमारी का पता चला। छात्रा को हर महीने करीब दस से बारह हजार रुपये की दवाइयां खरीदनी पड़ती हैं। कई बार रुपयों का इंतजाम नहीं हो पाने से दवाइयां भी नहीं खरीद पाती है।

### माली हालत नहीं है ठीक

छात्रा के माता-पिता कोलकाता में रहते हैं, बीते दिनों एक हादसे में छात्रा की मां की रीढ़



की हड्डी फैक्चर हो गई, जिसके बाद खेती-किसानी करके उसके पिता बमुश्किल छोटे बेटे की पढ़ाई का खर्च, पत्नी का इलाज और घर का खर्च चला रहे हैं। पिता की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि अपनी बेटी के इलाज की सभी दवाएं खरीद सकें।

## कोलंबिया स्कूल का यूएसए के 8 सदस्यों ने दौरा किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

डिस्ट्रिक्ट 6540, हंटिंगटन, इंडियाना, यूएसए के 8 सदस्यों ने रोटरी क्लब, रायपुर ग्रेटर के सदस्यों के साथ कोलंबिया ग्लोबल स्कूल परिसर का दौरा किया। यह दौरा रोटरी क्लब इंटरनेशनल कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत था तथा इस अवसर पर विवेक रंजन, किशोर जादवानी और हरजीत सिंह हुरा इत्यादि मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत स्कूल के निदेशक रविन्द्र सिंह हुरा और प्रिंसिपल इवान स्मिथ द्वारा किया गया। स्कूल की योग टीम ने अपने कोच नरेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में अपनी योगा परफॉर्मेंस से उन्हें रोमांचित किया।



प्रत्येक सदस्य के संक्षिप्त परिचय के बाद, स्कूल के छात्रों ने स्कूल द्वारा आयोजित रूबरू कार्यक्रम के तहत उनके साथ बातचीत शुरू की, जहाँ छात्र जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से परिचित होते हैं। कई छात्र उनके और उनकी संस्कृति के बारे में जानने के लिए जिज्ञासु थे।

हेड बॉय मास्टर अमन साहू और हेड गर्ल रिद्धिमा तनवानी सहित कई छात्रों ने उन्हें भारत के अपने अनुभवों को साझा करने के लिए कहा और वे कौन सी बातें थीं जिन्होंने उन्हें भारत के बारे में सबसे अधिक आकर्षित किया, जिसके लिए उन्होंने भारतीयता का आतिथ्य का उत्तर दिया। यह पूछे जाने पर कि क्या वे फि र से भारत आएंगे या नहीं, इन सभी ने खुशी-खुशी जवाब दिया हाँ! निश्चित रूप से । सदस्यों को टीचिंग-लर्निंग के माहौल से अवगत कराया गया, इस बात से वे अत्यंत अभिभूत थे कि कोलंबिया ग्लोबल स्कूल में पर्यावरण का ध्यान रखा जा कर बच्चों के सर्वांगीण विकास को भी महत्व दिया जाता है विदाई अवसर पर उन्हें कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

## रायपुर पहुंचे 18 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने सराहा स्मार्ट सिटी की विकास योजनाओं को

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मसूरी के निर्देशन में भारत दर्शन कार्यक्रम के तहत शीतकालीन अध्ययन सत्र के लिए 18 प्रशिक्षु आई.ए.एस. अधिकारियों के दल ने आज रायपुर स्मार्ट सिटी मिशन व नगर पालिक निगम की योजनाओं का अध्ययन किया। इस दौरान सभी प्रशिक्षु अधिकारीयों ने महापौर श्री प्रमोद दुबे व कमिश्नर श्री रजत बंसल से भी मुलाकात की और नागरिक सहभागिता के साथ नगर विकास के लिए बनी कार्य योजनाओं व इस हेतु किए जा रहे प्रयासों की बारीकियों को विस्तार से समझा। प्रशिक्षु अधिकारियों का यह दल नालंदा परिसर, नेकी की दीवार, कटोरा तालाब, मरीन ड्राईव, बी.एस.यू.पी. व्यवस्थापन, आनंद समाज वाचनालय जाकर नगर पालिक निगम व रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा निष्पादित विकास योजनाओं को देखा। तेलीबांधा तालाब में जैविक पद्धति से जल शुद्धिकरण की तकनीक को भी प्रशिक्षु अधिकारियों ने बारीकी से समझा। उन्होंने तालाबों के संरक्षण के लिए अवैध अतिक्रमण को हटाकर तालाबों के रखरखाव और इसको भव्य स्वरुप में लाकर नागरिकों के उपयोग में लाने की बड़ी सोच की प्रशंसा की। इस अध्ययन दल ने नालंदा परिसर की भव्यता की भी सराहना करते हुए इसे अध्ययनशील छात्र-छात्राओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि कहा। नालंदा परिसर में प्रशिक्षु अधिकारी सिविल सेवा की तैयारियों में जुटे प्रतिभागियों से भी चर्चा की एवं अपने अनुभव साझा किए। अध्ययन दल ने जन भागीदारी से शहर विकास की परिकल्पना को समझने महापौर प्रमोद दुबे व नगर निगम आयुक्त रजत बंसल से मुलाकात की। दल ने नगर विकास में जन सहभागिता के विज़न के साथ विकास योजनाओं के निर्माण व क्रियान्वयन की बारीकी को भी विस्तार से समझा। यह अध्ययन दल कल आई.टी.एम.एस., दक्ष परिसर, तालाब सौंदर्यीकरण नगरी क्षेत्र में जल आपूर्ति प्रणाली व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली का भी अध्ययन करेगा।

## श्रम विभाग के सहायक आयुक्त को विशाखा कमेटी ने पाया महिला उत्पीड़न के मामले में दोषी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सहायक श्रमायुक्त शोएब काजी पर प्लेसमेंट महिला कर्मी के साथ यौन प्रताड़ना का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला कर्मी की ओर से इसकी शिकायत रायपुर के मौदहापारा थाने में 2 महीने पहले की गई जिसमे विभागीय जांच के लिए विशाखा कमिटी का गठन किया गया था। जांच में सहायक श्रामायुक्त काजी दोषी पाए गए।

पीडिता ने शिकायत की थी की श्रम विभाग के सहायक श्रमायुक्त की ओर से उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी देकर प्रताड़ित किया जा रहा था। सहायक श्रमायुक्त शोएब काजी, सहायक लिपिक और स्वीपर को श्रम विभाग की प्लेसमेंट कर्मी को यौन प्रताडऩा देने का आरोप विशाखा कमेटी की जांच में सहीं पाया गया है।

इन तीनों के खिलाफकमेटी ने सजा देने की अनुशंसा की है। इस मामले की शिकायत प्लेसमेंट के तहत लेखापाल का काम कर रही प्लेसमेंट कर्मी महिला ने की थी। मामले की शिकायत पुलिस में भी दर्ज कराई गई थी। इस मामले की सुनवाई आंतरिक जांच समिति ने की थी। महिला कर्मी ने पुलिस से की गई शिकायत में कहा था कि शोएब काजी उसे दो माह से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। साथ ही नौकरी से निकालने की धमकी भी दे रहे हैं।

इस मामले में आरोपी के रूप में लिपिक जयपाल निराला और स्वीपर देवीप्रसाद निर्मलकर का नाम भी शामिल था। महिला प्रताडऩा से संबंधित केस होने के कारण विभाग की विशाखा कमेटी से जांच कराने के लिए श्रमायुक्त कार्यालय को पत्र भेजा था। इसके बाद पिछ्ले साल अगस्त में विभाग ने विशाखा कमेटी का गठन किया था। प्रारंभिक जांच के बाद समिति ने आरोपियों के खिलाफआरोप तय किए थे।

**शुभारंभ** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री, शुभारंभ करेंगे केन्द्रीय वन मंत्री डॉ. हर्षवर्धन

## 24वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता का आयोजन आज से

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा 24वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 13 जनवरी के मध्य स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. हर्षवर्धन 9 जनवरी की शाम चार बजे करेंगे।

उक्ताशय की जानकारी छत्तीसगढ़ वन प्रशिक्षण एवं अनुसंधान परिषद के सभागार में आयोजित पत्रकारवार्ता में छत्तीसगढ़ के वन मंत्री मोहम्मद अकबर एवं खेल युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने दी। पत्रकारवार्ता में मंत्री द्वय ने बताया कि उक्त खेल प्रतियोगिता में 29 प्रदेशों एवं 7 केन्द्र शासित प्रदेशों के 2400 पुरूष एवं महिला खिलाड़ी शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ से 250 खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। खेलों में मुख्यतः एथलेटिक्स, आर्चरी, बेडमिंटन, बास्केटबाल, बिलियर्डस, स्नूकर, ब्रिज, कैरम, शतरंज, क्रिकेट, साइक्लिंग, फूटबाल, गोल्फ, हॉकी, कबड्डी, लॉन टेनिस, शूटिंग, स्क्वेश, तैराकी, टेबल टेनिस, व्हॉलीबाल, वेट/पावर लिफ्टिंग एवं रस्साकशी में खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी वी.वी.एस. लक्ष्मण कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होंगे। इनके अलावा पंजाब, बिहार, केन्द्र शासित राज्यों के वन एवं प्रमुख सचिव के साथ केन्द्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के महानिदेशक शामिल होंगे। प्रतियोगिता पुरूष ओपन वर्ग में 45वर्ष की आयु, महिला 40 वर्ष की आयु तक, वेटरन वर्ग पुरूष 45 वर्ष से 53वर्ष, महिला 40 वर्ष से 50 वर्ष। सीनियर वेटरन वर्ग पुरूष 53 वर्ष से अधिक एवं महिला 50 वर्ष से अधिक की प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। पत्रकारवार्ता में मोहम्मद अकबर एवं उमेश पटेल ने बताया कि अखिल भारतीय खेल स्पर्धा के दौरान देश भर से आए खिलाड़ियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत छत्तीसगढ़ी लोककला, राजस्थानी लोककला, सुगम संगीत प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश के एवं अन्य प्रदेशों के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

29 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से आए खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ के पर्यटनों स्थलों की भी जानकारी पर्यटन प्रदर्शनी के माध्यम से दी जाएगी। खेल प्रतियोगिता का लोगो राजकीय पशु वन भैंसा एवं शुभांकर होगा। पत्रकारवार्ता में अपर मुख्य सचिव वन सी.के. खेतान ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस विशाल आयोजन के लिए प्रदेश शासन द्वारा 9 करोड़ रूपए की राशि व्यय के लिए आबंटित की गई है।

उन्होंने बताया कि खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन प्रदेश के लिए चुनौती है। हम इस चुनौती के माध्यम से छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ियों के लिए एक मजबूत एवं अच्छा प्लेटफार्म तैयार करेंगे ताकि आने वाले वर्षों में यहां के खिलाड़ी देश विदेश की प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम विश्व में रौशन करेंगे। पत्रकारवार्ता में मुख्य वन संरक्षक मुदित कुमार सिंह, वन सचिव राकेश चतुर्वेदी एवं भारतीय वन सेवा के अधिकारी उपस्थित थे।


अध्यक्ष - शहर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर
मान. गिरीश दुबे जी
को जन्मदिन की
हार्दिक
शुभकामनाएं
अरशद अली
पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री
छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग)
आदिल अहमद अशरफी
पूर्व उपाध्यक्ष, रायपुर ग्रामीण कांग्रेस,अल्पसंख्याक विभाग

## क्विक न्यूज़

### चंचल देवांगन उपाध्यक्ष नियुक्त



**किरंदुल।** नगर के शासकीय सिविल अस्पताल के लैब टेक्निशियन चंचल कुमार देवांगन को छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष पद की नियुक्ति प्रताप नारायण कटियार जिला अध्यक्ष दंतेवाड़ा ने संघ संविधान में प्रदत्त अधिकारों एवं शक्तियों का प्रयोग करते हुए मनोनीत किया। जिले के नए उपाध्यक्ष चुने जाने पर चंचल कुमार ने जिला अध्यक्ष तथा संघ के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### इंद्रावती नदी के किनारे ही बना दिया गया कचरा संग्रहण केंद्र

**जगदलपुर।** बस्तर की जीवन दायनी इंद्रावती नदी से महज करीब 25 मीटर की दूरी पर ही नगर निगम द्वारा कचरा संग्रहण केंद्र बनाया गया है। यहां पर शहर का कचरा लाकर यहां छंटनी भी की जा रही है। जबकि नियमानुसार यह नहीं होना चाहिए जानकारी के अनुसार अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर अमृत मिशन के तहत शहर में चार जगहों पर कचरा संग्रहण केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से एक कचरा संग्रहण केंद्र प्रवीर वार्ड में बनाया गया है।

### ड्राइविंग लायसेंस प्राप्त करना अब आसान नहीं रहा

**जगदलपुर।** गत एक माह में 18 लोगों के ड्राइविंग लायसेंस प्राप्त करने के आवेदन उनका ट्रायल लेने के मध्य ही रद्द कर दिये गये। जानकारी के अनुसार इसका प्रमुख कारण यह है कि सड़क दुर्घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है और परिवहन विभाग ने लोगों को जारी किये जाने वाले लायसेंस की प्रक्रिया को कठिन व कड़ा कर दिया है। थोड़ी सी भी गलती अब माफ नहीं की जायेगी। जिनके आवेदन रद्द किये गये हैं। उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर फिर से आवेदन करने की सलाह यातायात विभाग ने प्रदान की है।

### स्पीड ब्रेकरों को उखाड़ने के बाद बिगड़ी सड़कों की सूरत

**जगदलपुर।** प्रमुख सड़कों पर यत्र-तत्र बनाये गये स्पीड ब्रेकरों को उखाड़ने व हटाने का कार्य तेजी से शुरू हो गया है और इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कर रहा है। इस आदेश के तहत शहर की हर सड़क पर बने अवरोधकों को हटाकर सड़क में सुगमता से यातायात प्रवाह रखने की कोशिश की जा रही है। इस सबके बीच अवरोधकों को हटाये जाने से सड़कों की हालत खराब हो रही है। जिससे लोगों के लिए और अधिक परेशानियां बढ़ गई हैं। कुछ जगहों पर सड़क पर पैचवर्क कर इसे सुधारा जा चुका है, लेकिन अधिकांश जगहों से हटाए गए स्पीड ब्रेकरों के बाद सड़कों को नहीं सुधारने से सड़के अपनी दुर्दशा की कहानी कह रही है।

# श्रमिक संघों की हड़ताल से एनएमडीसी का उत्पादन ठप

**पायनियर संवाददाता < किरंदुल**
www.dailypioneer.com

देश के सभी प्रमुख श्रमिक संगठनों के द्वारा केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रस्तावित 8. 9 जनवरी की राष्ट्र व्यपायी हड़ताल को समर्थन देते हुए एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में कार्यरत श्रमिक संघ संयुक्त खदान मजदूर संघ एटक एवं मेटल माइन वर्कर्स यूनियन, इंटुक के सदस्यों ने श्रमिक संगठनों की 2 दिवसीय हड़ताल का आगाज करते हुए एनएमडीसी किरंदुल परियोजना का उत्पादन बंद कर हड़ताल को सफल बनाया। आज सुबह से ही कर्मचारियों ने प्रथम पाली की ड्यूटी बस को प्रशासनिक भवन के सामने रोककर, प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

हड़ताल की पूर्व संध्या पर दोनों श्रमिक संगठनों के द्वारा स्थानीय बसस्टैंड से विशाल रैली निकाली गई जो कि सम्पूर्ण नगर का भ्रमण करते हुए स्थानीय फुटबॉल ग्राउंड में आम सभा के रूप में तब्दील हुई। आम सभा को सम्बोधित करते हुए खदान मजदूर संघ किरंदुल शाखा के सचिव राजेश संधू ने कहा कि देश भर के समस्त श्रमिक संगठनों के आव्हान पर एनएमडीसी



परियोजना में कार्यरत समस्त कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे ।उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 12 सूत्री मांगों के साथ साथ हमने इस हड़ताल में कुछ स्थानीय मांगों को भी शामिल किया है, जिसमें मुख्य मांग 13 नंबर खदान के निजीकरण का विरोध है। आज की इस आम हड़ताल के दौरान किरंदुल परियोजना का तीनो पाली का उत्पादन बंद रहा, एनएमडीसी कर्मियों के साथ साथ ठेका श्रमिकों ने भी सुबह से ही खदान की ओर जाने वाली ड्यूटी बसों को रोका एवं एनएमडीसी प्रशासनिक भवन के सामने स्थित सी आई एस एफ चेक पोस्ट पर हजारों की संख्या में बैठकर केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते रहेए इस बंद के दौरान जहाँ एनएमडीसी का उत्पादन बंद रहा वही दूसरी तरफ नगर के परियोजना स्कूलए डी ए वी स्कूल, प्रकाश विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय भी बंद रहे । श्रमिक संगठनों के इस बंद को बैलाडीला व्यपारी संघ ने समर्थन नहीं दिया तथा स्थानीय मैन मार्केट के व्यापारियों ने अपनी दुकानें खुली रखी ।

मजदूर संघों की प्रमुख मांगों में न्यूनतम वेतन का निर्धारण, सभी को पेंशन, निजीकरण का विरोध, श्रम संघ कानूनों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना आदि सहित कुल 15 सूत्रीय मुद्दे हैं। आम सभा को वेंकट, दिलीप सिंह, अशोक अग्रवाल, बी एल तारम, दिनेश साहू ने भी संबोधित किया।

### गीदम में ठगों का आतंक, सर्फ का प्रचार करने पहुंचे थे

# तीन ठगों ने पहले बर्तन साफ किया फिर सोना

**पायनियर संवाददाता < गीदम**
www.dailypioneer.com

चोरी की वारदात लगातार बढ़ती जा रही थी लेकिन अब दिनदहाड़े ठगों का आतंक भी बढ़ने लगा है । ऐसा ही एक मामला गीदम थाने में आया है । जहाँ तीन ठग एक घर से करीब दो तोला सोना लेकर फरार हो गए । पुलिस ठगो के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया है और इसकी तलाश कर रही है ।

मंगलवार की दोपहर नगर के वार्ड क्रमांक 12 में रहने वाली केशर बाई के घर में तीन ठगी पहुंचे । तीनों ने सर्फ विक्रेता बताकर केशर बाई को अपना परिचय दिया । सिर्फ इतना ही नहीं ठगो ने सर्फ की गुणवत्ता दिखाने केशर बाई के घर के बर्तन भी चमका दिए । इसके बाद ठगों ने सोना-चांदी साफ करने की भी बात कही और केशर बाई से सोना साफ करने के लिए उसका चैन ले लिया । जिसके बाद मौका मिलते ही तीनो ठगी फरार हो गए । वही पास के ही घर का एक युवक ठगों का पीछा किया लेकिन वह उसे पकड़ने असफल रहा । घटना मंगलवार दोपहर की है जब केशर बाई के घर मे सिर्फमहिलाएं मौजूद थी जो ठगों के गतिविधियों को नहीं समझ पाई और अपना सोना साफ करने के लिए दे दिया । नतीजन ठगो ने पचास हजार का सोना दिनदहाड़े पार कर दिया । जानकारी के मुताबिक तीनों ठग एक सिल्वर रंग की बाइक में थे जिसके नम्बर प्लेट में सोल्ड लिखा था। फिलहाल गीदम थाना में ठगो के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है । गीदम थाना प्रभारी विजय यादव ने कहा प्रत्यक्षदर्शी के साथ ठगों की तलाश की जाएगी और साथ ही ऐसे ठगों से सावधान रहने के लिए भी कहा है।



### ठगो ने ऐसे किया सोना पार



बर्तन कि सफाई के बाद ठगों ने साफकरने के लिए केशर बाई के गले की चैन मांगा । इसे साफकरने के लिए टिफिन में पानी डाला और उसमें सर्फमिलाया । इसके बाद ठगों ने हल्दी मांगी और उसे मिलाया जिससे पानी पूरी तरह लाल हो गया । इसके बाद टिफिन को बंद करके उसे गर्म करने के लिए कहा और साथ ही टिफिन में हाथ नही डालने की भी चेतावनी दी । टिफिन को गर्म करने घर की महिलाएं अंदर गई और एक बार टिफिन में हाथ डालकर देख ही लिया उसके बाद सभी सकते में आ गए टिफिन में सिर्फ लाल पानी था । क्योंकि चैन तो ठगों के पास था और बाहर आते तक सारा खेल खत्म हो गया । ठग फरार हो चुके थे ।

**टिफिन में हाथ नहीं डालने की भी चेतावनी दी**

# चिकित्सक समय पर उपस्थित रहे मरीजों को न भटकना पड़े : कलेक्टर

### लोकसेवा गारंटी में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय पर हो

**पायनियर संवाददाता < नारायणपुर**
www.dailypioneer.com

नारायणपुर कलेक्टर पीएस एल्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि अस्पताल में समय पर चिकित्सक और स्टॉफ उपस्थित हो। ताकि मरीजों को न भटकना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने शौचालय की साफसफाई और पर्याप्त बिजली की व्यवस्था करने को कहा। अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप आम नागरिकों को जनोपयोगी सेवाएं निर्धारित समय.सीमा में उपलब्ध करायें।

उन्होंने लोकसेवा केन्द्रों पर दी नागरिकों को दी जारी सुविधाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोकसेवा गारंटी अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों, उनके निराकरण समय सीमा में करें। उन्होंने लंबित प्रकरणों को हर हाल में 15 जनवरी से पहले निराकृत करने को कहा। उक्त सभी बातें कलेक्टर ने यहां कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में समय.सीमा की बैठक में कही। इस अवसर पर उन्होंने माड़ महोत्सव, बासिंग मेला- 2019 एवं अबूझमाड़ हॉफमैराथन की तैयारियों को अन्तिम रूप दिया। उन्होंने आमंत्रण.पत्र वितरण और प्रमाण पत्र आदि की भी जानकारी ली।

कलेक्टर ने समय.सीमा के विभिन्न विभागों के जिला स्तर पर लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने लंबित प्रकरणों को सात दिवस के भीतर निराकृत करने को कहा।

उन्होंने कन्हारगांव में सड़क मजदूरी के भुगतान के संबंध में लोक निर्माण विभाग से वस्तुस्थिति जानी। अधिकारियों ने बताया कि सभी को मजदूरी का भुगतान कर दिया गया हैए कुछ गलतफहमी थी उसे दूर कर दिया गया है। कलेक्टर ने क्रेडा द्वारा लगाई जा रही सोलर बिजली के रख.रखाव और तुरंत मरम्मत की जरूरी समझाइश दी। उन्होंने आगंनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए सभी जरूरी व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने धान खरीदी और धान उठाव की भी जानकारी ली।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अशोक चौबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी, एसडीएम भूपेन्द्र साहू, डिप्टी कलेक्टर एसएन बाजपेयी, दिनेश कुमार नाग समेत विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# एनएमडीसी में 10 दिवसीय योग शिविर का आयोजन

**पायनियर संवाददाता < बचेली**
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी बचेली काम्प्लेक्स द्वारा मंगल भवन में 10 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रसिद्ध योग गुरु श्री ब्रम्हानंद सरस्वती दंडकारण्य आयुर्वेद एवं योग संस्थान भैरमगढ़ बचेली नगरवासियों को योग की शिक्षा प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम 15 जनवरी तक चलेगा समय सुबह 6 बजे से 7 बजे एवं सन्ध्या 6. 30 से 7.30 तक चलेगा इस दौरान योग के विभिन्न आसानों की सूक्ष्म जानकारी योग गुरु द्वारा प्रदान की जाएगी।

गौरतलब है कि एनएमडीसी बचेली काम्प्लेक्स की तरफ से इस 10 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसका मकसद आज कल की भाग दौड़ भरी जिंदगी असमय खान पान अत्यधिक तनाव की वजह से शरीर कई तरह के रोगों जैसे शुगर ए बीपी ए अस्थमा ए थायराइड ए डिप्रेशन जैसी अनेक बीमारियों की चपेट




में हर कोई आ जाता है। योग द्वारा एवं उचित खान पान से बड़ी आसानी से इन सभी बीमारियों पर काबू पाया जा सकता है। घरेलू महिलाएं सबसे ज्यादा समय अभाव की वजह से इन बीमारियों से ग्रसित हो जाती है। योग एक ऐसी क्रिया है जो किसी भी पर्याप्त स्थान में किया जा सकता है। एनएमडीसी निरंतर ही अपने कर्मचारियों के स्वास्थ हेतु इस तरह के आयोजन करती आ रही है। इस योग शिविर के सुभारम्भ में बचेली नगर की महिलाओं एवं पुरुषों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम में एनएमडीसी संयुक्त महाप्रबंधक पी मजूमदार सहित अधिकारीगण कर्मचारीगण एवं योग आचार्य ब्रम्हानंद सरस्वती जी अपोलो के सीएमएए डॉ हक मौजूद रहे।

# थाना पामेड़ में सामुदायिक पोलिसिंग खेल प्रतियोगिता व सामग्री वितरण

**पायनियर संवाददाता < बीजापुर**
www.dailypioneer.com

दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन में थाना पामेड़ पुलिस द्वारा कम्युनिटी पुलिस सिविक एक्शन का कार्यक्रम थाना प्रभारी हृदय पटेल, उप निरीक्षक भास्कर शर्मा व समस्त थाना स्टाप के द्वारा ग्राम पामेड़ में आयोजित किया गया । जिसमें पामेड़ गांव के साथ साथ एमपुर, जारपल्ली, टेक लेर, उड़तामल्ला, धरमावरम के ग्रामीण व हायर सेकेंडरी स्कूल, हाई स्कूल, मिडिल स्कूल व प्राथमिक शाला पामेड़ के स्कूल स्टाफव छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

ग्रामीण व बच्चे मिलाकर लगभग 600 लोग उपस्थत थे स्कूल के बच्चों ग्रामीणों व पुलिस स्टाफ के बीच वालीबाल,कुर्सी दौड़, बोरा दौड़, चाकलेट





दौड़ रस्सा खींच प्रतियोगिता कराया गया । वालीबाल में एसटीएफ पामेड़ को हराकर पामेड़ ग्रामीण टीम विजयी रहा । पामेड़ के स्कूल टीम ने पामेड़ ग्रामीण बी को हराया।

ग्रामीणों महिलाओं के बीच रस्सी खींच का प्रतियोगिता कराया गया । छात्र छात्राओं के द्वारा डांस किया गया कुर्सी दौड़ बोरा दौड़ कराया गया व प्रथम द्वितीय एतृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओ को वालीबाल किट, क्रिकेट सामग्री, बडमिंटन, कैरम,चेस प्रदाय किया गया । सभी छात्र-छात्राओं को कापी पेन पेंसिल प्रदाय किया गया। पामेड़ गांव के साथ साथ एमपुर, जारपल्ली, टेक लेर, उड़तामल्ला, धरमावरम के ग्रामीणों को साड़ी, कम्बल, लूंगी, छाता, प्रदाय किया गया । अंत में सभी ग्रामीणों को भोजन कराया गया।

**गड़बड़ी** | शिक्षा अधिकारी ने निर्माण की निरीक्षण करने की जहमत नहीं उठाई

# किचन शेड में घटिया निर्माण को मौन स्वीकृति दे रहा शिक्षा विभाग

**पायनियर संवाददाता < बीजापुर**
www.dailypioneer.com

नक्सल क्षेत्र होने की वजह से निर्माण कार्य में ठेकेदारों को गुणवत्ता में थोड़ी रियायत दी जाती है, लेकिन अधिकारियों से संरक्षण मिले ठेकेदार जिला मुख्यालय में गुणवत्ता की धज्जियाँ उड़ाने से बाज नहीं आ रहे हैं । जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से महज 1 किलोमीटर दूर प्राथमिक शाला हल्बपारा पदेडा स्कूल में बन रहे निर्माण कार्य को जाकर जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर निरीक्षण करने की जहमत तक नहीं उठाते हैं।

दरअसल इस विस्थापित स्कूल भवन के सामने एक किचन शेड का निर्माण किया जा रहा है। जहाँ



ठेकदार रेड्डी द्वारा मापदंड को दरकिनार करते हुए मनमुताबिक कालम और बिना बेस के शेड निर्माण कार्य को अंजाम दे रहा है साथ ही साथ दीवारों में प्लास्टर के दो घंटे बाद ही रंगाई पोताई भी ठेकेदार द्वारा करा दी गई है। इस निर्माण कार्य को लेकर पार्षद पुरुषोत्तम सल्लुर और स्कूल के हेडमास्टर तुलाराम सार्वा ने गुणवत्ता पर सवालिया निशान खड़े कर दिए है। बिना क्युरिंग और बेस के शेड कब तक टिक पायेगा इसकी गारंटी जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर और साहब की गोद में बैठे ठेकेदार ही दे सकते हैं। मिली जानकारी के मुताबिक जिले में 20 से ज्यादा किचन शेड का निर्माण कार्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा कराया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार जिले भर के सभी शेड निर्माण का कार्य पूर्ववत प्रमोद ठाकुर के चहेते ठेकेदार रेड्डी के द्वारा ही कराया जा रहा है। मुख्यालय में बन रही शेड की हालत को जिले में शेड निर्माण कार्य का पैमाना माना जाए तो स्पष्ट है कि ये स्कूली बच्चों की सेहत से ज्यादा अधिकारी और भ्रष्ट ठेकेदार की लालच की बलि चढ़ती दिख रही है। अपने वातानुकूलित कमरे से 1 किलोमीटर दूर जाने और निरीक्षण करने में शिक्षा अधिकारी कोताही बरत रहे हैं ऐसे में जिले के अन्य 3 विकास खंड में जहां हर विकासखंड 50 किलोमीटर दूर है क्या निरीक्षण को जाते होंगे, बड़ा सवाल है ।

# बस्तर पर्यटन के नक्शे में नहीं आ पाई आखेर डोंगरी गुफा

**पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा**
www.dailypioneer.com

दक्षिण बस्तर के बीजापुर जिले के अंतर्गत दंतेवाड़ा के गीदम से बीजापुर जाने वाले मार्ग पर आखेर डोंगरी की गुफा विद्यमान हैं और यहां तक पहुंचना बड़ा ही रोमांचक अनुभव प्रदान करता है। यह आखेर डोंगरी गुफा गीदम से नेशनल हाईवे से होते हुए बीजापुर जाने वाले मार्ग पर करीब 5 किमी घने जंगल में स्थित है।

इस आखेर डोंगरी की गुफा के बारे में आज भी लोगों को मालूम नहीं है, लेकिन जो एकबार यहां पहुंच गया उसे यहां तक पहुंचने में जो अनुभव होता है वह शब्दों में कहा नहीं जा सकता है। ऐसा अनुभव यहां पहुंचने वाले कई लोगों ने बताया है। यहां पहुंचने के लिए कठिन और रोमांचक यात्रा करनी पड़ती है और रोमांच से खेलने वाले ही यहां तक जा सकते हैं। इस संबंध में उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों इस स्थल के बारे में सुनकर मीडिया की एक टीम वहां पहुंची। यहां पहुंचने के लिए दुर्गम मार्ग है और चारों ओर सन्नाटा छाया रहता है। पहुंचविहीन क्षेत्र होने से यह गुफा अब तक केवल कुछ ग्रामीणों की जानकारी में ही थी। गुफा में स्थित शिवलिंग की पूजा करने के लिए महाशिवरात्रि जैसे खास मौकों पर मोफलनार गांव के ग्रामीण यहां जाते हैं। पहाड़ी रास्ते से आकर वापस होते हैं। गुफा में पहुंचने पर शिवलिंग के आस-पास चढ़ाए गए सिंदूर, मिट्‌टी के दीए, अगरबत्तियां भी मिली। समलूर निवासी युवा रामराज और रामप्रसाद ने बताया कि गुमरगुंडा में शिवानंद आश्रम की स्थापना करने वाले वनवासी संत लखमू बाबा की शुरूआती साधना स्थली इसी जगह को माना जाता है। इस गुफा के मुहाने पर दुर्लभ जीव पेंगोलिन भी पाया गया। इस विशिष्ट जीव के शरीर पर शल्क का आवरण होता है और इस विशिष्ट जीव की प्रजाति लुप्तप्राय हो चुकी है। इसका वैज्ञानिक नाम मेनिस है। यह स्तनपायी जीव है।

## संपादकीय

# संसद में अराजकता, 16वीं लोकसभा में बनी रही समस्या

**पांच** साल पहले 16वीं लोकसभा के गठन के समय मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी को शानदार बहुमत दिया था। इस चुनाव में विपक्षी पार्टियों को तगड़ा झटका लगा था और प्रमुख विपक्षी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस केवल 44 की संख्या तक सिमट गई थी। पांच साल बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अतीत के उसी समय में वापस लौटना चाहते हैं जब वे और उनकी पार्टी उभार पर थे तथा कोई उनको रोकने वाला नहीं था। लेकिन जहां तक महत्वपूर्ण कानून पास करने का मामला है, पिछले कुछ वर्षों में संसद भयानक अराजकता का शिकार रही है। वास्तव में, इसकी शुरुआत पिछली सरकार के समय से हुई थी। वर्तमान समय में भारतीय संसद में बहसें कम होती हैं, उनके बीच लंबा अंतराल होता है तथा प्रधानमंत्री विरले ही सदन की कार्यवाही में भाग लेते हैं। इस कारण भारत में एक प्रकार से लगभग पूर्ण विधायी गतिरोध वाली स्थिति बनी हुई है।

यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि राज्यसभा में इस सरकार के अनेक उल्लेखनीय विधायी उपायों को अपनी जिद तथा संख्याबल के चलते विपक्ष ने ध्वस्त कर दिया। यह भी रेखांकित किया जाना चाहिए कि मोदी कैबिनेट के कुछ मंत्रियों का अत्यधिक आक्रामक दृष्टिकोण भी इसके लिए एक सीमा तक जिम्मेदार है। मीडिया ने भी इस विफलता में अपनी भूमिका अदा की है। वास्तव में, मोदी और उनकी कैबिनेट अपने लोकसभा कार्यकाल में संसद के प्रबंधन में विफल रही और यह उनकी सबसे बड़ी विफलता है। विभिन्न विधायी कार्यों के मामले में विपक्षी सदस्यों से संपर्क का प्रयास लगभग नहीं किया गया। महत्वपूर्ण विधेयकों के मामले में भी यही हुआ जिन पर सबका समर्थन प्राप्त हो सकता था। इसमें मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन भी शामिल है जो इस मतभेद का शिकार बन गया। संभवतः यह वर्तमान लोकसभा में सदन का अंतिम पूर्ण सत्र होगा। इसकी एक और बैठक 17वीं लोकसभा बैठक के पहले अंतरिम बजट पास करने के लिए होगी। वर्तमान स्थितियों को देखते हुए लगभग निश्चित है कि यदि राजनीतिक रूप से कोई नाटकीय परिवर्तन न हो तो भारत की अगली सरकार का नेतृत्व गठबंधन करेगा। उस स्थिति में कैबिनेट का प्रबंधन राजनीतिक नेताओं के बीच लगभग असंभव हो जाएगा तथा भयानक भ्रष्टाचार का खतरा सामने आएगा। लेकिन इसका अर्थ यह भी होगा कि विधायी कार्य थोड़ा आसान हो सकता है। हालांकि, इस सवाल का जवाब केवल भारतीय मतदाता देंगे कि अगली लोकसभा में गठबंधन का नेतृत्व कौन करेगा। कोई राजनीतिक टिप्पणीकार या राय बनाने वाला इस सवाल का जवाब नहीं दे पाएगा। भारतीय मतदाताओं को उम्मीद करनी चाहिए कि राजनेता भविष्य में कुछ ऐसे महत्वपूर्ण विधायी निर्णयों पर काम करेंगे जो अनेक वर्षों से लंबित हैं। यदि ऐसा नहीं होता है तो भारत भी ब्रिटेन व अमेरिका जैसे अन्य देशों की तरह लोकतंत्र की समस्याओं से परेशान रहेगा जहां राजनेता टेलीविजन व सोशल मीडिया पर 'शोमैन' व 'शोवीमेन' अधिक होंगे तथा जनता के लिए काम कम करेंगे। हालांकि, भारत में राजनेताओं का एक हिस्सा भारतीयों की तरह विचार करते हुए भारतीयों के लिए काम करेगा। हम सभी सोशल मीडिया पर हैशटैग के आदी होते जा रहे हैं। संभवतः 17वीं लोकसभा यह सुनिश्चित करेगी कि हम इस स्थिति से बाहर निकलें।

# चीन-पाक के कब्जे में भारत की भूमि

## चीन और पाक के कब्जे में भारत की काफी भूमि है। यदि भारत ताशकंद में इतनी आसानी से न झुक जाता तो चीन-पाक धुरी अपनी अवैध कार्रवाइयों में इतनी प्रभावी न होती। भारत को अतीत में की गई गलतियों से सबक लेना चाहिए।



**अभिजित भट्टाचार्य**
(लेखक नेशनल डिफेंस कालेज से जुड़े रहे हैं)



विदेश मंत्री सुश्री सुषमा स्वराज ने लोकसभा में बुधवार 12 दिसंबर, 2018 को एक महत्वपूर्ण बयान दिया जो निसंदेह पाकिस्तान के मामले में भारत का सटीक राजनीतिक-राजनयिक दृष्टिकोण रखता है। सुषमा स्वराज के बयान में भारत का दृष्टिकोण बहुत सतर्कता से परिभाषित किया गया है। बयान में जम्मू कश्मीर के बारे में नई दिल्ली का दृष्टिकोण रेखांकित करते हुए कहा गया है कि 'जम्मू कश्मीर के पूरे राज्य के बारे में भारत का निरंतर व सैद्धान्तिक दृष्टिकोण यही है कि वह भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा।'

विदेश मंत्री ने अपने बयान का समापन इन शब्दों से किया-'पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर राज्य में भारतीय क्षेत्र के लगभग 78,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर अवैध कब्जा बना रखा है। 2 मार्च, 1963 को चीन और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित तथाकथित सीमा समझौते के माध्यम से पाकिस्तान ने अवैध रूप से पाक-अधिकृत जम्मू कश्मीर में भारतीय क्षेत्र के कब्जे वाली 5,180 वर्ग किलोमीटर भूमि चीन को दे दी है।' सुषमा स्वराज ने संसद को सूचना दी कि 'हमने लगातार और बार-बार पाकिस्तान से फौरन अपने अवैध कब्जे वाले क्षेत्र खाली करने को कहा है। हमने 30 नवंबर, 2018 को अपनी यह मांग पुनः दुहराई है।' उन्होंने जोर दिया, लेकिन इसके बावजूद स्थिति अच्छी नहीं है क्योंकि 'पाकिस्तान जम्मू कश्मीर के एक हिस्से पर जबरन अवैध कब्जा बनाए हुए है।' भारत के लिए इसका क्या अर्थ है? इसका जवाब सरल है, लेकिन इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहा जाता है।

पाकिस्तान द्वारा 'भारतीय क्षेत्र के लगभग 78,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर अवैध कब्जे' की बात अब दिल्ली-इस्लामाबाद द्विपक्षीय वार्ताओं का विषय नहीं बनती है। पाकिस्तान पर संसद में दिए सुषमा स्वराज के स्पष्टीकरण में यह उल्लेख नहीं है कि '2 मार्च, 1963 को चीन व पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित सीमा समझौते' तथा 'पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर में भारतीय भूभाग के 5,180 वर्ग किलोमीटर' को पाकिस्तान द्वारा चीन को दे देने से चीन स्वतः ही इस मामले में एक पक्ष बन गया है। इस क्षेत्र में चीनी नागरिकों व उसकी सेनाओं की उपस्थिति का अर्थ चीन द्वारा भारतीय क्षेत्र पर कब्जा है। जम्मू कश्मीर के भीतर 'तीसरे पक्ष' के रूप में विदेशी चीन की उपस्थिति से स्पष्ट है कि 'ड्रैगन हमारे घर में घुस आया है।' दूसरे शब्दों में, 55 वर्ष से अधिक समय से चीन की भारतीय क्षेत्र में गहराई तक अवैध 'उपस्थिति' बनी हुई है। चीन न स्वेच्छा से यहां से वापस जाने वाला है और न ही वह वैसी राजनयिक संवेदनशीलता दिखाएगा जैसी जवाहरलाल नेहरू ने 1950 के दशक में चीन के प्रति दिखाई थी। निकट भविष्य में उसके द्वारा भारतीय क्षेत्र पर कब्जा छोड़ने तथा अपने क्षेत्र में वापस लौटने की भी कोई उम्मीद नहीं है।

ऐसा खासकर इसलिए भी संभव नहीं है क्योंकि चीन की बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव-बीआरआई तथा चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा-सीपीईसी परियोजनायें काफी सीमा तक आगे बढ़ चुकी हैं और वे जम्मू कश्मीर राज्य से होकर गुजरती हैं। चीन के लिए यह सवाल भू-राजनीति, भू-अर्थशास्त्र तथा भू-रणनीति का है क्योंकि वह महाशक्ति का दर्जा प्राप्त करना चाहता है। उसने भविष्य की जो योजना बनाई है उसके अनुसार प्रत्यक्ष भौतिक उपस्थिति के बजाय वह चारों ओर भूमि से धिरे देशों पर अपना नियंत्रण बनाना चाहता है, जबकि अतीत में वहां रूसी और ब्रिटिश साम्राज्यों का 'ग्रेट गेम' रणनीति लागू होती थी। चीनी हान शासकों ने भी सुदूर ह्वांगहो घाटी में ऐसा ही सपना देखा था जो लगातार अनेक दुश्मन सुल्तानों, बादशाहों व राजकुमारों के हमले से परेशान थे। ये हमले इंस्तांबूल से दक्षिण एशिया को जोड़ने वाले गलियारे से होते थे। जम्मू कश्मीर का क्षेत्र पामीर व कराकोरम पर्वतों के निकटस्थ यूरोप-एशिया भूभाग को जोड़ता है। यहां जनसंख्या कम है, खनिजों के विशाल भंडार हैं तथा हिंद महासागर के हर मौसम में खुले रहने वाले समुद्र से संपर्क होता है। रूस के रोमानेव शासकों व जारों ने भी यही सपना देखा था लेकिन वे कभी इसे पूरा नहीं कर पाए थे।

ईमानदारी से कहा जाए तो खासकर 21वीं शताब्दी में इस समस्या का कोई आसान रास्ता नहीं दिखता है। चीन-पाकिस्तान धुरी के बीच में फंसे जम्मू कश्मीर की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या की पेचीदा संरचना तथा पूरे दक्षिण एशिया की स्थिति को देखते हुए फिलहाल किसी बड़े परिवर्तन की संभावना नहीं है। अतीत में अपनी अक्षमता के कारण भारत अपनी उस जमीन पर दावा नहीं कर सका जो पाकिस्तान व चीन के 'अवैध कब्जे' में है। चीन के उलट भारत ने विदेशी शक्तियों द्वारा अपनी भूमि पर कब्जे का गंभीर प्रतिरोध नहीं किया जिससे राजनयिक स्तर पर उसका दावा कमजोर हुआ। वह कुछ शक्तियों के सामने अकारण झुक गया, जबकि उस समय ऐसा करने का कोई कारण नहीं था। यह आश्चर्यजनक, दुखद व कठोर हो सकता है, लेकिन अतीत याद करने से जम्मू कश्मीर में भारत की विफलता का यथार्थ हमें कुछ राहत तथा भविष्य के लिए सबक दे सकता है। ऐसी गलती दुहराई नहीं जानी चाहिए नहीं तो चीजें अतीत की तुलना में और खराब हो जाएंगी।

इस प्रकार जब विदेश मंत्री 'जम्मू कश्मीर में अवैध कब्जे' का उल्लेख करती हैं तो उनका संकेत 26 अक्टूबर, 1947 को भारत को वैध रूप से मिले भारत के पूरे क्षेत्र से है। समान प्रक्रियाओं और दस्तावेजों का पालन करते हुए 548 देशी रियासतों का नई दिल्ली के साथ विलय हुआ था और इसी तरह 16 रियासतों का विलय पाकिस्तान में हुआ था। इस प्रकार तार्किक व विधिक रूप से यदि 'जम्मू कश्मीर में अवैध कब्जे' वाली भूमि पर भारत पुनः कब्जा कर लेता है तो इस पर कब्जा बनाए न रखना भारी गलती है। जोरावर चंद बख्शी व रनजीत सिंह दयाल के सक्षम सैन्य नेतृत्व में 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान हाजी पीर दर्रे में भारत ने अपनी ही जमीन पर कब्जा करने में सफलता पाई थी। लेकिन क्या जनवरी, 1966 में ताशकंद में राजनयिक वार्ता के दौरान स्वयं भारतीय नायकों द्वारा युद्ध के दौरान जीते अपने ही क्षेत्र पाकिस्तान को वापस करना उचित कहा जा सकता है?

यह घटना चीन-पाकिस्तान द्वारा जम्मू कश्मीर में भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जे के 35 महीने के भीतर हुई। यदि भारत ने ताशकंद में इतनी आसानी से समर्पण न कर दिया होता तो चीन-पाकिस्तान धुरी पर अपने अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों को लेकर काफी दबाव बना रहता। इस प्रकार अतीत की इस कार्रवाई ने भारत को भारी नुकसान पहुंचाया। इससे अचानक जम्मू कश्मीर पर एक प्रकार से भारत की विधिक स्थिति बहुत कमजोर और अवैध हो गई क्योंकि हमारे देश ने अपना ही क्षेत्र पाकिस्तान को सौंप दिया। इस प्रकार दुनिया के सामने यह छवि बनी कि जैसे हाजी पीर दर्रा पाकिस्तान के विधिक स्वामित्व में था और भारत ने 1965 में युद्ध के दौरान इस पर अवैध कब्जा कर लिया था।

इस दृष्टिकोण से देखने पर नई दिल्ली नैतिक, तार्किक तथा राजनयिक रूप से 'जम्मू कश्मीर की जमीन पाकिस्तानियों को लौटाने' पर बाध्य होती है और उनके अवैध कृत्य को वैध बना देती है। यह स्थिति विडंबनापूर्ण है। इससे एक ही झटके में भारत का वैध दृष्टिकोण अवैध हो जाता है। इसके कारण भारतीय भूमि पर चीन-पाकिस्तान का अवैध कब्जा जारी रहता है, उसे चुनौती नहीं मिलती है और वह बिना किसी नुकसान के बच निकलते हैं। इससे इस्लामाबाद-बीजिंग धुरी का झूठा और अवैध कृत्य अविवादित रूप से 'वैध कृत्य' बन जाता है।

इस पृष्ठभूमि में देखने पर संसद में विदेश मंत्री के आधिकारिक बयान के साथ ही भारतीय विधायिका के सदस्यों को भारतीय संविधान का लगातार शिक्षण भी जोड़ा जाना चाहिए जो भारत की क्षेत्रीय अखंडता व संप्रभुता की रक्षा करते हुए कानून के संरक्षक व कार्यपालिका के रूप में भी काम करते हैं।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 1-1 पूरी तरह स्पष्ट व विशिष्ट है कि 'इंडिया जो भारत है, राज्यों का संघ होगा।' अनुच्छेद 1-2 के अनुसार, भारत के राज्यों व क्षेत्रों में वे क्षेत्र भी शामिल होंगे जिनका अधिग्रहण किया जा सकता है। यह बिंदु पूर्णतः स्पष्ट है।

# अग्नि श्रेणी की मिसाइलों का महत्व



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के परामर्शकारी संपादक हैं)

देश में विकसित, नाभिकीय अस्त्र ले जाने में सक्षम, सतह से सतह पर मार करने में सक्षम अग्नि-4 प्रक्षेपास्त्र का 23 दिसंबर 2018 को सफल परीक्षण भारत के महाशक्ति बनने की दिशा में बढ़ने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है। लक्ष्य न केवल देश के आकार, वैश्विक शांति बनाए रखने में उसकी भावी भूमिका के चलते, बल्कि विश्व में, खासकर देश के चारों ओर के क्षेत्र में व्याप्त अनिश्चिततापूर्ण स्थितियों को देखते हुए आवश्यक हो जाता है। एक भारत, जो महाशक्ति बनेगा, न केवल उसे धकेलने के प्रयासों का प्रतिरोधक होगा, बल्कि किसी देश द्वारा सशस्त्र संघर्ष का आगाज़ किए जाने पर बलपूर्वक प्रतिकार करने में भी सक्षम होगा।

दो देश जिनके नाम भारत की सुरक्षा के संबंध में होने वाली चर्चा में प्रमुख रूप से आते हैं वे हैं पाकिस्तान और चीन : भारत से पाकिस्तान के साथ चार युद्ध लड़े हैं और चीन के साथ एक। अग्नि-4, जिसकी मारक क्षमता 4,000 किलोमीटर है, की आवश्यकता पाकिस्तान के लिए नहीं है, जिस पर अग्नि-1,2 और 3 से भी प्रहार किया जा सकता है जिनकी मारक क्षमताएं क्रमशः 700, 2,000 और 3,000 किलोमीटर हैं। अग्नि-4 के बल पर भारत चीन के कुछ हिस्सों पर मार कर सकता है लेकिन बीजिंग तथा पूर्वी समुद्री बोर्ड पर स्थित औद्योगिक केंद्रों पर नहीं। अग्नि-5, जिसका अंतिम बार परीक्षण 10 दिसंबर 2018 को किया गया था, और जिसके जल्द शामिल होने की संभावना है, ऐसा करने में सक्षम होगी और एशियाई तथा यूरोपीय भूक्षेत्र तक मार करने की भी क्षमता रखती है।

आगे, अग्नि-5 साथ में विकसित बहुआयामी स्वतंत्र रूप से लक्ष्य साधने योग्य पुनः प्रवेश वाहन पेलोड ले जाने में सक्षम है। इससे चीन की बैलेस्टिक मिसाइल प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा अवरोध पैदा किए जाने से बचने में मदद मिलेगी। निश्चित रूप से, भारत के पास परिवर्तनशील पुनः प्रवेश वाहन होने चाहिए, जो अंतिम अवस्था में अवरोध से बचने के लिए जबर्दस्त तरीके से प्रक्षेप पथ बदल सकती है।

वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए भारत को जरूरत है सजग रहने की। यद्यपि भारत की सुरक्षा से संबंधित किसी भी तरह की चर्चा में चीन का संदर्भ देने से परहेज करना चाहिए, मगर जड़ बन जाना तथा शत्रुता के रुख में बने रहना नासमझी होगी। यद्यपि नई दिल्ली को चीन से किसी भी प्रकार के खतरे एवं सामरिक रूप से संभव आर्थिक घुसपैठ को क्षीण करने के लिए हर संभव प्रयास करना होंगे, उसे डोनाल्ड ट्रंप की विदेशी तथा आर्थिक नीतियों की अनिश्चितता को देखते हुए उसे बीजिंग के साथ संबंधों का सेतु बनाने में भी लगे रहना होगा। पाकिस्तान के साथ चीन के नजदीकी गठजोड़ को देखते हुए यह आसान नहीं होगा, जुड़े हुए देशों में उसकी मौजूदगी के साथ भारत को दरकिनार करने के प्रयास, हिंद महासागर पर वर्चस्व कायम करने की कोशिशें और भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दरकिनार करने की रणनीति, ये सभी भारत के ऊंचे उठकर उस स्थिति में पहुंचने की बात से इनकार करने की उसकी प्रवृत्ति से उपजे हैं जहां उसे बराबर का माना जा सकता है।

ऐसा विशुद्ध रूप से भारत को अपनी परम्परागत एवं नाभिकीय युद्ध क्षमताओं को बढ़ाकर करना चाहिए और साथ में अपने उत्तरी पड़ोसी के साथ संबंधों को सुधारने हेतु सभी द्वारा खुले रखने चाहिए। किसी भी नाभिकीय युद्ध ढांचे की तीन प्रमुख आवश्यकताएं हैं नाभिकीय अस्त्रों की पर्याप्त संख्या, एक नाभिकीय सिद्धांत और प्रभावी रूप से अंजाम देने की व्यवस्था। भारत ने अपने स्वयं के मारक अस्त्र विकसित, विनिर्मित तथा तैनात किए हैं। 2003 में, भारत ने 'प्रथम प्रयोग नहीं' के सिद्धांत पर आधारित नाभिकीय सिद्धांत घोषित किया था। भारत नाभिकीय अस्त्रों का प्रयोग केवल तभी करेगी यदि कहीं बाहर से उस पर कोई नाभिकीय हमला करे। सिद्धांत के अंतर्गत एक विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने की व्यवस्था है, तथा पर्याप्त एवं उत्तरजीवितायोग्य नाभिकीय शक्ति रखने की भी, जिससे कि दुश्मन को भारी क्षति पहुंचाई जा सके। जहां तक लक्ष्य तक हथियार ले जाकर गिराने की व्यवस्था का सवाल है, भारत, निर्धारित लक्ष्य पर गिराने के लिए मिराज-2000 अथवा सुखोई-30 विमानों का इस्तेमाल कर सकता है। हालांकि, मिसाइल का कोई विकल्प नहीं है जो दुश्मन के क्षेत्र में किसी भी लक्ष्य तक मार कर सकती है। भारत द्वारा पहले प्रयोग न करने का सिद्धांत, जो नाभिकीय हमला होने पर देश के लिए विध्वंसकारी प्रतिकारी हमला करने की क्षमता बनाए रखने को अनिवार्य बना देता है, अपनाए जाने के संदर्भ में यह याद रखना महत्वपूर्ण है। हो सकता है भूमिगत ढांचे मिसाइलों को वह संरक्षण प्रदान न कर सकें जिसकी आवश्यकता होती है क्योंकि दुश्मन उनकी जगह पता लगाकर उनके विरुद्ध विध्वंसकारी हमले कर सकता है। जवाब उन मिसाइलों में निहित है जो एक स्थान से दूसरे स्थान को पहुंचाई जा सकती हैं, साथ में डमियों की तैनाती, जिससे दुश्मन उनकी स्थिति का पता लगाता रह जाएगा। अग्नि-5 को सड़क से भी ले जाया जा सकता है। अग्नि-5 सड़क तथा रेल दोनों के द्वारा ले जाई जा सकती है, यद्यपि कई हिस्सों में सड़के और सेतुओं को मजबूत करना पड़ेगा क्योंकि भार बहुत ज्यादा होता है।

अंत में, भारत अग्नि-5 के शामिल होने के बाद भी यहीं तक सीमित नहीं रह सकता। उसे सच्चे अर्थों में रक्षा महाशक्ति बनने के लिए, 8,000 से 10,000 किलोमीटर मारक क्षमता वाली मिसाइलों की आवश्यकता है। उसे समुद्रों से भी नाभिकीय अस्त्र से लैंस मिसाइलों को दागने की क्षमता को वृहद् रूप से बढ़ाने की जरूरत है, जिनका पता लगाना भूमि पर तैनात मिसाइलों की तुलना में दुश्मन के लिए ज्यादा कठिन होता है। भारत के पास यह सब करने की तकनीकी क्षमता है। अग्नि-4 अत्यंत संवेदनशील मिसाइल है जिसमें अत्याधुनिक क्षमता वाले उपकरण लगे हैं, और यह सही मार्ग का अनुसरण करने के लिए पांचवी पीढ़ी की कम्प्यूटर क्षमता से युक्त है, तथा उड़ान के दौरान अवरोधों के बीच स्वयं को दिशा निर्देशन कर लक्ष्य पर सटीक मार कर सकती है।

## फरमाया



**भारत** में स्वयं को असुरक्षित व भयभीत मानने वालों को बम से उड़ा देना चाहिए। मुझे एक मंत्रालय दे दें तो मैं किसी को नहीं छोड़ूंगा।

– **विक्रम सैनी**
भाजपा विधायक



**जीवन** का अधिकार भारतीय संविधान के अंतर्गत एक मूलाधिकार है। आपका व्यक्तिगत वैचारिक दृष्टिकोण अवैध है।

– **असदुद्दीन ओवैसी**
एआईएमआईएम प्रमुख



**यदि** किसी प्रधानमंत्री ने 10 साल शासन किया है और जनता उनका सम्मान करती हैं तो मैं उनको एक्सीडेंटल प्राइममिनिस्टर नहीं कह सकता हूं।

– **संजय राउत**
शिवसेना प्रमुख

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

### भाजपा का मिशेल अस्त्र

**कांग्रेस** वर्तमान समय में गठबंधन बनाना चाहती है और वह लोकसभा चुनाव के पहले अधिकांश विपक्षी पार्टियों को अपने पक्ष में लाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस, मोदी सरकार पर आरोप लगा रही है कि वह केन्द्रीय जांच एजेंसियों का प्रयोग 'गांधी परिवार पर निशाना लगाने तथा विपक्ष की छवि खराब करने' के लिए कर रही है। नेशनल हेराल्ड मामले में पहले ही सोनिया व राहुल गांधी आयकर विभाग के निशाने पर हैं। यदि अगुस्ता जांच तार्किक परिणति तक पहुंचाई जाती है तो कांग्रेस संकट में फंस सकती है तथा मोदी तुलनात्मक रूप से स्वच्छ दिख सकते हैं। इससे आम लोगों को बोफोर्स की याद आएगी और कांग्रेस के प्रथम परिवार द्वारा अपनी सत्ता के समय रिश्वत लेने का भाजपा द्वारा प्रचारित विमर्श मजबूत होगा। कांग्रेस से मिशेल के तथाकथित संबंधों के बहाने भी भाजपा को भ्रष्टाचार-विरोधी कार्ड खेलने का मौका मिलेगा। इससे कांग्रेस रक्षात्मक होगी तथा राफेल पर आक्रामक अभियान ध्वस्त होगा। अगुस्ता वेस्टलैंड समझौते में कुछ लाभार्थियों पर संदेह है, इसलिए मिशेल कांग्रेस पर निशाना लगाने के लिए भाजपा के हथियार बन गए हैं।

– **नवनीत राणा**, दुर्ग

### युवाओं को आगे लाना होगा

**भारत** में सबसे ज्यादा युवाओं की आबादी है। ये युवा देश को महाशक्ति बनाने की क्षमता रखते है लेकिन भारत में युवाओं की राजनीति से निराशा का ही कारण है कि राजनीति से जुड़ना भी नही चाहते है। लोकतन्त्र में कुर्सी पर बैठाने का दारोमदार मतदाताओं पर है। ऐसे में ये युवा मतदाता ही राजनीति और सरकार की दिशा तय करते है। भारतीय राजनीती में ख़ासकर युवा पीढ़ी नही जुड़ रही है। वह जान चुकी है कि नेता बनने के लिये यूवाओ के नाम पर नेताओं के पुत्र-पुत्रियों को ही प्रोत्साहन मिलता है। कांग्रेस पार्टी में बड़े पदों पर नेहरू-गांधी परिवार का कब्जा है अथवा परिवार के करीबी को बढ़ावा मिलता है। कांग्रेस के राजनीति के ढांचे पर नजर डाले तो ज्यादातर एक ही व्यक्ति कि छत्रछाया में फलफूल रहे है। बीजेपी मंच और रैलियों में भले ही जमीनी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने का मन्त्र फूंका जा रहा हो लेकिन हकीकत किसी से छुपी नही है। युवा की अरुचि के कारण सेवाभावी राजनीति व्यवसाय का रूप ले रही है। युवाओं की जिम्मेदारी है कि राजनीति को व्यवसाय और वंशवाद से मुक्त कराये। इसके लिये वैकल्पिक पार्टियों को भी आगे आना चाहिए।

– **जितेंद्र रावत**, धमतरी

### भाजपा के लिए चुनौती

**राहुल** गांधी की बढ़ती स्वीकार्यता मोदी के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। कांग्रेस के रणनीतिकार यह प्रस्तुत करने में व्यस्त हैं कि भाजपा के हिन्दुत्व का मुकाबल करने में राहुल नए अवतार हैं। नरम हिन्दुत्व के मार्ग पर चलते हुए राहुल गांधी लगातार मंदिरों में जा रहे हैं तथा स्वयं को शिवभक्त घोषित कर रहे हैं। कांग्रेस ने उनको जनेऊधारी व कश्मीरी ब्राह्मण घोषित कर दिया है। कांग्रेस इसके लिए सब कुछ करने को तैयार थी और तीन राज्यों में सत्ता विरोधी लहर का लाभ उसे मिल ही गया। स्थानीय स्तर पर नेतृत्व को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि मोदी का प्रति-विमर्श तैयार हो सके। उसकी रणनीति कृषि संकट, बेरोजगारी व 2014 के चुनावी वादे पूरे न करने पर भाजपा को घेरने की है। भाजपा ने राहुल गांधी की आलोचनाओं को गंभीरता से लेना प्रारम्भ कर दिया है। हिन्दी हृदय प्रदेश में कांग्रेस की विजय पराजय उसके लिए आगामी चुनाव में भयंकर झटका साबित हो सकती है। लड़ाई दिलचस्प हो गई है और भाजपा को रणनीति बदलने पर मजबूर होना पड़ा है।

– **श्रीवत्स कुमार**, रायगढ़

## क्विक न्यूज

### कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन

**बेमेतरा ।** कलेक्टर महादेव कावरे ने स्थानीय पुलिस कंट्रोल रूम सिटी कोतवाली परिसर बेमेतरा में सीसीटीवी कैमरे का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एचण्आरण् मनहर एवं नवागंतुक पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, एएसपी विमल कुमार बैस भी उपस्थित थे। कंट्रोल रूम में वर्तमान में 09 सीसीटीवी कैमरा स्थापित है। जिसमें बेमेतरा शहर के विभिन्न चैक.चौराहा से गुजरने वाले वाहनों की निगरानी होती है। सीसीटीवी कैमरा से कोई घटना.दुर्घटना की गाड़ी को ट्रेस किया जा सकता है। जिला मुख्यालय बेमेतरा शहर से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरा है, इस कारण शहर के बीच में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### पुलिस अधीक्षक ठाकुर ने पदभार ग्रहण किया

**बेमेतरा ।** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी प्रशांत ठाकुर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण किया। निर्वतमान पुलिस अधीक्षक एचआर मनहर ने उन्हें अपना पदभार सौंपा। इस अवसर पर एएसपी विमल कुमार बैस भी उपस्थित थे।

### जिले में अब तक तीन लाख 12833 मीट्रिक टन धान का उपार्जन

**बेमेतरा ।** कलेक्टर महादेव कावरे ने बताया कि चालू धान खरीदी सीजन के दौरान जिले की 54 सहकारी समितियों के अंतर्गत 86 धान खरीदी केन्द्र में धान का उपार्जन किया जा रहा है। यह कार्य इस महीने 31 जनवरी तक चलेगा। बेमेतरा जिले में 01 नवम्बर 2018 से 07 जनवरी तक पिछले सवा दो माह की अवधि के दौरान लगभग तीन लाख 12 हजार 833 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया। राईस मिलरों द्वारा उठाव 97 हजार 946 मीट्रिक टन तथा परिहवहनकर्ता द्वारा संग्रहण केन्द्र में भंडारित धान एक लाख 5889 मीट्रिक टन एवं उपार्जन केन्द्र में शेष धान 108997 मीट्रिक टन है।

## स्कूल जाने अब नहीं लेना पड़ेगा पीपे के नाव का सहारा

# कलेक्टर ने राहटा के छात्राओं को दी मोटर बोट की सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर किरण कौशल को जब मीडिया के माध्यम से पता चला कि जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के वनांचल ग्राम पंचायत मड़ियाकट्टा के आश्रित ग्राम राहटा की छात्राएं स्वयं पीपे की नाव चलाकर डूबान क्षेत्र से नाला पार कर पढ़ने हायर सेकेण्डरी स्कूल अरजपुरी जाती है। कलेक्टर ने तत्काल ही संवेदनशीलता का परिचय देते हुए वहॉ मोटर बोट भिजवाकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्वयं दोपहर ग्राम राहटा पहॅुची।कलेक्टर जब ग्राम राहटा पहॅुची तब कक्षा बारहवीं की कु शांति, कक्षा दसवीं की कु प्रीति और कक्षा आठवीं के पूनम कुमार पढ़ने अरजपुरी स्कूल गए हुए थे। कलेक्टर ने छात्र.छात्राओं को वापस लाने नगर सैनिकों को मोटर बोट लेकर भेजा और उनके आने तक वहॉ इंतजार किया। स्कूल की छुट्टी के पश्चात छात्र-छात्राए मोटर बोट में बैठकर प्रसन्नतापूर्वक वापस आए।

वापस आने के पश्चात छात्र.छात्राओं ने कलेक्टर को उत्साहपूर्वक बताया कि वे पीपे की नाव से नाला पार कर स्कूल गए थे, वापस मोटर बोट में बैठकर आए हैं, जो बहुत अच्छा लगा। ग्रामीणों ने कलेक्टर से कहा कि उन्हें बाजार तथा किराना आदि का समान लेने



ग्राम अरजपुरी पीपे की नाव से पार कर पहुॅचना पड़ता है। अतः स्कूली छात्र.छात्राओं और ग्रामीणों के लिए पतवार वाली फाइवर बोट दी जाए। ग्रामीणों की मॉग पर कलेक्टर ने कहा कि पन्द्रह दिवस के भीतर पतवार वाला फाइवर बोट की व्यवस्था कर दी जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि जब तक पतवार वाला फाइवर बोट नहीं आ जाता, तब तक दो नगर सैनिक प्रतिदिन छात्र.छात्राओं को लाइफ जैकेट सहित मोटर बोट से नाला पार कराएंगे। कलेक्टर ने छात्राओं से चर्चा कर उनके पढ़ाई.लिखाई की जानकारी ली और उन्हें डौण्डीलोहारा में कन्या छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने की सलाह भी दी। कलेक्टर ने विभिन्न समस्याओं पर उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि उनका गॉव खरखरा जलाशय के डुबान क्षेत्र में बसा है और गॉव की जनसंख्या मात्र 118 है। ग्रामीणों की मॉग पर कलेक्टर ने ग्राम राहटा से ग्राम रायगढ़ तक चार किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति दी। इसके लिए उन्होंने पंचायत विभाग और वन विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने रेडी टू ईट पोषण आहार गॉव में ही पहॅुचा कर वितरण कराने और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण भी कराने के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर को दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों की मॉग पर पेयजल हेतु सोलर हैण्डपम्प लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर के पूछने पर ग्रामीणों ने बताया कि गॉव के सभी परिवार का राशन कार्ड बना है, उन्हें शासकीय उचित मूल्य की दुकान मड़ियाकट्टा से राशन सामग्री मिलती है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेन्द्र कुमार कटारा, वनमण्डल अधिकारी पैकरा, एसडीएम जीएल यादव, आदिवासी विकास विभाग की उपायुक्त माया वारियर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## गुरूसिंघ सभा बेमेतरा के प्रतिनिधि मंडल ने गृहमंत्री से सौजन्य मुलाकात की

# हेलीपेड पर गृहमंत्री का आत्मीय स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के लोक निर्माणए गृहमंत्री एवं जेल मंत्री ताम्रध्वज साहू के बेमेतरा आगमन पर स्थानीय नागरिकों ने गुलदस्ता भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया। स्वागत करने वालों में विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाब?ाए विधायक नवागढ़ गुरूदयाल सिंह बंजारे, कलेक्टर महादेव कावरे, पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, जिला पंचायत के सीईओ एस आलोक, अवनीश राघव सहित अनेक गणमान्य लोगों ने गृहमंत्री का स्वागत किया।

प्रदेश के लोक निर्माण, गृहमंत्री एवं जेल मंत्री ताम्रध्वज साहू बेमेतरा प्रवास के दौरान बेमेतरा के विधायक आशीष कुमार छाबड़ा के निवास पर सौजन्य भेंट की। विधायक छाबड़ा ने नई जवाबदारी मिलने पर कैबिनेट मंत्री को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक ने आगामी नये साल के लिए भी अपनी शुभेच्छाएं प्रकट की। मंत्री साहू ने शुभकामनाओं का आदान.प्रदान किया। गुरूसिंघ सभा बेमेतरा के प्रतिनिधि मंडल ने गृहमंत्री से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें सरोपा भेंट किया। सिख समाज के पदाधिकारियों ने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को नये साल की बधाई दी। बेमेतरा व्यापार मेला आयोजन समिति द्वारा गृहमंत्री को व्यापार मेला का आमंत्रण पत्र भेंट किया गया। इस अवसर पर विधायक नवागढ़ गुरूदयाल सिंह बंजारे, कलेक्टर महादेव कावरे, पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, जिला पंचायत के सीईओ एस आलोक, अवनीश राघव उपस्थित थे।



### आम नागरिकों एवं प्रतिनिधिमंडलों से की भेंट



लोक निर्माण, गृहमंत्री एवं जेल मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज बेमेतरा प्रवास के दौरान स्थानीय विश्राम गृह में बेमेतरा जिले के आम नागरिकों, प्रतिनिधि मंडलों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं पार्षदों से सौजन्य मुलाकात की। आम नागरिकों ने अपनी व्यक्ति गत समस्याओं के निराकरण के संबंध में गृहमंत्री को आवेदन सौंपे। कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि सरकार किसानोंए मजदूरों, वंचितों के हितों की रक्षा के लिए वचनबद्ध है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कार्यभार संभालते ही सबसे पहले किसानों का कर्जा माफकी कार्यवाही की गई। प्रदेश सरकार द्वारा अपने जन घोषणा पत्र के अनुरूप 2500 रूपए धान का प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। बेमेतरा के नागरिकों ने गृहमंत्री को अपने बीच पाकर अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि गृहमंत्री श्री साहू इसके पूर्व बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक भी रह चुके है। इस कारण उनका बेमेतरा जिले से विशेष लगाव है। इस नाते जिले के आम नागरिक गृहमंत्री के रूप में पाकर प्रसन्नता जाहिर कर रहे है। सहजए सरल एवं मिलनसार व्यक्ति त्व के धनी ताम्रध्वज साहू ने कल सीएम प्रवास के दौरान रामपुर की सभा में कहा थाए बेमेतरा जिले से मेरा पूर्व विधायक के नाते विशेष लगाव है। भविष्य में भी समय.समय पर बेमेतरा जिले में मेरा प्रवास जारी रहेगा और आम नागरिकों से मिलता रहूॅगा। इस अवसर पर विधायक नवाग? गुरूदयाल सिंह बंजारेए कलेक्टर महादेव कावरेए पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुरए जिला पंचायत के सीईओ एस आलोक, अवनीश राघव उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने की लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कामकाज की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर महादेव कावरे नेलोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कामकाज की समीक्षा की। कलेक्टर ने विभाग के ईई को बेरला के निकटवर्ती ग्राम रामपुर में मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान उनके द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बेमेतरा शहर के 21 वार्डो मे से 06 वार्डो में मीठा पानी की पेयजल सप्लाई नहीं करने के संबंध में जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता ने बाताया कि अमोरा के शिवनाथ नदी से शहर के 15 वार्डो में मीठा पानी प्रदाय किया जा रहा है। शेष 06 वार्डो में लगभग 15 किलोमीटर की पाईपलाइन बिछाने का कार्य बाकी है। शासन को लगभग 31 करो? रूपये का रिवाइज स्टीमेट भेजा गया है। स्वीकृति उपरांत शहर के शेष वार्डो मे भी मीठा पानी प्रदाय किया जाएगा।

कार्यपालन अभियंता ने बातया कि जिले के 72 गॉव मे वाटर लेबल डाउन होने के कारण हैण्डपंप बंद है। जिले में 16 समूह जलप्रदाय योजना संचालित है। इस योजना के तहत जिले में 8872 आम नागरिकों को व्यक्तिगत कनेक्शन प्रदाय किया गया है। बेमेतरा जिले में खारे पानी की समस्या से निजात दिलाने साजा विकासखण्ड के 41ए बेमेतरा ब्लाक के 57 एवं नवागढ़ के 54 गांवों में शिवनाथ नदी से मीठा जल की सप्लाई की जा रही है। कार्यपालन अभियंता प्रोजेक्ट ने बताया कि जिले के एनीकट में गर्मी तक पर्याप्त पानी रहेगा। नांदघाटए अमोरा में शिवनाथ नदी पर गेट बंद है। इस कारण भू.जल स्तर ब?ा है एवं अवैध रेत के उत्खनन पर अंकुश लगा है। बेमेतरा जिले की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी लगभग 90 किलोमीटर का बहाव क्षेत्र है। कलेक्टर ने कहा कि मई में लोकसभा चुनाव संभावित है। इसे ध्यान में रखते हुए ग्रीष्म ऋतु में किसी भी गांव में पेयजल की समस्या न आने पाए इसका विशेष ध्यान रखें।

कार्यपलन अभियंता ने बताया कि बेमेतरा जिले में कुल 4476 हैण्डपंप स्थापित है। इनमे से 3529 चालू हालत मे है। समान्य कारण से 139 बंद है एवं जलस्तर नीचे होने के कारण 808 हैण्डपंप बंद है। बेमेतरा जिले मे 59 स्थल जलप्रदाय योजना संचालित की जा रही है। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि जिले मे नलजल प्रदाय योजना के अंतर्गत 178 कार्य स्वीकृत हुए थे। इनमे से 146 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। इनमे बेमेतरा ब्लाक के 43 में 41 पूर्णए नवाग? ब्लाक 39 में 31 पूर्णए साजा के 65 में 44 पूर्ण एवं बेरला ब्लाक के 31 में 30 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 48 सोलर पंप स्वीकृत किये गए थे इनमे से 47 कार्य पूर्ण कर लिये गए हैं। एनण्आरण्डीण् डब्ल्यू पी मद वर्ष 2017.18 के अंतर्गत नवाग? ब्लाक के ग्राम के नवागांव एवं गांगपुर तथा बेरला के ग्राम रवेली में नलजल प्रदाय योजना का कार्य निर्माणाधीन है। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि पाइपलाइन तथा ड्रिस्ट्रीब्यूशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। टंकी का निर्माण कार्य जारी है। इसी योजना के तहत वर्ष 2018.19 में साजा ब्लाक के जाता.मुसवाडीहए बेमेतरा के जौंग एवं खम्हरियाए नवागढ़ ब्लाक के रनबोड़ में नलजल प्रदाय योजना के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। ग्राम जांता.मुसवाडीह में पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। टंकी निर्माण कार्य हाफस्टेजिंग तक पहुंच गया है।

## निधन

### शोभादेवी मिश्रा



**दुर्ग ।** भिलाई मैत्रीकुंज रिसाली सड़क नं0 2 रिसाली निवासी एवं नगर पालिक निगम दुर्ग के स्वास्थ्य अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा की माता शोभादेवी मिश्रा का निधन हो गया। महापौर चंद्रिका चंद्राकर, आयुक्त लोकेश्वर साहू सहित नगर पालिक निगम दुर्ग के अधिकारी कर्मचारियों ने मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये तथा दुखी परिवार को संबल प्रदान करने ईश्वर से कामना किये।

## ऑनलाइन, लोक सेवा केंद्र के प्रकरणों की आयुक्त ने की समीक्षा

**भिलाई ।** निगम के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने लोक सेवा केंद्रों के प्रकरण एवं ऑनलाइन आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की तथा समय पर प्रकरणों का निपटारा न करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों पर नाराजगी जाहिर की। आंगनबाड़ी के तहत चल रहे निर्माण कार्य एवं भुगतान के संबंध में भी समस्त जोन आयुक्त से विस्तृत जानकारी ली जिसमें महिला एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारी अशोक पांडे व संबंधित क्षेत्र के पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। लोक सेवा केंद्र के प्रकरण एवं राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, नल कनेक्शन सहित ऑनलाइन लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए आवेदनों की समय सीमा व्यतीत हो जाने के बाद भी प्रकरण का निपटारा नहीं करने वाले अधिकारियों को आयुक्त सुंदरानी ने त्वरित निराकरण के आदेश दिए हैं एवं आज तक का समय दिया गया है, आज प्रकरण का निराकरण नहीं करने वालों को कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। आयुक्त सुंदरानी ने स्पष्ट कर दिया कि यदि आवेदक, आवेदन करने के बाद भी अनावश्यक इधर-उधर भटकेंगे उन अधिकारियों कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

## स्वरोजगार कार्यक्रम के तहत 23 हितग्राहियों के ऋण वितरित

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

महापौर व भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन एवं आयुक्त एस.के. सुंदरानी के दिशा-निर्देश के तहत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत नगर निगम के मुख्य कार्यालय प्रांगण में आयोजित स्वरोजगार कार्यक्रम लोन मेला में 23 हितग्राहियों के ऋण वितरित किये गये तथा 305 नये आवेदन प्रदान किये गये।

आयुक्त एस.के.सुंदरानी ने शिविर स्थल का अवलोकन किया और उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा कर ग ण संबंधी आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए बैंको के मैनेजर को आवश्यक निर्देश दिये। दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय



शहरी आजीविका मिशन के स्वरोजगार कार्यक्रम अंतर्गत लंबित लोन निपटान शिविर सह लोन मेला का दो दिवसीय आयोजन निगम कार्यालय में शिविर लगाकर किया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिवस 13 बैंको की उपस्थिति में व्यक्तिगत् ग ण के 12 हितग्राहियों को ग ण वितरण किया गया एवं 12 व्यक्तिगत् ग ण के प्रकरण स्वीकृत किये गये 26 प्रकरण प्रक्रियाधीन वहीं आवश्यक दस्तावेज के अभाव में 17 व्यक्तिगत् ग ण के प्रकरण निरस्त किये गये।

बैंक लिंकेज के तहत् 10 वितरित किये गये 10 स्वीकृत एवं निरस्त किये गये सामूहिक उद्योग स्थापना के लिए समुह ग ण के एक प्रकरण स्वीकृत किये गये।

शिविर स्थल पर उपस्थित हितग्राहियों ने विभिन्न ट्रेड की जानकारी लेकर 305 लोगों ने नये आवेदन लिये जिसमें से नये ग ण प्राप्त करने के लिए 11 फॉर्म ऋण हेतु काउंटर में जमा किये गये।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया भाग

**भिलाई।** बच्चों के मानसिक एवं कौशल विकास के उद्देश्य से श्रीगौरीशंकर सेवा समिति एवं अखिल भारतीय उड़िया समाज के संयुक्त तत्वावधान में उदय उत्तर माध्यमिक विद्यायल छावनी में कक्षा 8 से 12 वीं तक के छात्रों के सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमेंकरीब सैकण्डों बच्चों ने एमजीएम से.6, एसएनजी से.4, शारदा विद्यालय, हेप्पी पब्लिक स्कूल, ज्योति विद्यालय चरोदा, जी.बी.एन.स्कूल, उदय उ.मा. विद्यायल छावनी, श्रद्धा मान्टेशरी खुर्सीपार, निर्मला रानी विद्यालय, शा.उ.मा.विद्यालय, खुर्सीपार, फोरबेल्स सहित 13 स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसमें मुख्य रूप से श्रीगौरीशंकर सेवा समिति के संस्था के संथापक दुर्योधन पनका, सुधीर बाग, अध्यक्ष राजेश सिक्का, सचिव संतोष हियाल एवं इंदर नायक और इस कार्यकम के प्रमुख जिनके मार्गदर्शन में यह सामान्य ज्ञान परीक्षा का सफल आयोजन कर्ता रायपुर और भिलाई में सुदर्शन पनका उपस्थित रहे।

**निरीक्षण** रायपुर उत्तर विधायक कुलदीप जुनेजा ने महाप्रबंधक से भेंटकर सुविधाओं के संबंध में चर्चा की

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक सोइन बालोद पहुंचे, लिया स्थितियों का जायजा

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

सोमवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक सुनील सिंह सोइन ने रायपुर रेल मंडल का वार्षिक निरीक्षण रायपुर-दुर्ग, मरोदा-भानुप्रतापपुर सेक्शन में किया। प्रति वर्ष महाप्रबंधक द्वारा मंडलों में वार्षिक निरीक्षण किए जाते हैं इस दौरान यात्री सुविधाओं संरक्षा सुरक्षा की सुनिश्चित के साथ साथ जनप्रतिनिधियों स्थानीय संगठनों व्यापारिक संगठनों से भी महाप्रबंधक मिलते हैं इसी कड़ी में आज महाप्रबंधक ने रायपुर मंडल का वार्षिक निरीक्षण दौरा प्रातः 9 बजे रायपुर स्टेशन से शुरू होकर भानुप्रतापपुर तक शाम 7 बजे तक किया एवं वापसी रायपुर में लगभग 8 बजकर 45 मिनट बजे हुई। रायपुर से सरोना, कुम्हारी सी केबिन, दुर्ग, मरौदा, रिसामा, गुंडरदेही, बालोद, कुसुमकसा भानुप्रतापपुर, दल्लीराजहरा तक इस दौरे में महाप्रबंधक ब्रिज लिमिटेड हाइट सबवे समपार निरीक्षण स्टेशन एवं वार्ड निरीक्षण ट्रैक मेंटेनरों से कार्यस्थल पर वार्तालाप एवं निरीक्षण कर्व निरीक्षण एवं हेल्थ यूनिट का निरीक्षण किया। रायपुर.दुर्ग.मरोदा.भानुप्रतापपुर रेलखंड के निरीक्षण की शुरुआत में रायपुर स्टेशन पर विधायक, रायपुर उत्तर कुलदीप जुनेजा ने महाप्रबंधक



से भेंटकर यात्री सुविधाओं के विकास के संबंध में आवश्यक चर्चा की। रायपुर मंडल के वार्षिक निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रायपुर-दुर्ग रेल सेक्शन पर कुम्हारी ब्रिज, खारुन नदी पर बने रेल ब्रिज के निरीक्षण किये। ब्रिज की मरम्मत में काम आने वाले औजारों का निरीक्षण किया। कुम्हारी. सी केबिन के बीच लेवल क्रोसिंग नम्बर.431 पर लिमिटेड हाइट सब वे का निरीक्षण किए। महाप्रबंधक ने रायपुर मंडल के वार्षिक निरीक्षण में दुर्ग स्टेशन, रेलवे कालोनी एवं यात्री आरक्षण केंद्र के निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कालोनीवासियों व मीडिया के प्रतिनिधियों से यात्रीसुविधा, कर्मचारी सुविधा के संबंध में चर्चा किये।

वार्षिक निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने मरौदा स्टेशन में रिले रूम का निरीक्षण किया एवं स्टॉल पर जनता खाना खाकर उसकी गुणवत्ता की जांच की। बालोद जिले के सिकोसा समपार फ ाटक पर महाप्रबंधक ने औचक निरीक्षण किया एवं उपस्थित गेटकीपर से सुरक्षा संबंधित विषयों पर जानकारी ली संतुष्ट होकर पुरस्कृत किया।

बालोद मुख्यालय में रेलवे स्टेशन एवं स्टाफ क्वार्टर्स का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया एवं कॉलोनी में बच्चों के लिए एक पार्क का शुभारंभ किया। भैंसबोड़ समपार फाटक पर गैंग न 26 के ट्रेकमेनों से संरक्षा से संबंधित चर्चा की कार्य प्रणाली पर बात की, गेटकीपर से भी वार्ता की उनके कार्य संबंधित विषयों की जानकारी ली। भानुप्रतापपुर स्टेशन का निरीक्षण किया स्थानीय लोगों से यात्री सुविधाओं पर चर्चा की। महाप्रबंधक ने लौह नगरी दल्लीराजहरा स्टेशन में हेल्थ यूनिट एवं संयुक्त क्रू.लाबी के निरीक्षण किए। इस दौरान यांत्रिक विभाग के द्वारा उनके द्वारा किए गए रखरखाव के उपकरणों के इनोवेशन एवं माडिफि केशन का भी प्रदर्शन महाप्रबंधक के समक्ष किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रायपुर-दुर्ग, बालोद-भानुप्रतापपुर-दल्लीराजहरा में स्थानीय मीडिया के प्रतिनिधियों से भी चर्चा की।

इस दौरे में महाप्रबंधक सुनील सिंह सोइन के साथ रायपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कौशल किशोर, बिलासपुर मुख्यालय के सभी प्रधान मुख्य विभागाध्यक्ष, महाप्रबंधक के सचिव हिमांशु जैन एवं उप महाप्रबंधक सामान्य प्रकाश चंद्र त्रिपाठी उपस्थित रहे।

### अंडरब्रिज निर्माण के स्थल परिवर्तन को लेकर रेलवे जीएम से मिले व्यापारी

**भिलाई ।** धमधा नाका रेल्वे क्रासिंग के पास सिकोलाभाठा भारत माता चौक से आईएमए चौक तक प्रस्तावित अंडरब्रिज निर्माण के स्थल परिवर्तन की मांग को लेकर पिछले महीनेभर से आंदोलनरत व्यापारियों ने भी रेलवे स्टेशन में जीएम सुनील सोइन से मुलाकात की और अपनी समस्या बताते हुए प्रस्तावित अंडरब्रिज निर्माण के स्थल परिवर्तन पर जोर दिया। सिकोलाभाठा- मोहन नगर व्यापारी संघ के अध्यक्ष विनय तिवारी ने जीएम को मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि प्रस्तावित स्थान में अंडरब्रिज निर्माण से क्षेत्र के व्यापारियों का जहां व्यवसाय ठप्प हो जाएगा। वहीं जनता को भी आवागमन में असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान तिवारी ने जीएम से विकल्प के तौर पर अंडरब्रिज को धमधानाका मालधक्का की ओर से निर्माण करवाने का प्रस्ताव दिया।

## ठेकेदार-सब इंजीनियर पर मिलीभगत का आरोप, निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार

### ग्रामीणों ने गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण कार्य को कराया बन्द

पायनियर संवाददाता ◁ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



गांवों को मुख्यमार्ग से जोड़ने के लिए शासन द्वारा करोड़ो रुपयों की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले में सड़कों का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा हो।लेकिन अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से मिलीभगत कर ठेकेदार गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण कर मालामाल हो रहे है। सड़क निर्माण के कुछ दिनों बाद सड़क से डामर उखड़ने लगते है। वही जहाँ सीसी रोड बने है वह बीच बीच में क्रेक हो गए है।

जिले के बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पंचायत सोंठी में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2 करोड़ 27 लाख की लागत से 5 किमी सड़क मुख्य मार्ग से सबरिया डेरा तक सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें गुणवत्ता का बिलकुल ध्यान नहीं रखा जा रहा।

घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीण भड़क गए और काम बंद करा दिये।ठेकेदार व अधिकारियों के प्रति ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। काम की क्वालिटी को देखकर ग्रामीणों ने ठेकेदार व इंजीनियर के ऊपर घोर लापरवाही एवं घटिया मटेरियल का उपयोग करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा पहले तो मन मुताबिक घटिया क्वालिटी का मिट्टी डाल दिया गया।जिससे उसका बेस मजबूत नहीं है।

इसकी शिकायत जब इंजीनियर से किया गया तो कोई ध्यान नहीं दिया। और अब मिट्टी के ऊपर डस्ट व चिल्फी युक्त निम्न क्वालिटी का गिट्टी डालकर सड़क का निर्माण कराया रहा है।

#### ग्रामीणों ने कराया कार्य बंद

सड़क निर्माण कार्य निम्न स्तर के होने पर ग्रामीण निर्माण कार्य बंद करा दिए है। काम करीब एक सप्ताह से बंद है। जब काम बंद होने कि जानकारी ठेकेदार और सब इंजीनियर को हुई तो निर्माण स्थल पहुंच गए। ठेकेदार और सब इंजीनियर को देखकर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य मे हो रहे भ्रष्टाचार का विरोध करने लगे। ग्रामीणों की विरोध को देखकर सब इंजीनियर उन्हें सड़क निर्माण कार्य की नियम कानून बताने लगे। जब ग्रामीणों ने सब इंजीनियर को निर्माण कार्य मे उपयोग हो रहे सामग्री की जांच करने को कहा तो सड़क निर्माण कार्य की भ्रष्टाचार की पोल खुल गई और सब इंजीनियर ने ग्रामीणों को सड़क अच्छी क्वालिटी का बनने का आश्वासन दिया।

#### निर्माण कार्यों पर ध्यान नहीं देते जनप्रतिनिधि

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य में स्थानीय जनप्रतिनिधि ठेकेदार से अपना कमीशन लेकर निर्माण कार्य मे कोई ध्यान नहीं देता है। जिससे ठेकेदार सड़क निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचार कर रहे है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर जनप्रतिनिधि क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यो पर ध्यान दे तो हर कार्य गुणवत्ता युक्त होगा।

ठेकेदार को मानकों के मुताबिक काम करने को कहा गया था, लेकिन काम हो नहीं रहा था, जिसके चलते ग्रामीणों में नाराजगी दिखी और उन्होंने काम बंद करा दिया।
**- वासुदेव पोर्ते,** सब इंजीनियर
मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना जांजगीर

## कबाड़ दुकानों में पुलिस की दबिश, कबाड़ियों में हड़कंप

**रायगढ़।** जिला पुलिस अवैध कबाड़ के व्यवसाय पर लगाम लगाने के लिए विगत साल भर से कार्ययोजना बनाकर कर धर पकड़ कर रही थी। वही इस धंधे पर लगाम लगाने के लिए जिला पुलिस समय समय पर दबिश देती है। इसी क्रम में एक बार फिर से पुलिस बढ़ते चोरी वारदात से कबाड़ दुकान में दबिश देने लगी है। बताया जा रहा है कि इन दिनों घर दुकान से कबाड़ के रूप में सामान की चोरी हो रही थी। जिस पर पुलिस को आए दिन शिकायत मिल रही थी। इस मद्देनजर सम्भवतः चोरी का माल पुनः कबाड़ियों के दुकान के खपाए जाने की आशंका व्यक्त करते हुए कोतवाली पुलिस दलबल के साथ शहर के कोतरारोड, चांदमारी, जोगीडीपा सहित कई कबाड़ दुकान में दबिश दी। इससे कबाड़ का व्यवसाय करने वालों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

### कमीशन मिली तो आहरण की अनुमति दे रहे अधिकारी

# पहले ओडीएफ घोषित किया अब राशि आहरण में लगाया रोक

पायनियर संवाददाता ◁ रायगढ़
www.dailypioneer.com




देश भर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को जिले के अधिकारियों ने कागजों ही में सिमटा दिया है। जबकि असल में आज भी ग्रामीण शौचालय नहीं बनने से लोग खुले में शौच कर रहे हैं, लेकिन जनपद और जिले के अधिकारी शौचालय निर्माण में जमकर गड़बड़ी करने से नहीं चूक रहे हैं। जिसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जिस जिले को महीनों पहले सरकारी रिकार्ड में ओडीएफ घोषित किया जा चुका है और पंचायतों के खाते में शौचालय निर्माण की राशि भी पहुंच चुकी है उसे भला किस आधार पर जनपद के अधिकारी द्वारा बैंकों को भुगतान न करने का निर्देश दे दिया हो समझ से परे है।

ऐसे में लोगों का कहना है कि शौचालय निर्माण में जमकर अनियमितता अधिकारियों की मिलीभगत से हुई है। ग्राम पंचायत के अधिकारों को अवैधानिक रूप से हनन कर सरपंच सचिवों को पंचायत में निर्माण की राशि आहरण पर अप्रत्यक्ष रूप से रोक लगाने का काम बैंक के माध्यम से कर रहे हैं इस रोक के संबंध में सरपंच, सचिव दबे जुबान से जनपद के अधिकारी द्वारा लगवाया जाना बता रहे हैं, लेकिन मीडिया को अधिकारिक रूप से अपना बयान देने से भी बचते नजर आ रहे हैं। विदित हो कि स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत में पहले सचिव सरपंचों को लोगों को प्रेरित कर स्वयं से शौचालय निर्माण कराया गया। जिन पंचायतों में लोगों की जागरूकता कम दिखी वहां अधिकारियों ने दबाव बनाकर शौचालय निर्माण कराया, लेकिन जब भुगतान कराने की बारी आई तब जनपद से जिले के अधिकारी तक कमीशन निकालने की जुगत में लग गए हैं। इसी वजह से मनरेगा एवं एसबीएम के तहत बने शौचालय की भुगतान पंचायतों नहीं कर रहे हैं और जिन पंचायतों के खाते में शौचालय निर्माण की राशि जमा हो गई है उनके खाते से राशि आहरण में रोक लगा दी गई है।

#### शौचालय निर्माण के साथ ओडीएफ घोषित करने में भी फर्जीवाड़ा

रायगढ़ जिला को महीनों पहले ओडीएफ घोषित किया जा चुका है। इसी आधार पर पंचायतों के खाते में शौचालय निर्माण की राशि जारी की गई है, लेकिन फर्जी ओडीएफ घोषित करने जनपद से लेकर जिले के अधिकारियों की कारगुजारी रही इसलिए जवाब देने से बचने के लिए पंचायतों के खाते में राशि भेज दी गई, लेकिन वास्तविकता में अधिकांश पंचायत में शौचालय निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। मिली जानकारी केअनुसार कनकबीरा में लगभग 135 शौचालय बनाने शेष हैं। वहीं कई हितग्राही जिन्होंने स्वयं से शौचालय बनाया है उनमें से कई हितग्राहियों को आज तक भुगतान नहीं हुआ है। वहीं जिन पंचायतों ने अपने लक्ष्य के अनुरूप काम भी कर लिया है उनके शौचालय निर्माण की राशि आहरण करने में रोक लगाकर रखे हैं सारंगढ़ में इस प्रकार की सर्वाधिक शिकायत है।

#### शौचालय बनाने प्रेरित किया और भुगतान देना भूले

ग्रामीण अंचल के लोगों को स्वयं से शौचालय निर्माण करने प्रेरित किया गया। कई लोगों ने प्रभावित होकर अपना निजी लागत लगाकर शौचालय बनाया, लेकिन महीनों बीतने के बाद भी स्वयं से निर्माण करने वाले हितग्राहियों को 12 हजार रुपए भुगतान नहीं मिली। जब अधिकारियों के पास राशि भुगतान की समस्या लेकर जाते हैं तो उनको सचिव, सरपंच के फेरा लगाने या उनके माध्यम से भुगतान करने की बात कर अधिकारी अपना पगा झाड़ लेते हैं और गरीब सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाते फिर रहे हैं।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा उर्दना-सर्किट हाउस मार्ग



पायनियर संवाददाता ◁ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के जर्जर सड़क से शहर वासियों को उम्मीद थी कि कि स्वीकृति मिलने के बाद उन्हें एक बेहतर सड़क मिल सकेगा, लेकिन उर्दना सर्किट हाउस सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। स्थानीय कांग्रेसी नेता संजय देवांगन ने इस मामले पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी व ठेकेदार पर आपस में मिलीभगत कर शहर के घटिया निर्माण करने का आरोप लगाया है। इसके पहले भी स्टीमेट के अनुसार तय मापदंडों के अनुसार सड़क न बनने को लेकर कांग्रेसी नेता ने शिकायत किया था, लेकिन इसके बाद भी धड़गे से भ्रष्टाचार युक्त काम चल रहा है। सड़क निर्माण को लेकर कांग्रेस नेता पार्षद संजय देवांगन ने बताया कि देवांगन ने बताया कि ने बताया कि सड़क की चौड़ाई 13 फीट है, लेकिन दस फीट की सड़क बनाई जा रही है और जिसमें भी सड़क का बेस मजबूत ही नहीं किया गया है। नियमानुसार पहले पुराने सड़क को एक फिटगड्ढे खोदकर उसके बेस को मजबूत करना था। 40, 30, 20, 20 एमएम की गिट्टी व फ्लाई ऐश डस्ट व सीमेंट के साथ मिक्स कर लेयर बिछाकर बेस को बनाना था, लेकिन इसका यहां कहीं भी पालन नहीं किया गया। सड़क की थिकनेस से लेकर निर्माण तक में घटिया सामग्री का उपयोग किए सामग्री का उपयोग किए जाने का आरोप लगाया गया।

## कृत्रिम पैर वितरण शिविर, आधिकारिक यात्रा का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ◁ सक्ती
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद एवं लायंस क्लब बिलासपुर उत्कर्ष द्वारा 6 जनवरी को बिलासपुर शहर के मोपका स्थित अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के नवनिर्मित गीतादेवी रामचंद्र दिव्यांग अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में एक दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम पैर वितरण शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एंनके जैन, कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन वीणा अग्रवाल, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में लायन डॉ एसके गोलहानी एवं अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. डीप्पी अग्रवाल एवं राष्ट्रीय महामंत्री मदनमोहन अग्रवाल बिलासपुर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल राजू, राष्ट्रीय मंत्री नित्यानंद अग्रवाल, पूर्व राज्यसभा सांसद गोविंदराम मिरी, प्रो डॉ अनिता अग्रवाल प्रमुख मंचस्थ थे इस अवसर पर पूर्व में आयोजित निशुल्क कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर में जांच कर पात्र पाए गए दिव्यांगजनों को कृत्रिम पैर वितरित किए गए।

इस अवसर पर काफी संख्या में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न स्थानों से दिव्यांग बंधुओं ने समापन समारोह में सहभागीता कीए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ डीपी अग्रवाल एवं कार्यक्रम के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एनके जैन ने कहा कि निशक्तजनों की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है तथा पूरे देश में आज स्वयंसेवी एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा यह सेवा का जो कार्य किया जा रहा है यह अपने आप में अनुकरणीय एवम रचनात्मक है।

कार्यक्रम को राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद मदनमोहन अग्रवाल एवं लायन्स बिलासपुर उत्कर्ष की वीणा अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त रूप से यह निशुल्क कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया।

## छपोरा धान खरीदी केन्द्र में मनमाने तरीके से की जा रही खरीदी, तहसीलदार से की शिकायत



पायनियर संवाददाता ◁ मालखरौदा
www.dailypioneer.com

धान खरीदी केंद्र छपोरा में अनियमितता एवं शासन के नियमों का उल्लंघन करते हुए मनमानीपूर्वक धान खरीदे जाने की शिकायत मालखरौदा के तहसीलदार से ग्राम छपोरा निवासी सुनील कुमार साहू ने की है।

शिकायतकर्ता ने कहा कि खरीदी प्रभारी सुरेश सिदार द्वारा धान खरीदी की जा रही है, जिनके द्वारा किसानों की पर्ची में बचे रकबा में किसानों से पूछे बगैर ही उनके नाम से धान बिक्री कर दी जा रही है। इसी प्रकार बड़े व्यापारियों का धान बिना तौल के ही छल्ली लगाया जा रहा है, जिससे सरकार को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। शिकायतकर्ता ने मामले की जांचकर उचित कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में मालखरौदा के नायब तहसीलदार कमल किशोर पाटनवार का कहना है कि बीते पांच जनवरी को छपोरा धान खरीदी केंद्र में अनियमितता बरते जाने की शिकायत मिली है। खरीदी केंद्र छपोरा पहुंचकर शिकायत की जांच करने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग कांकेर मण्डल कांकेर

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-
निविदा निरस्तीकरण सूचना क्रमांक - 01

इस कार्यालय द्वारा निविदा सूचना क्रमांक 176 से 187/सा. निविदा / 2018- 19 कांकेर, दिनांक 17.12.2018 टेण्डर नं. 46358, 46359, 46360, 46362, 46425, 46426, 46428, 46429, 46432 से 46435 ऑनलाईन निविदा आमंत्रित किया जाता है, जिसकी निविदा दर प्राप्ति की तिथि 07.01.2019 निर्धारित है। जिसे अपरिहार्य करणों से निरस्त किया जाता है।

जी. नं. - 56851 दिनांक 24.12.2018

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग कांकेर
मण्डल कांकेर

जी-57270/6

## प्रथम पेज का शेष

### विपक्ष के हंगामा और बहिर्गमन ...

लिकिंग का पैसा कहां वापस हुआ है। 30 लाख किसानों का माफ होना चाहिए। किसानों का पूरा कर्जमाफ करने की मांग को लेकर हंगामा शुरू हो गया। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के विधायक दल के नेता धरमजीत सिंह ने कहा कि आप नाखून कटाकर शेर मत बनिए। सदस्य अजय चंद्राकर ने कहा एक लाइन में कह दीजिए पूरे किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा कर दीजिए पूरा विपक्ष आपका साथ देगा। एक अनुपूरक या अनुमानित बजट मंगा लीजिए हम पूरा समर्थन करेंगे। इसी बात पर हंगामा बढ़ा, वित्त मंत्री भूपेश अपना अभिभाषण जारी रखे हुए थे, विपक्ष ने इसी दौरान सदन से वाकआउट कर दिया। विपक्ष के वाकआउट के बाद अनुपूरक बजट बहुमत से पारित हो गया।

### 20 करोड़ कर्मचारी हड़ताल ...

के खिलाफ हैं। हमने लेबर कोड पर सरकार को सुझाव दिए थे लेकिन, मांगें नहीं मानी गईं। साल 2016 और 2017 में भी हमने हड़ताल की थी लेकिन, सरकार ने वार्ता जरूरी नहीं समझी। अमरजीत कौर ने कहा कि सरकार रोजगार बढ़ाने में नाकाम रही है और श्रमिक संगठनों की 12 सूत्रीय मांगों की अनदेखी कर रही है। सितंबर 2015 की हड़ताल के बाद से मंत्री समूह ने श्रमिक संगठनों से कोई वार्ता नहीं की है।

### सिटीजनशिप संशोधन विधेयक ...

उन्होंने बहस के दौरान असम में दंगों और विरोध का हवाला भी दिया। लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कांग्रेस की मांग को खारिज करते हुए कहा कि इसे फिर से सेलेक्ट कमेटी को नहीं भेजा जा सकता है। इसके बाद कई सांसदों ने विधेयक के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद कांग्रेस सांसदों ने सदन से वॉकआउट किया।

### सीबीआई विवाद : सुप्रीम कोर्ट ...

इस समिति में प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और चीफ जस्टिस होते हैं।

**कांग्रेस का सवाल- क्या मोदीजी वर्मा का कार्यकाल लौटाएंगे?**

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा, ''मोदीजी याद रखिए सरकारें आती-जाती रहती हैं। लेकिन संस्थानों की ईमानदारी हमेशा सलामत रही है। यह आपके लिए लोकतंत्र और संविधान की ताकत का पाठ है। यह सीख है कि आप चाहे जितने निरंकुश हो जाएं, अंत में कानून पकड़ ही लेता है। सीबीआई चीफ को आपके अवैध फैसले के नतीजे तीन महीने तक भुगतने पड़े, क्या आप उनके तीन महीने का कार्यकाल लौटाने की हिम्मत दिखाएंगे?''

**भाजपा ने कहा- इसे राजनीति के चश्मे से न देखें**

इस फैसले पर केंद्रीय मंत्री अरुण जेटल ने कहा, ''दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टाब्लिशमेंट एक्ट में दो अलग अलग प्रावधान हैं। पहला प्रावधान है कि सीबीआई डायरेक्टर के ट्रांसफर और छुट्टी पर भेजे जाने के लिए प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और चीफजस्टिस की कमेटी की मंजूरी की जरूरी होगी। लेकिन इसमें एक और प्रावधान है कि कुछ भ्रष्टाचार के मामलों पर सीबीआई के ऊपर सीवीसी फैसला ले सकती है। सीवीसी ने उस ताकत का इस्तेमाल सरकार को दो अधिकारियों को छुट्टी पर भेजने की सलाह देकर किया है। इसको राजनीति के चश्मे से नहीं देखना चाहिए। सरकार की मंशा पर सवाल उठाना गलत है।''

**मोइन कुरैशी के मामले की जांच से शुरू हुआ रिश्वतखोरी विवाद**

अस्थाना मीट कारोबारी मोइन कुरैशी से जुड़े मामले की जांच कर रहे थे। जांच के दौरान हैदराबाद का सतीश बाबू सना भी घेरे में आया। एजेंसी 50 लाख रुपए के ट्रांजैक्शन के मामले में उसके खिलाफ जांच कर रही थी। सना ने सीबीआई चीफको भेजी शिकायत में कहा था कि अस्थाना ने इस मामले में उसे क्लीन चिट देने के लिए 5 करोड़ रुपए मांगे थे। हालांकि, 24 अगस्त को अस्थाना ने सीवीसी को पत्र लिखकर डायरेक्टर आलोक वर्मा पर सना से दो करोड़ रुपए लेने का आरोप लगाया था।

नाम परिवर्तन

मैं रंजना गुप्ता (RANJANA GUPTA) पिता श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी नया पारा वार्ड क्र.1 , शिवम पब्लिक स्कूल के पास दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.), मेरे सभी शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम रंजना (RANJANA ) पिता सुरेन्द्र (SURENDRA ) दर्ज है तथा मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र एवं अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम रंजना गुप्ता (RANJANA GUPTA) पिता श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता (SURENDRA KUMAR GUPTA ) दर्ज है। जो कि सही एवं सत्य है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है, अर्थात एक ही व्यक्ति के हैं। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ता

न्यायालय तहसीलदार कवर्धा
जिला-कबीरधाम ( छ.ग. )

रा.प्र.क्र. ब/121 / वर्ष 2018-19
ग्राम कवर्धा प.ह.नं. - 05

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम कवर्धा प.ह.नं.-05, रा.नि.मं. कवर्धा तहसील कवर्धा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका लताबाई पति स्व. संतोष ठाकुर निवासी ग्राम कवर्धा द्वारा ग्राम कवर्धा प.ह.नं. 05 तहसील - कवर्धा स्थित सामिलात भूमि ख.नं. 490/85 शामिल 491/85, 492/85, 493/86 रकबा 0.006 हेक्टे. लगान 0.01 नं. पै. का मूल ऋणपुस्तिका गुम हो जाने के कारण। उक्त आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु बी-1, खसरा एवं थाना में दर्ज सूचना की प्रति, चलान सहित आवेदन पेश किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है जिसकी सुनवाई दिनांक 11.01.2019 को नियत किया गया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा - आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 27.12.2018
पेशी दिनांक - 11.01.2019

मुहर
तहसीलदार
कवर्धा

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
दूरभाष नं.- 9755097592, ई-मेल witirpr@rediffmail.com, website : www.womenitiraipur.com

निविदा सूचना

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक -01 दिनांक 07.01.2019

प्राचार्य शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायपुर जिला- रायपुर (छ.ग.) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, अभनपुर, रायपुर (छ.ग.) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, धरसींवा, रायपुर (छ.ग.) की ओर से छत्तीसगढ़ के सुरक्षा गार्ड एजेंसियों से संस्था की सुरक्षा हेतु मोहरबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का प्रारूप कार्यालय प्राचार्य शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डू, रायपुर जिला - रायपुर से रूपये 2000/- नगद भुगतान कर आवेदन प्रारूप दिनांक 25.01.2019 शाम 05.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संस्था से कार्यालयिन समय में सम्पर्क कर सकते हैं।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि : दिनांक 25.01.2019 समय शाम 05.00 बजे तक।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 28.01.2019 समय दोपहर 01.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि - दिनांक 28.01.2019 समय दोपहर 02.00 बजे।

प्राचार्य
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
सड्डू, रायपुर (छ.ग.)

जी-57258/3

## क्विक न्यूज

### अब हर गरीब परिवार को मिलेगा उज्जवला योजना का लाभ

**जशपुरनगर।** केंद्र सरकार द्वारा गरीब महिलाओं को धुंआ से मुक्ति दिलाने के लिए उज्जवला योजना लागू की जिसके तहत निःशुल्क गैस चुल्हा और सिलेंडर का वितरण बीपीएल परिवार को किया जा रहा था लेकिन अब सभी गरीबों को उज्जवजला योजना का लाभ दिया जाएगा। इस संबंध में जिले के उज्जवला गैस योजना के नोडल अधिकारी हरिओमा श्रीवास्तव ने बताया कि 14 बिंदुओं का घोषणा पत्र भरकर देने के बाद आवेदक को पात्रता के अनुसार उज्जवला योजना के तहत गैस चूल्हा और सिलेंडर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जशपुर प्रदेश में उज्जवला योजना के तहत किट वितरण करने में टॉप पर भी रह चुका है। लाखों की संख्या में हितग्राहियों को गैस किट दिया जा चुका है। अब नया नियम लागू हो जाने के बाद अत्यधिक लोगों को इसका लाभ मिलेगा।



### कोचियों व अवैध धान खपाने वालों में हड़कंप

**कोरिया।** कलेक्टर श्री नरेंद्र दुग्गा के निर्देश पर जिले में लगातार कोचियों एवं अवैध धान खपाने वालों पर निगाह रखी जा रही है, जिससे इनमें हड़कंप मची हुई है। इसी कड़ी में कृषि ऊपज मंडी के निरीक्षकों एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक के द्वारा विगत दिनों जिले के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के तहसील केल्हारी अंतर्गत संचालित गुप्ता ट्रेडर्स से अवैध रूप से भण्डारित कुल 136 क्विंटल धान की जप्ती की गई। जिसमें दुकान से 16 क्विंटल एवं गोदाम से 120 क्विंटल धान शामिल है।

## हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यों की समीक्षा

# बेहतर रिजल्ट के लिए ठोस रणनीति तैयार करें : नरेंद्र दुग्गा

पायनियर संवाददाता ◄ कोरिया
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर के आडिटोरियम में जिले के समस्त शासकीय हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर दुग्गा ने उपस्थित सभी प्राचार्यों को अंग्रेजी नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी । इस नूतन वर्ष में भी सभी के सहयोग से कार्य करने की बात कही। इसी तरह उन्होंने उपस्थित सभी प्राचार्यों को बेहतर रिजल्ट के लिए ठोस रणनीति तैयार करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर दुग्गा ने उपस्थित सभी प्राचार्यों को एवं उनके अधीनस्थ कार्यरत शिक्षकों को संबंधित विद्यालय में समय से पूर्व उपस्थित होने और कक्षा में प्रवेश के पूर्व मोबाईल फोन पूर्ण रूप से बंद करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन विद्यालयों की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्तमान में पाठ्यक्रम की स्थिति अपूर्ण हैं।

वे 15 जनवरी तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें। बैठक में उन्होंने



अनुशासन पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षकों को निर्धारित कालखण्ड में ही प्रवेश करना चाहिए तथा बच्चों में भी अनुशासन बनाये रखना प्राचार्यों की जिम्मेदारी है। इसी तरह बच्चों की अर्ध्दवार्षिक परीक्षा परिणाम को देखते हुए वार्षिक परीक्षा हेतु रणनीति बनाने तथा परीक्षा की तैयारी हेतु विषय वस्तु का अध्ययन कर बार बार उत्तर लिखने हेतु प्रेरित करने की बात कहीए जिससे बच्चे सभी प्रश्नों के उत्तर को लिखने में सक्षम हो सकें। बैठक में कलेक्टर दुग्गा ने बच्चों में व्याप्त गणित विषय के भय को समाप्त करने हेतु गणित के प्रश्नों को बार बार हल कराने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर दुग्गा ने कहा कि अभी बोर्ड परीक्षा के लिए लगभग 40 दिनों का समय है, जिसमें परीक्षा परिणाम को बेहतर करने के उद्देश्य से कमजोर बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था एवं अतिरिक्त कक्षाएं आदि की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि फ रवरी के प्रथम सप्ताह में प्री बोर्ड परीक्षा ली जाएगी, इस हेतु आप नियमित रूप से अध्ययन अध्यापन पर ध्यान केंद्रित करें। बैठक में कलेक्टर दुग्गा ने कहा कि चालू वर्ष बोर्ड परीक्षा 2019 में बोर्ड के द्वारा कक्षा 10वीं के परीक्षार्थियों को 40 पेज की उत्तर पुस्तिका प्रदान की जायेगी, जिसमें परीक्षार्थी का नाम, रोल नंबर, विषय कोर्ड, माध्यम, परीक्षा तिथि आदि पूर्व से ही अंकित होगा। बच्चों को केवल अपने प्रश्नपत्र का कोड ही अंकित करना होगा। यह व्यवस्था 12वीं हेतु अगले शिक्षा सत्र से लागू होगी। उन्होंने कहा कि ओपन परीक्षा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं दोनों में यह व्यवस्था इसी सत्र से लागू होगी। इस हेतु उन्होंने प्राचार्यों को सभी शिक्षक से परीक्षा तिथि को संबंधित परीक्षार्थी के अंकित जानकारियों का मिलान सही सही कराने के निर्देश दिये, ताकि परीक्षार्थी का किसी भी दशा में नुकसान न होने पाये। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा शासकीय हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे।

## 2017 की तुलना में वर्ष 2018 में कमी आई

# यातायात जवान की जागरूकता से दुर्घटना में आई कमी



पायनियर संवाददाता ◄ कोरिया
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के यातायात विभाग में पदस्थ सैनिक महेश मिश्रा ने यातायात संबंधी जागरूकता अभियान चला कर सड़क दुर्घटना के आंकड़ों में कमी की है। बीते वर्ष जिले भर में स्कूल/कॉलेज/ एनएसएस/ स्काउट के छात्रों व आमजन को यातायात नियमों, संकेतों और चिन्हों की संपूर्ण जानकारी प्रदान करने व उनके यातायात संबंधी समस्या का समाधान करने का कार्य कर रहे है। जिसके परिणाम स्वरूप वर्ष 2017 की तुलना में 2018 में सड़क दुर्घटना में 5 प्रतिशत मृतक में 16 प्रतिशत एवं घायलों की संख्या में 17 प्रतिशत की कमी आई है।

जिले में यातायात के प्रति लोगों को जागरूक करने में एक ऐसा नाम जो आज हर किसी के जुबान पर है। सैनिक महेश मिश्रा के यातायात जागरूकता अभियान को समाज सेवा ने अपनाकर दुर्घटना के ग्राफ को बढ़ने से रोक दिया है। महेश के लिए यह अभियान जुनून बन चुका है जिसका परिणाम स्वरूप सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2017 की तुलना में वर्ष 2018 में कमी आई। यातायात जागरूकता अभियान की सार्थकता को प्रदर्शित करता है जहां वर्ष 2017 में 373 सड़क दुर्घटनाओं में 137 लोगों की असामयिक मौतें एवं 406 लोग घायल हुए थे वहीं वर्ष 2018 में 351 सड़क दुर्घटनाओं में 115 मौतें व 336 लोग घायल हुए हैं। मिश्रा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में और प्रभावी ढंग से रोक लगाने हेतु उनका लक्ष्य स्कूली शिक्षा पाठ्यक्रम में माध्यमिकए उच्च माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर पर एक पाठ यातायात का शामिल कराने का है जिससे कि छात्रों को पढ़ाई के साथ ही यातायात के नियमोंएसंकेतों एवं चिन्हों की पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके व सड़क दुर्घटनाओं में रोक लग सके। आज देश में असामयिक मौतों का सबसे प्रमुख कारण सड़क दुर्घटना है सड़क दुर्घटना में मौतों के मामले में सबसे अधिक युवा वर्ग के होते हैं इन मौतों को रोकने का सबसे अच्छा जरिया होगा कि छात्र जीवन से ही नियमों की पूर्ण जानकारी प्रदान कर दी जाए क्योंकि बहुत से ऐसे लोग हैं। जो जानकारी के अभाव में दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं आज के युवा वर्ग में स्टाइलिश व महंगी गाड़ियों का शौक बहुत तेजी से बढ़ रहा है साथ ही चंद पलों की खुशी दिखावे व साथियों के साथ स्टंट करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है जो की पूर्णतः जोखिम भरा होता है इन युवाओं को अगर नियमों के संपूर्ण जानकारी प्रदान कर दी जाए तो निश्चित ही दुर्घटनाओं में कमी देखने को मिलेगी गौरतलब है कि श्री मिश्रा द्वारा पूरे वर्ष भर के दौरान लगभग 150 यातायात जागरूकता कैंप लगाकर लाखों लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करने का कार्य पूरे तन मन धन के साथ किया गया।

### दुर्घटनाओं की थानावार जानकारी

| थाना का नाम | दुर्घटना | मृतक | घायल |
|---|---|---|---|
| बैकुंठपुर | 61 | 12 | 48 |
| मनेंद्रगढ़ | 50 | 06 | 51 |
| चिरमिरी | 29 | 06 | 18 |
| खडगवाँ | 42 | 34 | 26 |
| पोंड़ी | 20 | 08 | 12 |
| पटना | 45 | 15 | 65 |
| चरचा | 27 | 08 | 12 |
| सोनहत | 23 | 06 | 32 |
| केल्हारी | 17 | 04 | 28 |
| जनकपुर | 19 | 07 | 20 |
| कोटाडोल | 10 | 07 | 10 |
| झगराखाँड | 08 | 02 | 07 |

# समय-सीमा की बैठक में की गई विभिन्न विभाग के कार्यों की समीक्षा



पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

- लंबित जांच प्रकरणों को आगामी 30 तक निराकृत करने के निर्देश
- पेंशन योजनाओं की राशि हितग्राहियों के खाते में समय पर जारी किया जाए

जिला सीईओ आरके खुटे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभाग के कार्यो की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर केके बेहार, संयुक्त कलेक्टर अमृत लाल ध्रुव और जेआर चौरसिया तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

खुटे ने जिले में स्कूली बच्चों को जारी जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए शेष बचे प्रकरणों को एक सप्ताह में निराकृत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर जिन.जिन विभागों में विभिन्न मामलों में जांच प्रकरण लंबित है, उन्हें अनिवार्य रूप से आगामी 30 जनवरी तक निराकृत करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही वर्ष 2018 तक की अवधि के समय.सीमा के प्रकरणों को एक सप्ताह में निराकृत करें। जिन विभागों में वाहन कंडम हो चुके हैं, उसकी जानकारी भी जल्द से जल्द संबंधित विभाग प्रमुख प्रेषित करें।

जिला सीईओ ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि लोक प्रयोजन की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में तेजी लाये। वन अधिकार पट्टा के आवेदनों का निराकरण कर पात्र हितग्राहियों की जानकारी शीघ्र तैयार करें।

खुटे ने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत पेंशन योजनाओं की राशि हितग्राहियों के खाते में समय पर जारी किया जाए। उन्होंने जनपदवार मजदूरी भुगतान की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे गांव जहां पुलिया या सड़क नहीं होने के कारण बारह माह पहुंच नहीं हो पाती, उन्हें चिन्हाकिंत करें और मनरेगा के तहत वहां सड़क और पुलिया निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर जिला पंचायत में प्रेषित करें। बैठक में धान खरीदी की समीक्षा की गई।

अधिकारियों द्वारा बताया गया कि अब तक जिले में 19 लाख 62 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है तथा 14 लाख क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। बैठक में नामातंरण, भू.अर्जन, लोक सेवा केन्द्र की सेवाओं, कृषि विभाग के अंतर्गत वाटर शेड संबंधी कार्य तथा 3 फ रवरी को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो कार्यक्रम सहित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये।

# ओडीएफ स्थायित्व के लिए समूह की महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ मनोरा
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत मनोरा में सोमवार को मीटिंग हॉल में स्वास्थ्य भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत ओडीएफ स्थायित्व के लिए विकासखंड में कार्यरत स्व सहायता समूह की महिलाओं को जिला सलाहकार राजेश जैन के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसमें शौचालय के शत प्रतिशत उपयोग और रखरखाव के बारे में जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण देते हुए जिला सलाहकार ने बताया कि जिले के सभी ओडीएफ ग्रामों में निर्मित शौचालय का सतत् उपयोग एवं स्थायित्व बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्व सहायता समूह महिलाओं के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें राजेश जैन ने कहा की 19 बिंदुओं पर अगर समूह वाले काम करेंगे तो उन्हें मजदूरी भुगतान मिलेगा।

राजेश जैन ने समूहों को कहा कि एक एक घर में जाकर आप परीक्षण करें और देखें और स्कूलों में और आंगनबाड़ियों में भी जाकर देखें। स्वच्छता के बारे में शिक्षकों को बताएं।



### स्वास्थ्य ही जीवन की कुंजी है

जनपद सीईओ मनोरा अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि स्वस्थ जीवन शैली के बारे में बताते हुए कहा कि अगर इंसान स्वच्छ रहेगा तभी वह स्वस्थ्य रह सकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन की कुंजी है। इसलिए आप लोग जितने भी समूह में हैं वह सारे घर-घर जाकर स्वच्छता के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करें और परीक्षण करें और समझाएं कि स्वच्छ जीवन शैली से क्या हासिल हो सकता है। और वह क्यूं जरूरी है। सहायक विकास विस्तार अधिकारी श्रधा ओहदार ने बताया कि स्वच्छता के बारे में और आपको खूब संघर्ष करना होगा तभी ग्रामीण स्वच्छता के संबंध में बेहतर तरीके से समझ पाएंगे और उसे अपने दैनिक जीवन में अपनाएंगे।

# कॉलेज के अंदर असामाजिक तत्व कर रहे हैं गुंडागर्दी

पायनियर संवाददाता ◄ कोरिया
www.dailypioneer.com

जिला के पटना में अभी तक असामाजिक तत्वों द्वारा सरेराह लड़कियों के साथ छेड़खानी व कॉलेज परिसर में शराब पीने की शिकायतें ही सामने आती रही हैं। लेकिन पुलिसिया कार्यवाही न होने से इन असामाजिक तत्वों के हौसले इतने बुलंद हो गए की अब ये सरकारी कॉलेज के अंदर पहुंचकर अपनी गुंडागर्दी करने से बाज नहीं आ रहे है। छात्रों ने रैली निकालकर महाविद्यालय की सुरक्षा की मांग की दरअसल भ्रष्ट कमाई के जने यह असामाजिक तत्व अब समाज के लिए कोढ़ बन गए हैं। अभी कोढ़ के इलाज के लिए पटना के पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय के छात्र.छात्राओं ने पटना थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्य आईएल देवांगन ने बताया कि पटना



कया कॉलेज इन दिनों असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है इसकी जानकारी पुलिस को देने के बाद भी किसी प्रकार का कार्यवाही ना होने से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं और कॉलेज के छात्र-छात्राओं में भय बना हुआ है। प्राचार्य ने बताया कि इन असामाजिक तत्वों ने कार की पेंसिल से बने बंगड़ी वालों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया इतना ही नहीं महाविद्यालय में कांच की खिड़कियों एवं बाउंड्रीवाल के अंदर लगे नलों को भी तोड़ फोड़ दिया, इतना ही नहीं परिसर में शराब पीकर खाली बोतलें भी फेंक दी जाती हैं। इसकी सूचना थाने में कई बार लिखित व मौखिक की गई ।

# लालसोट ब्राह्मण समाज ने विधायकों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

आदि गौड़ ब्राह्मण समाज एवं लालसोट ब्राह्मण समाज के द्वारा कुल के गौरव विधायकों का सम्मान किया गया। कुंदन भवन में समस्त विप्रजनों की उपस्थिति में भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा तथा बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

सर्वप्रथम आदि गौड़ समाज के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा तथा लालसोट समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा ने अतिथियों को भगवान परशुराम की पूजा के लिए आमंत्रित किया। तत्पश्चात अतिथियों को माला पहनाकर उनका मंच पर स्वागत किया। इस अवसर पर भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि एकता में ही ताकत होती है। मुझे समाज के साथ.साथ पूरे नगर का सहयोग और समर्थन प्राप्त हुआ है। जिसके लिए मैं बहुत.बहुत आभारी हूं। नगर हित समाज हित में



मुझसे जो उम्मीद लोगों ने रखी है, मैं उसे पूरा करने का प्रयास आवश्यक करूंगा। बलोदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण होने पर हमें गर्व होना चाहिए। कुछ लोग यह जरूर कहते रहते हैं किए अगर हम ब्राह्मण नहीं होते तो आज बहुत बड़ी पोस्ट पर होते, जबकि वह यह भूल जाते हैं कि स्वयं ब्राह्मण होना ही खुद में एक बहुत बड़ी पोस्ट होती है। मैंने अपनी पढ़ाई के दौरान आरक्षण का दंश भी झेला है। इसलिए सभी चीजों को समझता हूं। समाज के युवाओं को जब भी मेरी जरूरत पड़ेगी मैं हमेशा उनके लिए तत्परता से खड़े रहूंगा। कार्यक्रम में महिलाएं, बुजुर्ग, युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। महिलाओं ने भी मंच से अपनी बात रखी। सम्मान समारोह के बाद प्रसाद स्वरूप भोजन की व्यवस्था कुंदन भवन परिसर में रखी गई थी। इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेंद्र शर्मा, नरेश चौबे, संतोष पुरोहित, सतनारायण जोशी, छगन शर्मा, रमेश तिवारी, राजकुमार शर्मा, द्वारका पांडे, राकेश उपाध्याय, राकेश तिवारी, बसंत भृगु, मनीष मिश्रा, आनंद शर्मा, समीर भृगु, अभिषेक उपाध्याय, हरगोपाल शर्मा, रेखु शर्मा, प्रदीप शर्मा, धनजी जोशी, दादू शुक्ला, मन्नी महाराज, सुनील दुबे, धनंजय तिवारी आदि उपस्थित रहे।

**आयोजन** सोलह संस्कारों में से एक संस्कार गर्भधान संस्कार होता है

# मातृगोष्ठी का आयोजन, माताओं ने रखे अपने विचार

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में मातृगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्कूल में अध्ययनरत छात्र छात्राओ की माताओ ने इसमें शामिल होकर अपने अपने विचार रखे। गोष्ठी में भैया बहनों के सर्वागीण विकास में माताओं की क्या भूमिका और योगदान हो सकता है इस पर विस्तार से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रायपुर विभाग प्रमुख रेखा साहू थी। मातृगोष्ठी में उन्होंने कहा कि जीवन में संस्कार का महत्वपूर्ण स्थान है। सोलह संस्कारों में से एक संस्कार गर्भधान संस्कार होता है। बालक के मन में गर्भावस्था से ही सीखने की उत्कंठा जागृत होती है। इसलिए गर्भवती माता को अच्छे विषयों में चिंतन करना चाहिए अच्छी अच्छी पुस्तके पढ़नी चाहिए।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही मधु प्रजापति ने कहा कि माता अपने पुत्र के लिए सबकुछ समर्पित करने तैयार रहती है लेकिन वही पुत्र बड़ा होकर अपने माता-पिता का ध्यान नहीं रखते है। बच्चों को बाल्यावस्था से ही अच्छी शिक्षा और संस्कारी गुण देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि रायपुर जिला प्रमुख सीता मिश्रा थी, उन्होंने भैया बहिनों के शारीरिक, बौध्दिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए स्वर्ण प्रासन कराने की बात कही। कार्यक्रम में विनोदनी मिश्रा ने स्कुल के विकास के लिए सभी से सहयोग करने की अपील की। इसके बाद माताओं को शिशुओं के संबंध में होने वाले समस्या एवं समाधान के विषर्य में चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य बिसरूराम प्रजापति, विभाग समन्वयक मानिकलाल साहू ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन आचार्य गिरवर ध्रुव ने किया। इस मौके पर व्यवस्थापक रिखीराम यादव, कोषाध्यक गिरीश दत्त उपासने, आचार्य डगेश्वर राम साहू, भागवत प्रसाद गंधर्व, विक्रम भैसाल, उषा यादव, विद्या साहू, कुसुमलता दौरिया, नंदनी मेश्राम, हेमेश्वरी देवांगन, खेदी बाई, अमरिका बाई सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# साउथ एसोसिएशन ग्रेपलिंग चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

साउथ एसोसिएशन ग्रेपलिंग चैम्पियन शिप भूटान के लिए छतीसगढ़ के 10 खिलाड़ियों में अमरत्य वर्मा, हर्षित कचवानी, प्रियांश यदु, अमन यादव, सक्षम मिश्रा, सचिन साहू ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वही अमन जागड़े, बलराम यादव, वंशविनायक सोनी, विभांशु मिश्रा को रजत पदक प्राप्त करने सफलता मिली। छत्तीसगढ़ के कोच मनीष जोगी एवं ट्विंकल देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए पदक जीताकर हमारे देश का नाम रोशन किया है। इन सभी खिलाड़ियों एवं कोच को ग्रेपलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के



अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सोनी, उपाध्यक्ष अमरजीत सलूजा, कोषाअध्यक्ष, सुभाष भटटर, सचिव भीषम वर्मा, सहसचिव शुभम तिवारी एवं भरत कचवानी के अलावा सदस्य मदन जागड़े, मनोहर आर्य, योगेश नेताम, गणेशु पाल एवं सतीश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल आदि सदस्यों ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनायें दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विजेताओं की टीम बुधवार को अहमदाबाद एक्सप्रेस वापस आ रही है। जिस पर उपाध्यक्ष अमरजीत सलूजा ने अधिक से अधिक सदस्य स्टेशन में पहुंचकर टीम का उत्साह वर्धन करने की अपील की है।

### तात्कालिक सुरक्षा ड्राइंग एवं पेंटिंग स्पर्धा 13 को

**भिलाई ।** बीएसपी के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 13 जनवरी को सेक्टर-8 के सुनीति उद्यान में 9 से 12 बजे तक भिलाईनगर के शालेय छात्र-छात्राओं के लिए तात्कालिक सुरक्षा ड्राइंग एवं पेंटिंग स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागियों को 1/4 आकार की ड्राइंग शीट संयंत्र के आयोजनकर्ता विभाग द्वारा प्रतियोगिता के समय उपलब्ध कराई जायेगी। पेंटिंग के लिये आवश्यक अन्य सामग्रियाँ पेंन्सिल, वॉटर कलर, ऑइल पेंट, क्रेओन कलर आदि प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा। चयनित सभी प्रविष्टियों को नेहरु आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर में 29 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाएगा। छात्र-छात्राओं के छः श्रेणियों-कक्षा नर्सरी, कक्षा 1 से 3, कक्षा 4 से 5, कक्षा 6 से 8, कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों तथा दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु आयोजित की जाएगी।

# कांग्रेस की पूर्ण कर्ज माफी नहीं करने के विरोध में भाजयुमों ने खोला मोर्चा



पायनियर संवाददाता ∢ कसडोल
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल कसडोल के कार्यकर्ताओं द्वारा किसानों की पूर्ण कर्जमाफी न करने तथा कांग्रेस के वादाखिलाफी के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

विदित हो कि कांग्रेस द्वारा किसानों की संम्पूर्ण कर्जमाफी की बात घोषण पत्र में की गई थी जो अब तक नहीं हुआ प्रदेश की भूपेश सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के द्वारा किसानों के साथ छल करने का आरोप भाजयुमो द्वारा लगाया गया एवं संम्पूर्ण कर्जमाफी न हो जाने तक संघर्ष जारी रखने पर सहमति बनी इसके बाद कार्यकर्ताओं ने कर्जमाफी के मांग को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम ज्ञापन दिया गया।

भाजयुमो कार्यकर्ताओ द्वारा नगर पंचायत कार्यालय से तहसील कार्यालय तक पैदल मार्च निकालकर नारे लगाते हुए विरोध में रैली निकाली एवं जो वादे करके सत्ता हासील कांग्रेस ने किया है उसे तुरंत पूरा न करने की दशा में जैसा कि 10 दिन के भीतर कर्जमाफी का वादा किया गया था लेकिन अब तक सिर्फ को-आपरेटिव बैंक एवं ग्रामीण बैंक का ही कर्ज माफहो पाया है। जबकि राष्ट्रीयकृत बैंकों से लिया गया किसानो का कर्ज माफनहीं हुआ है। जब तक घोषणा पत्र में किये गये हर वादे पूरे नहीं होंगे।

भारतीय जनता युवा मोर्चा जनहीत एवं कृषकहीत में आंदोलन करता रहेगा व सड़क से लेकर विधानसभा तक कि लड़ाई के लिए तत्पर रहेंगे ऐसी चेतावनी उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने दी और अनुविभागीय अधिकारी को अपना ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सत्यनारायण पटेल जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो, अनिल श्रीवास मंडल अध्यक्ष भाजयुमो, गणेश साहू जिला कार्यकारिणी सदस्य, सूजे साहू महामंत्री भाजयुमो, राजू साहू कोषाध्यक्ष भाजयुमो, नागेश साहू ओमप्रकाश निराला, राम कुमार रजक, अटल संत राम भदरा सरपंच, राजेन्द्र साहू, हेम दास, चंदराम साहू, रितेश जायसवाल, रविकांत बंजारेए, पुष्पेंद्र साहू, पुष्पराज विश्वकर्मा, जय साहू, घनश्याम जायसवाल, सुरेन्द्र साहू, राजेश शुक्ला, कौशल दास, कमलेश यादव, सेवक साहू उपाध्यक्ष भाजयुमो, रवि कैवर्त्य, बृज लाल घृतलहरे, राम गोपाल घृतलहरे, जगदीश घृतलहरे, मंगलू राम पटेल, दूज राम पटेल, कृष्ण कुमार बांधे आदि भाजयुमो कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए।

### अवैध ईंट-भट्ठा और सब्जी बाड़ी की भरमार

# तट में हो रहे अवैध कब्जे नदी का अस्तित्व खतरे में

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले की जीवनदायनी शंकरी नदी अब अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में नदी तट पर हो रहे अवैध कब्जों से नदी तट सिमट गए है। कहीं अवैध ईंट भट्ठे संचालित हो रहे है तो कहीं अवैध रूप से सब्जी बाड़ी लगाकर नदी पर दोहन किया जा रहा है। ऐसे में नदी का संरक्षण व संवर्धन एक कड़ी चुनौती है।

शंकरी नदी का उद्गम कबीरधाम जिले के दक्षिण पश्चिम किनारे से मैकल पर्वत श्रृंखला से है। यह नदी जिले के दक्षिण पश्चिम कोने से बहती हुई पूर्व दिशा की ओर जाती है। यह नदी मैकल पर्वत श्रृंखला के समुद्र सतह से 888 मीटर ऊंचाई से उद्गमित होकर लगभग 14 किमी घने जंगलों एवं पहाड़ी से होते हुए बह रही है। उद्गम स्थान से 14 किमी दूरी तक 27 फीट का जल प्रपात है। जिसकी समुद्र सतह से ऊंचाई 420 मीटर है। जल प्रपात के नीचे की ओर यह नदी 21 किमी की गहरी खाई से होते हुए भोरमदेव मंदिर के पास पठारी सतह पर बहना प्रारंभ करती है।





### शहर का गंदा पानी नदी को कर रहा दूषित

मैकल पर्वत श्रेणियों के बीच भोरमदेव के जंगल में दूरदुरी के समीप उद्गम शंकरी नदी जंगल क्षेत्रों में आज भी खिलखिलाती हुई प्रवाहित होती है। लेकिन ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लोगों द्वारा नदी के तटों पर किए जा रहे अवैध ईंट भट्ठे तथा सब्जी बाड़ी के चलते नदी तट अब खत्म होने लगी है। ऐसे में शंकरी नदी अपने प्रवाह तथा अस्तिव को लेकर स्वयं संघर्ष कर रही है। कवर्धा शहरी क्षेत्रों में नालियों के गंदे पानी नदी में मिलने से नदी का पानी दुषित हो चुका है। राजमहल चौक, शकरहा घाट तथा मिनीमाता चौक केसमीप नदी में शहर का गंदा पानी मिलकर नदी के पानी को पूर्ण रूप से दूषित कर रहा है। ऐसे में नदी को बचाए रखना कड़ी चुनौती है।

### शंकरी और फोंक नदी का होता है संगम

शंकरी नदी 21 से 47 किमी ढलान युक्त पठार में बहते हुए कवर्धा नगर तक आती है। कवर्धा नगर पश्चात 47 से 83 किमी तक कबीरधाम जिले में एवं 83 से 90 किमी दुर्ग जिले में बहते हुए फोक नदी में मिलती है। शंकरी एवं फोंक नदी का संगम स्थल समुद्र सतह से 272 मीटर ऊंचाई पर है। इस तरह यह नदी 90 किमी मे 888 मीटर से 272 मीटर यानी 616 मीटर डॉप करती है। नदी का संपूर्ण जल ग्रहण क्षेत्र 666 वर्ग किमी है। जिससे 266 मिलीयन घन मीटर जल प्राप्त होता है।

# भूपेश सरकार ने समझा छत्तीसगढ़ियों का दर्द, आएगी खुशहाली

पायनियर संवाददाता ∢ कसडोल
www.dailypioneer.com



बिलाईगढ़ विधायक चंद्रदेव ने की राज्यपाल के अभिभाषण की तारीफ कहा 15 साल से दंश झेल रही थी छत्तीसगढ़ की जनता अब मिली मुक्ति रायपुर, बिलाईगढ़ विधायक चंद्रदेव प्रसाद राय राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर कहा कि 15 साल बाद सरकार ने आम छत्तीसगढ़ियों के दर्द को समझा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सच्चा किसान और माटी पुत्र है। राज्यपाल के अभिभाषण से सरकार की नीति और नीयत स्पष्ट झलकती है। सरकार सभी वर्ग को ध्यान रखा है, ताकि छत्तीसगढ़ का समपूर्ण विकास हो सके। किसानों का कर्जमाफी, 2500 समर्थन मूल्य धान के अलावा चना, सोयाबीन, मक्का, गन्ना आदि फसलों का भी समर्थन मूल्य बढ़ाने का संकल्प बताता है कि सरकार को किसानों की सरकार है। बिजली बिल हाफआम जरूरतों के प्रति सरकार की दृष्किोण को बताता है। श्री राय ने कहा सर्वजन स्वास्थ्य योजना से आम जनता के स्वास्थ्य के प्रति सरकार गंभीरता पता चलती है। शिक्षा का अधिकार को मिडिल से लेकर अब हायर सेकेंडरी तक बढ़ाने का निर्णय यह बताता है कि सरकार छत्तीसगढ़ के भावी पीढ़ियों और मजबूत बनाना चाहती है। छात्राओं पीजी तक शिक्षा निशुल्क शिक्षा देने से बेटियां और भी समक्ष होंगी। सरकार अनियमित, संविदा और दैनिकवेतन भोगियों के प्रति भी चिंतित है। आउटसोर्सिंग को समाप्त कर अब एक लाख युवाओं को रोजगार की व्यवस्था भूपेश सरकार करेगी। पुलिस कर्मचारियों की सभी मांगों पर सरकार विचार कर रही है। विधवाए निराश्रित समेत सभी प्रकार के सामाजिक सुरक्षा योजना के पेंशन को बढ़ाने, संपत्ति कर कम करने, यूजर चार्ज कम करने, वनोपजों का समर्थन मूल्य बढ़ाने, शराब बंद के लिए दिशा में प्रयासरत है। 15 साल से किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी और अनुसूचित जाति वर्ग समेत छत्तीसगढ़ के सभी वर्ग के लोग शोषित रहे हैं। भूपेश सरकार के इस साहासिक और ऐतिहासिक फैसलों से प्रदेश में नई खुशहाली आएगी।

## सरस्वती संस्कार केंद्र का हुआ शुभारंभ

**कोटा।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान एवं सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के योजना अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगी रोड कोटा द्वारा कोटा के देवरिया पारा में विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष वेंकट लाल अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य कोषाध्यक्ष वासुदेव रेड्डी के विशिष्ट आतिथ्य एवं सचिव अजय अग्रवाल की अध्यक्षता में मां सरस्वती ओम एवं भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती संस्कार केंद्र का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल साहू द्वारा सरस्वती संस्कार केंद्र को समाज के लिए अति आवश्यक बताते हुए कहा कि सरस्वती संस्कार केंद्र में गरीब परिवार के बच्चे जो किसी अन्य शासकीय अशासकीय विद्यालय में पढ़ नहीं पाते ऐसी बस्ती जहां पर संस्कार का एक अच्छा वातावरण नहीं मिलता जहां बच्चे शाला त्यागी हो जाते हैं।

# धमधा में आज व दुर्ग में 10 जनवरी को रायशुमारी

**दुर्ग।** जिले के किसानों के समग्र विकास हेतु राज्य सरकार की जन घोषणा को जिले में क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की गई है। इसी कड़ी में कलेक्टर की अध्यक्षता में विकासखण्ड स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। विकासखण्ड पाटन में 8 जनवरी को, धमधा में 9 जनवरी को एवं विकासखण्ड दुर्ग में 10 जनवरी 2019 को दोपहर 12.30 बजे से विकासखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में किया जाएगा। कार्यशाला में किसानों के समग्र विकास हेतु राज्य सरकार की जन घोषणा के अनुरूप छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी की पहचान को कायम रखने के लिए कार्यशाला में जिले, विकासखण्ड एवं मैदानी स्तर के अधिकारी/कर्मचारी के साथ कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन क्षेत्र से उन्नत कृषक उपस्थित रहेगें। जिनसे जन घोषणा के क्रियान्वयन की रूप रेखा तैयार करने हेतु सुझाव प्राप्त कर कार्ययोजना निर्धारित किया जाएगा। कार्यशाला में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के समन्वित विकास हेतु मनरेगा तथा विभागीय योजनाओं द्वारा सिंचाई क्षेत्र विस्तार, जल ग्रहण संरचनाओं का समुचित उपयोग तथा निर्माण, काश्त लागत कम करने हेतु जैविक खेती प्रोत्साहन, पशुधन एवं मत्स्य पालन विकास के साथ उद्यानिकी फसलों के विस्तार हेतु स्थानीय स्तर पर अधिकारियों/ कर्मचारियों व उन्नत कृषक से सुझाव प्राप्त कर कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

# पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस को लेकर जिले में सबसे बड़ा सर्वे

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में पेट्रोलियम भंडार होने की संभावनाओं को देखते हुए सर्वे शुरू हो चुके हैं। इसे लेकर भूगर्भीय सर्वे किए जा रहे हैं। और सबसे ज्यादा सैंपल सहसपुर लोहारा ब्लॉक में इकट्ठे किए गए है। अब तक जमीन के भीतर 200 फीट तक गड्ढे खोदने के बाद उनसे निकले तत्व को लैब भेज दिया गया है। सैंपल की स्टडी रिपोर्ट सैटेलाइट के जरिए सीधे भेजी गई है। जहां इनका विस्तार से अध्ययन होगा, जिसके बाद तय हो सकेगा कि यहां के जमीन में पेट्रोल उत्पादों के होने की संभावनों पर मुहर लग पाती है या नहीं। कवर्धा के सहसपुर लोहारा और इससे लगे हुए पंडरिया ब्लॉक के गांवों में पिछले एक महीने से लागतार सैंपल इकठ्ठा करने का दौर जारी है। लोहारा के पास खड़ौदा गांव में भी कुछ खेतों में बोर खोदे गए हैं। इसके अलावा, तालपुर, बांधाटोलाखार, महराटोला, स.लोहारा सारी,इरिमकसा, कौहारी, खड़ौदा, बिरनपुर, ओड़ियाकला, ओड़ियाखुर्द, कुम्हारदनिया, कारेसरा, चारभांठा समेत कई गांवों में खेतों में बोरिंग मशीन से खोदाई हुई है। यहां 200 फीट खोदाई कर सैम्पल लिए जा रहे हैं। और सैंपल की रिपोर्ट अध्ययन के लिए अहमदाबाद लैब भेजी जा चुकी है।

### पेट्रोल और नैचुरल गैस के लिए की 300 जगहों पर 200 फीट खुदाई



### यह सर्वे, छत्तीसगढ़ में अंतिम चरण में

ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉ.लिमिटेड ने हाईड्रोकार्बन महानिदेशालय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय से अनुमति लेते हुए राज्य के सभी विभागों में सहमति के बाद यह सर्वे शुरू कराया है। इसमें कंपनी इस क्षेत्र में तेल अथवा गैस की संभावना तलाश रही है। इसके पूर्व कंपनी ने सैटेलाइट के जरिए पहले ही इस अंचल का सर्वे किया था, जिसके बाद जमीनी स्तर पर सर्वे जारी है। यह काम दो वर्ष में होना था।

### पहले आयरन,बॉक्साइट लाइम स्टोन व तांबा के सर्वे, बॉक्साइट का खनन

जिले में पहले भी अलग-अलग सर्वे हो चुके हैं। जिनमें से सिर्फ बॉक्साइट खदान का संचालन जारी है। जिसे बालकों ने ले रखा है। जिले के बोड़ला ब्लॉक के दलदली-केसमर्दा क्षेत्रों में यह खदान चल रहा है। इसके अलावा लोहारा ब्लॉक के मिनमिनिया जंगल क्षेत्र के आसपास आयरन और भी सर्वे सामने आए हैं। इस क्षेत्र के पत्थरों में 65 फीसदी तक लौह तत्व पाए गए हैं। हालांकि अधिसूचित वन होने से यह प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में हैं। इधर लोहारा में ही लाइम स्टोन होने के भी पुख्ता प्रमाण है। कवर्धा शहर में भी वार्ड नंबर 7 में तांबा होने की जानकारी सामने आ चुकी है।

### यदि पेट्रो पदार्थ से संबंधित तत्व निकला, तो यह फायदा

सैटेलाइट सर्वे और फिर जमीन से सैंपल इकठ्ठा करने के बाद यदि कबीरधाम जिले के किसी भी क्षेत्र में पेट्रो पदार्थ होने की जरा सी भी गुंजाइश नजर आती है तो यह क्षेत्र के लिए आर्थिक तरक्क ी के सबसे बड़े कारणों में से एक हो जाएगा। विस्तृत सर्वे होंगे और क्षेत्रफल के आकलन के साथ ही उस तत्व की मात्रा के अनुमान के आधार पर बड़ी सरकारी कंपनियों के प्रोजेक्ट यहां लगेंगे।

### राज्य के 21 जिलों में सर्वेक्षण, रिपोर्ट भेजेंगे दिगी

केन्द्र सरकार द्वारा प्राकृतिक खनिज के खोज में छत्तीसगढ़ के कई जिलों में 2डी भूंकपीय सर्वेक्षण किया जा रहा है। जो पहले मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में भी किया जा चुका है। इसके माध्यम से कंपनी जमीन के भीतर के परिस्थितियों की जांच करेगी। और इसके रिकॉर्ड शासन को सौंपे जाएंगे। इसके जरिए यह पता लगाने का प्रयास होगा कि जमीन के अंदर किस तरह के तत्व मौजूद हैं। सर्वे का कार्य बस्तर, धमतरी , कांकेर, गरियाबंद, मुंगेली, बेमेतरा, राजनांदगांव में भी हो चुका है। छत्तीसगढ़ में 21 जिलों में यह सर्वे होना है, जिसकी रिपोर्ट दिगी भेजी जाना है।

### महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं विभाग


# जिम्मेदार अधिकारी की अनदेखी से महिलाएं हो रही उत्पीड़न की शिकार

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

ऐसे कोई भी संस्था जहां 10 से अधिक कर्मचारी काम कर रहे है और महिलाओं की संख्या अधिक है तो ऐसे स्थान पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए समिति का गठन कर सकते हैं। ये समिति कार्य स्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव व उत्पीड़न की शिकायत कर सकते हैं। जिम्मेदार अधिकारी की अनदेखी के कारण काम-काजी महिलाएं उत्पीड़न का शिकार होना पड़ रहा है।

महिलाओं के कार्य स्थल पर होने वाले यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जो शिकायत सुनने व कार्रवाई करने के लिए अधिकृत होगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन यह समिति कार्य करेगी। अधिकतर काम काजी महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के मामले होते हैं। लेकिन महिलाएं किसी के पास जाकर शिकायत करे। ऐसे में बदनामी की डर से वे अपने कार्य स्थल पर ही सब कुछ सहते रहती है। ऐसे समस्या के लिए मंत्रालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के सभी ऐसी संस्था में गठित करें। जहां 10 से अधिक कर्मचारी व महिलाओं की संख्या अधिक हो, लेकिन महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ऐसे संस्थानों में टीम गठित करने ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिला स्तरीय समिति गठित

महिलाओं की सुरक्षा के लिए कार्यरत महिलाओं के विरूद्ध होने वाले यौन उत्पीड़न की शिकायत प्राप्त करने का अधिकार होता। इसके बाद मामले को संज्ञान में लेते हैं। हुए दोनों पक्षों की सुनवाई किया जाना था। जिसके आधार पर समिति के सदस्य व पदने पदाधिकारी तय करेंगे। मंत्रालय महिला एवं बाल विकास विभाग के शासकीय पत्र 9 दिसम्बर 2014 को जारी दिशा निर्देशानुसार महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिंक उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 की धारा 6 (1) के तहत स्थानीय शिकायत के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। लेकिन संस्थानों में गठन नहीं किया गया।



### एक नजर में महिलाओं के साथ हुए घटना पर

| अपराध | 2016 | 2017 | 2018 |
|---|---|---|---|
| दुष्कर्म | 40 | 36 | 42 |
| अपहरण | 71 | 60 | 77 |
| दहेज मृत्यु | 03 | 02 | 01 |
| शील भंग | 62 | 57 | 41 |
| यौन उत्पीड़न | 03 | 00 | 04 |
| प्रताड़ना | 14 | 14 | 19 |

जिला स्तरीय समिति बना हुआ है। शासकीय व निजी संस्था में समिति बनाया जा रहा है। कई कार्यालयों में बन चुके हैं।
**-एलआर कच्छप,** कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कबीरधाम

### परिजन भी कर सकते हैं शिकायत

किसी भी शासकीय कार्यालय व निजी संस्थान में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार व शोषण की शिकायत परिजन भी कर सकते हैं। उन्हें कार्य स्थल पर बने समिति के पास लिखित में शिकायत करनी होगी। इसके बाद जिला स्तर पर बनी टीम इसकी जांच कर कार्रवाई करेगी, लेकिन महिला एवं बाल विकास विभाग इसका प्रचार-प्रसार ही नहीं कर रहें है। जिले के कई ऐसे शासकीय कार्यालय व निजी संस्थान हैं, जहां महिलाओं की सुरक्षा के लिए टीम का गठन ही नहीं हुआ है। इसके कारण वे चाहकर भी शिकायत नहीं कर पाती है।

### हर संस्थान में बन सकती है समिति

महिला यौन उत्पीड़न के मामले को देखते हुए शासन ने इसे महिलाओं के लिए आसान रास्ता निकाला है। महिलाओं को शिकायत के लिए इधर उधर भटकना न पड़े इसके लिए हर संस्थान या प्रतिष्ठान में समिति का गठन किया जाना था, लेकिन इसके लिए संस्थान में कम से कम 10 से अधिक कर्मचारी होना अनिवार्य है। जहां 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है। वहां महिलाओं के लिए यौन उत्पीड़न की जांच व कार्रवाई करने लिए समिति का गठन किया जाना था। लेकिन जिले में समिति गठित करने जिम्मेदार अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### हम जीत से उत्साहित नहीं: कोंस्टेनटाइन

**अबुधाबी, (वार्ता)।** भारतीय फुटबाल टीम के प्रमुख कोच स्टीफन कोंस्टेनटाइन ने एएफसी एशियन कप के ओपनर में थाईलैंड के खिलाफ मिली जीत पर खुशी जताते हुये कहा है कि टीम इंडिया की निगाहें टूर्नामेंट पर लगी हैं और एक जीत से वह अति उत्साहित होकर अपनी लय नहीं खोएगी। भारत ने यूएई में चल रहे एएफसी एशियन कप के ग्रुप ए के ओपनिंग मुकाबले में थाईलैंड को 4-1 से पराजित किया था। मैच के बाद भारतीय कोच कोंस्टेनटाइन ने कहा,'' हम जो भी मैच खेलते हैं उसे जीतने की कोशिश करते हैं। हम मैच में 4-1 या 5-1 की जीत की उम्मीद नहीं कर रहे हैं।

### इमरान खान ने टीम इंडिया को दी बधाई

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और दिग्गज क्रिकेटर इमरान खान ने मंगलवार को भारतीय कप्तान विराट कोहली और उनकी टीम को आस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज़ जीत के लिये बधाई दी। भारत ने 71 वर्षों बाद आस्ट्रेलिया को उसी के घर में 2-1 से हराया है और वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली भी एशिया की पहली टीम बन गयी है। इमरान ने अपने ट्वीटर अकाउंट पर लिखा,÷विराट कोहली और भारतीय टीम को बधाई जिन्होंने आस्ट्रेलिया में पहली बार टेस्ट सीरीज़ जीती है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में आखिरी मैच सोमवार को ड्रॉ रहा था। जिसके साथ भारतीय टीम ने सीरीज़ अपने नाम कर ली। भारत ने वर्ष 1947-48 से आस्ट्रेलिया का दौरा शुरू किया है।

### सौराष्ट्र के लिये देसाई-जैकसन ने बनाये अर्धशतक

**राजकोट, (वार्ता)।** हार्विक देसाई(74) और शेल्डन जैकसन(65 रन) की अर्धशतकीय पारियों से सौराष्ट्र ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप ए मैच के पहले दिन विदर्भ के खिलाफ अपनी पहली पारी में सोमवार को 86 ओवर में पांच विकेट पर 218 रन बना लिये। अर्पित वासवदा 36 रन बनाकर नाबाद हैं। विदर्भ के लिये सुनीकेत बिंजवार ने सर्वाधिक तीन विकेट लिये।

### पंत में 'श्रेष्ठ' बनने की क्षमता: गांगुली

**कोलकाता, (वार्ता)।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरभ गांगुली ने भारत की आस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज़ जीत की प्रशंसा की है और युवा विकेटकीपर रिषभ पंत के भविष्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद व्यक्त की है। पंत ने अगस्त में इंग्लैंड दौरे में पदार्पण किया था और उसके बाद से नौ मैचों में दो शतक बना चुके हैं। वह आस्ट्रेलिया में चार टेस्टों की सीरीज़ में भी चेतेश्वर पुजारा(521 रन) के बाद 350 रन बनाकर दूसरे सर्वोच्च स्कोरर रहे। सिडनी में उन्होंने ड्रॉ आखिरी मैच में नाबाद 159 रन बनाये थे।

# पंत की सर्वश्रेष्ठ रैंकिग, 17वें नंबर पर पहुंचे, पुजारा नंबर तीन पर

वार्ता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

श्रीमान भरोसेमंद बल्लेबाज़ चेतेश्वर पुजारा आस्ट्रेलिया के खिलाफ संपन्न चार मैचों की सीरीज़ में अपने बेहतरीन प्रदर्शन से आईसीसी टेस्ट बल्लेबाज़ी रैंकिंग में तीसरे पायदान पर पहुंच गये हैं जबकि युवा विकेटकीपर रिषभ पंत भी अपने शानदार प्रदर्शन से करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गये हैं। 21 वर्षीय पंत ने सिडनी में ड्रॉ रहे टेस्ट मैच में नाबाद 159 रन की शतकीय पारी खेली थी जिससे उन्हें 21 स्थानों का फायदा मिला है और वह आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में 17वें नंबर पर पहुंच गये हैं जो उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। जनवरी 1973 में फारूख इंजीनियर के बाद किसी विशेषज्ञ भारतीय विकेटकीपर की यह संयुक्त सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है जबकि उनके 673 रेटिंग अंक भी किसी भारतीय विकेटकीपर का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है। धोनी की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 662 और इंजीनियर की 662 थी जबकि धोनी की टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ 19वीं रैंकिंग रही है और इस मामले में पंत ने पूर्व कप्तान को पीछे छोड़ दिया है। पंत की चार मैचों की सीरीज से पहले 59वीं रैंकिंग थी लेकिन सीरीज़ में 350 रन और 20 कैच लपकने के साथ उन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ 17वीं रैंकिंग हासिल कर ली।



### पंत ने 46 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी की

- विशेषज्ञ विकेटकीपर के तौर पर जनवरी 1973 में बल्लेबाजी रैंकिंग में 17वें नंबर पर पहुंचे थे। हालांकि, उनके रेटिंग अंक कभी भी 619 से ज्यादा नहीं रहे, जबकि पंत के उनसे 24 रेटिंग अंक ज्यादा हैं।
- ऋषभ रैंकिंग में भारत के हाइएस्ट विकेटकीपर बल्लेबाज बनने के अलावा रेटिंग अंक के मामले में भी टॉप भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं। उनके अब 673 रेटिंग अंक हो गए हैं।
- उनसे पहले विकेटकीपर के तौर पर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के सबसे ज्यादा 662 रेटिंग अंक थे। हालांकि, धोनी रैंकिंग में कभी भी 19वें स्थान से ऊपर नहीं पहुंच पाए।
- 2016 में आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में नेपाल के खिलाफ 18 गेंद पर अर्धशतक लगाने वाले पंत अपने नौवें टेस्ट के बाद ही रैंकिंग में अंडर-20 में पहुंचने में सफल हो गए हैं।
- पंत ने जब ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत की थी, तब वे टेस्ट रैंकिंग में 59वें नंबर पर थे। इसके बाद उन्होंने सीरीज में सात पारियों में 58.33 की औसत से 350 रन बनाए और टॉप-20 में पहुंच गए।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए सिद्धार्थ कौल भी टीम इंडिया में शामिल

# ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में नहीं खेलेंगे बुमराह, बीसीसीआई ने दिया आराम

वार्ता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय क्रिकेट प्रबंधन ने तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह को आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज़ और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी पांच वनडे तथा तीन ट्वंटी 20 मैचों की सीरीज़ में आराम दिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) ने मंगलवार को आगामी सीरीज़ के लिये टीम की घोषणा कर दी जिसमें बुमराह को सीमित ओवर प्रारूप के लिये आराम दिया गया है जबकि उनकी जगह मोहम्मद सिराज को आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज़ के लिये टीम में शामिल किया गया है। सिद्धार्थ कौल को अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्वंटी 20 सीरीज़ के लिये राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। बीसीसीआई ने जारी आधिकारिक बयान में कहा,'' बुमराह को अत्याधिक गेंदबाज़ी के मद्देनज़र आराम दिया गया है क्योंकि भारत को फरवरी-मार्च में आस्ट्रेलिया से वनडे तथा ट्वंटी 20 सीरीज़ खेलनी है।'' बुमराह ने सोमवार को संपन्न हुयी ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज़ जीत में 157.1 ओवर गेंदबाजी की थी जो किसी अन्य तेज़ गेंदबाज़ की तुलना में सर्वाधिक है। इतना ही नहीं वर्ष 2018 में भी बुमराह तीनों प्रारूपों में 511.3 ओवर फेंकने के साथ सर्वाधिक गेंदबाजी करने के मामले में दुनिया के दूसरे गेंदबाज़ रहे। शीर्ष पर आस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लियोन 636.3 ओवर के साथ हैं। भारतीय चयनकर्ताओं ने सिराज को बुमराह की जगह मौका दिया है जिन्होंने अब तक वनडे में पदार्पण नहीं किया है। उन्होंने आखिरी बार मार्च 2018 में निदहास ट्रॉफी में श्रीलंका के खिलाफ ट्वंटी 20 खेला था। सिराज वर्तमान में रेड बॉल क्रिकेट से अच्छी फार्म में चल रहे हैं और जुलाई से ही भारत ए की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने आठ मैचों में 18.04 के औसत से 47 विकेट निकाले हैं जिनमें तीन बार पारी में पांच विकेट शामिल हैं। टांटन में सिराज ने वेस्टइंडीज़ ए के खिलाफ 132 रन पर आठ विकेट और वॉरसेस्टर में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 134 रन पर सात विकेट का प्रभावशाली प्रदर्शन किया था।

**ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई ने लिया फैसला**



### क्रूस की चोट से बढ़ीं रियाल मैड्रिड की मुश्किलें

**मैड्रिड, (वार्ता)।** रियाल मैड्रिड के लिये चोटिल खिलाड़ियों की लगातार बढ़ती फेहरिस्त में एक और नाम जर्मन अंतरराष्ट्रीय मिडफील्डर टोनी क्रुस का जुड़ गया है जो एक महीने के लिये टीम से बाहर हो गये हैं। क्लब ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर क्रुस की चोट की पुष्टि की है जिन्हें मांसपेशियों में खिंचाव आया है और उनकी चोट ग्रेड-2 की है। हालांकि क्लब ने कहा कि क्रुस की वापसी चोट के ठीक होने पर निर्भर है जिससे उबरने में कम से कम तीन सप्ताह का समय लग सकता है। क्रूस चोट के कारण कोपा डेल रे में लेगानेस के खिलाफ मैच का हिस्सा नहीं बन पाएंगे, इसके अलावा अगले सप्ताह लीगा सेंटानडेर के खिलाफ मैच में भी नहीं खेल सकेंगे, वह सेविला और एस्पानियोल के खिलाफ लीग मैचों और रियाल मैड्रिड के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने पर आगामी मैच भी नहीं खेल सकेंगे। जर्मन फुटबालर को रियाल सोसिदाद के खिलाफ मैड्रिड को मिली 2-0 की हार के दौरान चोट लग गयी थी जिसके बाद मैड्रिड लीग तालिका में पांचवें नंबर पर खिसक गयी है, वह एफसी बार्सिलोना से अभी 10 अंक पीछे है।

# चीन ने किर्गिस्तान को हराया द. कोरिया और ईरान भी जीते

एजेंसी ◀ अबु धाबी
www.dailypioneer.com

चीन ने एएफसी एशियन कप के ग्रुप-सी के अपने पहले मैच में सोमवार को यहां खलीफा स्टेडियम में किर्गिस्तान को 2-1 से मात दी। चीन ने इस मैच में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत हासिल की। ग्रुप सी में दक्षिण कोरिया भी अपना मुकाबला जीतने में सफल रहा। उसने फिलिपींस को 1-0 से शिकस्त दी। यह मैच राशिद अल-मख्तूम स्टेडियम में खेला गया। वहीं, मोहम्मद बिन जायद स्टेडियम में हुए ग्रुप डी के मैच में ईरान ने यमन को 5-0 से हराया। उसकी ओर से मेहदी तरेमी ने दो गोल किए।



### पहली बार टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहा किर्गिस्तान

- चीन 1976 के बाद से लगातार इस टूर्नामेंट में खेल रहा है। उसने टूर्नामेंट में लगातार छठी बार अपना पहला मुकाबला जीता। किर्गिस्तान पहली बार इस टूर्नामेंट में खेल रहा है।
- किर्गिस्तान को हराने के साथ ही चीन ग्रुप-सी की तालिका में तीन अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया के भी तीन अंक हैं, लेकिन वह गोल अंतर के आधार पर दूसरे स्थान पर है।

# रॉस टेलर और हैनरी निकोल्स के शतक से न्यूजीलैंड को 3-0 से किया क्लीन स्वीप

वार्ता ◀ नेल्सन
www.dailypioneer.com

रॉस टेलर(137 रन) और हैनरी निकोल्स(नाबाद 124 रन) की शानदार शतकीय पारियों की मदद से न्यूजीलैंड ने मंगलवार यहां श्रीलंका को तीसरे वनडे में 115 रन के बड़े अंतर से हराकर सीरीज़ में 3-0 की क्लीन स्वीप कर ली। सीरीज़ से पहले ही हाथ धो चुकी श्रीलंका ने मंगलवार को यहां तीसरे मैच में टॉस जीतने के बाद न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी का मौका दिया जिसने निर्धारित 50 ओवर में चार विकेट पर 364 रन बनाये, लेकिन लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम 41.4 ओवर में 249 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने सीरीज़ में क्लीन स्वीप कर ली। न्यूजीलैंड की पारी में ओपनिंग जोड़ी मार्टिन गुप्टिल और कॉलिन मुनरो केवल 16 रन जोड़ पाये और सस्ते में पवेलियन लौट गये। लेकिन कप्तान केन विलियम्सन ने 55 रन की अर्धशतकीय पारी खेली और टेलर के साथ तीसरे विकेट के लिये 116 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। टेलर ने 131 गेंदों की शतकीय पारी में नौ चौके और चार छक्के लगाये और 17वां टेस्ट शतक बनाया जबकि निकोल्स ने केवल 80 गेंदों में 12 चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 124 रन की धुआधांर पारी खेली जो उनका चौथा टेस्ट शतक है।



### महिलाओं में हालेप लगातार दूसरे साल सीजन की पहली रैंकिंग में टॉप पर रहीं

# जोकोविच दो साल बाद पहली रैंकिंग में टॉप पर रहे

एजेंसी ◀ मैड्रिड
www.dailypioneer.com

सर्बिया के नोवाक जोकोविच सीजन की पहली एटीपी रैंकिंग में टॉप पर हैं। स्पेन के राफेल नडाल दूसरे और स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर तीसरे नंबर पर हैं। 31 साल के जोकोविच ने दो साल बाद सीजन की पहली रैंकिंग में टॉप स्थान से शुरुआत की है। पिछले साल जनवरी के पहले हफ्ते में जारी रैंकिंग में स्पेन के राफेल नडाल पहले नंबर पर थे, जबकि 2017 के सीजन की शुरुआत में ब्रिटेन के एंडी मरे टॉप पर थे। जोकोविच ने 2018 का समापन भी नंबर वन रहकर किया था। वे पिछले हफ्ते कतर ओपन के सेमीफाइनल में हार गए थे।



### ह्यून ने जगाई चेन्नई की वापसी की उम्मीद

**बेंगलुरू, (वार्ता)।** सुंग जी ह्यून ने यहां श्री कांतिरवा इंडोर स्टेडियम में खेले जा रहे वोडाफोन प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के चौथे सीजन में अवध वॉरियर्स के खिलाफ चेन्नई की वापसी की उम्मीदों को जिंदा कर दिया है। अवध की टीम सोमवार को शुरुआती दो मैच जीत 3-0 से आगे थी और अगले मैच में जीत उसे मुकाबले की विजेता बना देती, लेकिन ह्यून ने ट्रम्प मैच में बेइवान झांग को मात दे अपना मैच जीत चेन्नई के खाते में दो अंक डाल उसे मुकाबले में बनाए रखा है। पहला मैच मिश्रित युगल था, जहां वॉरियर्स के ली यांग और माथियास क्रिस्टिएनसेन का सामना चेन्नई के क्रिस एडकॉक और बी सुमित रेड्डी की जोड़ी से था।

### बोपन्ना की रैंकिंग में पांच स्थान का सुधार

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना टाटा ओपन महाराष्ट्र की खिताबी सफलता की बदौलत सोमवार को जारी ताजा टेनिस रैंकिंग में पांच स्थान के सुधार के साथ 32वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पुणे में हुए इस टूर्नामेंट की खिताबी जीत में बोपन्ना के जोड़ीदार रहे दिविज शरण ने तीन स्थान का सुधार किया है और वह 36वें स्थान पर पहुंच गए हैं। क्वार्टरफाइनल में बोपन्ना और शरण से हारने वाले वेटरन खिलाड़ी लिएंडर पेस दो स्थान के सुधार के साथ 61वें नंबर पर आ गए हैं। वाइल्ड कार्ड के कारण मुख्य राउंड में मौका पाने वाले प्रजनेश गुणेश्वरन को पहले राउंड में हार का सामना पड़ा जिसके कारण उन्हें दो स्थान का नुकसान उठाना पड़ा और वह 112वें स्थान पर खिसक गए।

# वान हू ने दिलाई अवध को रोमांचक जीत

वार्ता ◀ बेंगलुरू
www.dailypioneer.com

सोन वान हू ने सोमवार को यहां श्री कांतीरवा इंडोर स्टेडियम में खेले गए वोडाफोन प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के चौथे सीजन के मुकाबले में अहम मैच जीत अवध वॉरियर्स को चेन्नई स्मैशर्स के खिलाफ 4-3 से जीत दिला दी। वान हू ने इसी के साथ चेन्नई की स्टार खिलाड़ी सुंग जी ह्यून और क्रिस एडकॉक तथा गैब्रिएल एडकॉक की जोड़ी की मेहनत पर पानी फेर दिया जिन्होंने चेन्नई के 0-3 से पिछड़ने के बाद उसे 3-3 की बराबरी पर ला दिया था। अवध की टीम शुरुआती दो मैच जीत 3-0 से आगे थी और अगले मैच में जीत उसे मुकाबले की विजेता बना देती, लेकिन ह्यून ने ट्रम्प मैच में बेइवान झांग को मात दे अपना मैच जीत चेन्नई के खाते में दो अंक डाल उसे मुकाबले में बनाए रखा।



# समय पर नहीं बन पाया एनीकट, खामियाजा भुगतेंगे किसान

पायनियर संवाददाता जांजगीर-जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कचंदा व जनपद पंचायत मालखरौदा अंतर्गत ग्राम पंचायत भुतहा के बीच बोराई नदी पर जलसंसाधन विभाग द्वारा लगभग पांच करोड़ 39 लाख की लागत से एनीकट का निर्माण कराया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार की उदासीनता के कारण एनीकट निर्माण समय रहते पूर्ण नहीं हो सका है, जिसका खामियाजा क्षेत्र के किसानों को भुगतना पड़ रहा है। समय रहते यदि एनीकट निर्माण पूर्ण हो गया होता तो एनीकट में पानी का भराव पूर्ण रहताए जिससे क्षेत्र के किसानों को पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़ता, लेकिन एनीकट में पानी का भराव नहीं होने से किसानों को चिंता सता रही है। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कचंदा के बोराई नदी पर एनीकट का निर्माण कराया जा रहा हैए जिससे दो ब्लाक मुख्यालय को जोड़ने के साथ.साथ किसानों को भरपूर मात्रा में पानी की उपलब्धता होगी। साथ ही जलस्तर में भी सुधार आएगा, यही सोचकर जलसंसाधन विभाग द्वारा बोराई नदी पर लगभग पांच करोड़ की लागत से एनीकट का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन अधिकारियों और ठेकेदार की उदासीनता के कारण एनीकट का निर्माण अब तक पूर्ण नहीं हो सका है। नतीजतन, भुतहा एनीकट में पानी का भराव एक फीट भी नहीं है, जिसके कारण क्षेत्र के किसानों को पानी की चिंता सताये जा रही है। किसानों का कहना है कि पानी की कमी के कारण जमीन की नमीं चली जाएगी और उन्हें पानी की समस्या से जूझना पड़ जाएगा।

**पांच करोड़ 39 लाख है लागत**



### निर्माण में जमकर अनियमितता

कचंदा-भुतहा एनीकट निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। एनीकट निर्माण के दौरान तकनीकी मापदंडों को ताक में रखकर निर्माण कार्य किया गया है, जिसके कारण एनीकट में दरारे पड़ने लगी है। एनीकट निर्माण के समय ग्रामीणों ने विरोध भी किया थाए लेकिन जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों को सब कुछ ठीक लगा था।

### बारिश ने खोली भ्रष्टाचार की पोल

ग्राम पंचायत कचंदा और भुतहा के बीच बोराई नदी पार पांच करोड़ की लागत से निर्माणाधीन एनीकट की पोल हल्की बारिश ने खोलकर रख दी है। बारिश के कारण एनीकट में जगह.जगह दरारें नजर आ रही है। खास बात तो यह है कि एनीकट निर्माण में हुए भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए मरम्मत का कार्य अभी से किया जा रहा है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पांच करोड़ की लागत से बनने जा रहे एनीकट में किस तरह के मटेरियल का उपयोग किया गया है, जो एक बरसात का दबाव बर्दाश्त नहीं कर पाया और एनीकट में दरारें पड़ गई। जिसकी मरम्मत भी नहीं कराई गई है। सिर्फ इतना ही नहीं, एनीकट में बने गेट से लगातार पानी निकलने के कारण एनीकट में एक फीट भी पानी नहीं है, जिससे लोगों को गर्मी के दिनों में पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ सक्ती है।

## क्विक न्यूज

### कर्मचारियों ने दो सूत्रीय मांग को लेकर दिया धरना



**जांजगीर।** दो सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम 9 जनवरी दोपहर 2.00 बजे मोटरसाइकिल रैली के साथ एसडीएम जांजगीर को ज्ञापन सौंपेंगे। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ नई दिल्ली से संबंध छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा जांजगीर के केरा रोड स्थित कर्मचारी भवन में दो दिवसीय हड़ताल को लेकर आज कर्मचारी भवन के सामने प्रदर्शन किया गया।

### दो बाइकों में भिड़ंत एक की मौत

**कांकेर।** मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के निकट ग्राम में नादनमारा के पास सुबह तकरीबन 11-12 बजे आसपास एक बार फिर तेजरफ्तार के कहर के चलते नादनमारा पुल पर दो बाइकों की आपस में जबरदस्त भिडंत हो गई। भिडंत इतनी जबरदस्त रही कि हादसे के बाद एक युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। जबकि दो बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिनका इलाज जिला अस्पताल में जारी है ।

### प्लांट से निकला 6 लाख के लोहे के सामान को ठेकेदार ने अन्यंत्र खपाया

**जांजगीर।** तेंदूभांठा स्थित मड़वा पावर प्लांट के छह लाख के लोहे के सामान को कंसट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार द्वारा तय स्थान में न ले जाकर अन्यत्र खपाने का मामला सामने आया है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक मड़वा पावर प्लांट में कोरबा के दीनदयाल एवं उनके साथियों ने कंसट्रक्शन काम के लोहे के सामान को पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले में ले जाने के लिए ठेका लिया था। कंपनी सामान को पावर प्लांट से तो ले गया, लेकिन तय स्थान में नहीं पहुंचाया और बीच रास्ते में ही सामान को गायब कर दिया।

### वाहन की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** सरायपाली में एक अज्ञात वाहन ने शुक्रवार को दो वाहन सवार को सामने से ठोकर मार दी जिससे वाहन सवार एक घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक सरायपाली निवासी महेश मखीजा अपने पुत्र सोनू मखीजा के साथ वाहन क्रमांक सीजी 06 जीएफ 4233 से दुकान से घर आ रहा था। इस दौरान सागर स्टील के सामने उनके वाहन को अज्ञात वाहन ने सामने से ठोकर मार दी जिससे महेश मखीजा को गंभीर चोट आई है।

# एसबीआई एटीएम में तोड़फोड़ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता जांजगीर
www.dailypioneer.com

चोरी की नियत से एक माह पहले एसबीआई के एटीएम में तोड़फोड़ करने वाले चोरों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला कोतवाली थाना अंतर्गत केरा रोड का है। जानकारी के अनुसार 25.26 नवंबर की रात्रि अज्ञात चोर ने कोतवाली थाना से कुछ दूरी पर स्थित एसबीआई के एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी का प्रयास किया था, लेकिन वे अपने मंसूबे पर कामयाब नहीं हो पाए थे। घटना की दूसरी सुबह बैंक के कर्मचारी चंद्रशेखर क्षीर सागर ने थाना में इसकी सूचना दी थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की थी।

कोतवाली थाना से कुछ दूरी पर हुई इस घटना ने कोतवाली थाना प्रभारी की रातों की नींद उड़ा दी थी, जिसके लिए सीसीटीवी फुटेज का फोटो निकाल मुखबिर को चारों ओर फैला दिया गया था। आसपास के एरिया में आरोपी की जोरशोर से खोजबीन की जा रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि सीसीटीवी फुटेज के फोटो से मिलता.जुलता युवक नया बस स्टैण्ड में घूम रहा है। सूचना पर थाना स्टॉफ द्वारा घेराबंदी कर संदेहियों को पकड़ा गया, जिनको थाना लाकर पूछताछ की गई। आरोपियों ने चोरी की नियत से एटीएम में तोड़फोड़ करना स्वीकार किया, जिनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त गैती और सब्बल को जब्त किया गया तथा घटना के समय पहने कपड़ों को जब्त किया गया। कोतवाली थाना में आरोपी लेखराम माण्डे पिता लच्छीराम निवासी सिलयारी तथा देवेन्द्र निषाद पिता रामदयाल निवासी हरदी थाना सारंगढ़ के विरूद्ध अपराध सिद्ध पाए जाने से आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



आरोपी दोनों युवक शहर में फेरी लगाने का काम करते थे। कुछ दिनों पहले फेरी का काम छोड़ जल्दी पैसा कमाने के चक्कर में चोरी की योजना बना रहे थे। पहले वारदात में असफल होने पर वे दूसरी वारदात को अंजाम देने एटीएम की रैकी कर रहे थे, लेकिन सीसीटीवी फुटेज से प्राप्त फोटो के आधार पर उन्हें अगले वारदात को अंजाम देने से पहले ही पकड़ लिया गया।
**-विवेक पाण्डेय,** थाना प्रभारी, सिटी कोतवाली जांजगीर

# बीएसएफ ने मुख्य मार्ग को किया बंद

- ग्रामीण स्कूली बच्चों को आवागमन में हो रही परेशानी
- रास्ता बंद होने से किसानों की बढ़ी चिंता

पायनियर संवाददाता कॉंकेर/परलकोट
www.dailypioneer.com

बीएसएफ 114 वी बटालियन के द्वारा प्रतापपुर ग्राम के आवागमन सड़क को बंद करने का मामला प्रकाश में आया है सड़क को बीएसएफ बटालियन के मनमानी तरीके से आवागमन वाली सड़क को बंद किए जाने से ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे परेशान हो रहे है जानकारी के अनुसार प्रतापपुर में तैनात बी एस एफ के 114 वी बटालियन ने प्रतापपुर से कोयलीबेड़ा मुख्य सड़क को पूरी तरह से बंद कर दिया है।

उक्त सड़क से राहगीरों को कैम्प के सामने से जाने पर रोक लगा दिया गया है। राहगीरों को मुख्य सड़क से उतर कर गांव के भीतर से गुजरकर मुख्य सड़क पर पहुंचना पड़ता हैं। ग्रामीणों को धान बेचने के लिए भी धान से भरा ट्रैक्टर ट्राली को सकरी रोड से गुजर कर मुख्य सड़क पर जाना पड़ता है सबसे बड़ी बात कैम्प के मुख्य सड़क को बंद करने से स्कूली छात्रों छात्राओं को भी रोजाना कैम्प द्वारा बाधित मुख्य सड़क से काटे दार जाली से घेरा को पर कर स्कूल जाना पड़ता हैं।

अब यहा देखना है कि शासन प्रशासन द्वारा इस बच्चों और ग्रामीणों के लिए क्या उपाय करता है या हर दिन परेशानी झलते रहेंगे।

-अभी मैं कुछ नहीं बोलूंगा। देखकर फिर बोलता हूं।
**अनूप शुक्ला डिप्टी कमांडेंट**

उनको कोई आदेश नहीं है कि मुख्य मार्ग को बन्द करे। मेरे द्वारा कई बार इस विषय में बोला गया है।
**शोभराज अग्रवाल,** अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, पखांजूर

# जन्नत क्रिकेट टीम छुरा बना विजेता



पायनियर संवाददाता गरियाबन्द
www.dailypioneer.com

ग्राम रावनसिंघी में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें विजेता की ट्राफी जन्नत क्रिकेट छुरा और उप विजेता न्यू स्टार क्रिकेट क्लब रावनसिंघी हुए। गाँव के द्वारा आयोजित 16 दिवसीय में 38 टीम ने भाग लिया जिसमें फइनल उक्त दोनों टीम के बीच कड़ा मुकबला हुआ जिसमे जन्नत क्रिकेट टीम छुरा विजयी हुए और उप विजेता न्यूस्टार क्रिकेट टीम रावनसिंघी को मिला । पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि मार्केटिंग सोसायटी किसान राईस मिल गरियाबन्द के अध्यक्ष एवं भाजपा सहकारित प्रकोष्ठ के प्रदेशमंत्री मुरलीधर सिन्हा अध्यक्षता ग्राम पंचायत खरहरी की सरपंच रेखा ठाकुर एवं विशेष अतिथि डड़सेना कलार समाज तहसील गरियाबन्द मण्डलेश्वर नन्दकुमार सिन्हा थे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिन्हा ने अपने उदबोधन में कहा कि इस तरह खेल प्रतियोगिता के आयोजन से गाँव में एकता और एकरूपता दिखता है और मनोरंजन का भी साधन मिलता है ।

### गोली चलाने वाले 3 आरोपी 24 घंटे के अंदर बंदी

**महासमुंद,।** व्यवसायी युवक को घर के सामने बंदूक की नोक पर लूटने का प्रयास और गोली चलाने वाले तीन युवकों को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया। कर्ज में डूबे युवकों ने ऋण चुकता और नए व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए ट्रेडर्स संचालक को लूटने की योजना बनाई थी पर लूट को अंजाम नहीं दे पाए। जानकारी के मुताबिक सरायपाली महलपारा निवासी व्यवसायी राहुल पिता श्याम अग्रवाल (27) रविवार की रात पौने 8 बजे दुकान बंद कर कार से घर के लिए निकला।

# जनपद अध्यक्ष बनी प्रियंका, भाजपाइयों ने की आतिशबाजी


पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत धमतरी में अध्यक्ष पद का चुनाव गहमा-गहमी के बीच सपन्न हुआ। भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी को बराबर बराबर 12-12 वोट मिलने की स्थिति में प्रियंका सिन्हा के नाम की पर्ची निकलने पर उन्हें अध्यक्ष घोषित किया गया। जनपद में कांग्रेस सदस्यों की संख्या 14 रही फिर भी शर्मनाक हार को लेकर एक दूसरे पर दोषारोपण शुरू हो गया। चुनाव में हार के बाद कांग्रेसी सदस्यों और कार्यकर्ताओं के बीच बहस भी हुई। जनपद पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा की रंजना साहू आसीन थी उनके विधायक बनने के बाद अध्यक्ष की कुर्सी खाली हो गई जब रंजना साहू जपं अध्यक्ष बनी तब भी कांग्रेस का बहुमत रहा। इस बार भी कांग्रेसी सदस्यों की संख्या 14 तक रहीं। चुनाव की घोषणा के बाद कांग्रेसी सदस्यों में अध्यक्ष पद को लेकर खींचतान जारी रहा। उपाध्यक्ष बृजेश जगताप शुरू से संजू कामता सिन्हा को अध्यक्ष प्रत्याशी बनाने के पक्ष में रहे जबकि सदस्य दयाराम साहू घमेश्वरी साहू को अध्यक्ष प्रत्याशी बनाने के लिए अड़े रहे। कांग्रेस जनपद अध्यक्ष की कुर्सी अपनाने के लिए रणनीति बनाई जिसके तहत सिहावा विधायक लक्ष्मी ध्रुव को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया। रविवार को बनरौद रेस्टहाउस में कांग्रेस के अधिकांश सदस्यों के बीच बैठक हुई जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। जनपद पंचायत भवन में निर्वाचन अधिकारी सीडी वर्मा एसडीएम की मौजूदगी में नामांकन के साथ साथ चुनाव की प्रक्रिया प्रांरभ हुई। कांग्रेस के 9 सदस्यों एवं भाजपा के सदस्य दो वाहनों से जनपद कार्यालय पहुंचे। कांग्रेस के 5 सदस्य चुनाव के कुछ समय पहले पहुंचे। देर से पहुंचे सदस्यों को लेकर जनपद कार्यालय के बाहर कांग्रेस-भाजपा कार्यकर्ताओ मे चर्चा का माहौल गरमाया रहा। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को उमीद थी कि इस बार अध्यक्ष की कुर्सी में उनकी ही पार्टी की जीत होगी।

# रोज हो रहा करोड़ों का जुआ, बदमाश को पुलिस का संरक्षण

पायनियर संवाददाता अभनपुर
www.dailypioneer.com

अभनपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के खार खेत मे गोबरा नवापारा इलाके के एक बदमाश द्वारा रोज करोड़ों रूपयों का जुआ खिलाया जा रहा है। लेकिन अभनपुर पुलिस सब जानते हुए भी आंख मूंदकर बैठी है। जुआ के अड्डे में छापा न मारने के एवज में एक निश्चित मोटी रकम वसूल रही है। क्षेत्रीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधियों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू व पुलिस महानिदेशक दुर्गेश माधव अवस्थी से कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध मे मिली जानकारी के मुताबिक नवापारा के एक बदमाश नकूल जो वहां के डॉन के नाम से भी जाना जाता है उनके गुर्गे 30-40 की संख्या में है। जिनके द्वारा अभनपुर थाना क्षेत्र के गातापार, ठेलकाबांधा, सातपारा, दतरेंगा, बिरोदा, बकतरा,



सहित अनेक गांवों के खार खेत मे जगह बदल-बदलकर जुआ का संचालन किया जा रहा है। जिसमें दुर्ग, गरियाबंद, महासमुन्द तक के सैकड़ों लोग रोज विभिन्न दो पहिया व चार पहिया वाहनों में जुआ खेलने पहुंच रहे है। जुआ खिलाने वाले इस गिरोह के आदमियों द्वारा जुआ में शामिल होने के लिए हर एक जुआरियों से 500 रूपए की एन्ट्री शुल्क वसूली की जाती है तथा चकरी (नाल) के रूप मे प्रतिदिन लाखों रूपये की अवैध कमाई की जा रही है। जुआ संचालन मे अभनपुर पुलिस की मुख्य भूमिका है। तथा पुलिस स्टाफको प्रतिमाह एक निर्धारित मोटी रकम गिरोह के सरदार द्वारा दिया जा रहा है। जुआ खिलाने के लिए पुलिस के साथ सेटिंग कराने में अभनपुर के एक पार्षद की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व नवपदस्थ पुलिस महानिदेशक डी.एम.अवस्थी द्वारा जुआ सट्टा एवं कबाड़ के अवैध कार्यो में लिप्त लोगों व असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने के निर्देश देने के बावजूद अभनपुर पुलिस के कानो में जूं तक नहीं रेंग रही है।

**स्टॉक के भी हिसाब से रजिस्टर मेंटेन नहीं**

# जांच में हुआ खुलासा, स्वर्गवासी ने उठाया राशन

पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में जीवित लोगों को राशन दिया जाता है । लेकिन घिवरा सोसायटी की उचित मूल्य की दुकान में स्वर्गवासी लोगों ने भी राशन उठाया है । यह पुष्टि पांच सदस्यीय जांच टीम ने जांच के दौरान खुलासा किये है । इसके पूर्व में ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत किया गया था । शिकायत के अनुसार हमने 7 जनवरी के अंक में पीडीएस दुकान से मुर्दे उठा रहे राशन शीर्षक से समाचार को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया । तब अधिकारियों की नींद खुली और 7 जनवरी को जांच टीम वहां पहुंचे । जांच टीम को शिकायत सही मिला और मृत लोगों को राशन दिया गया है ।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित घिवरा के अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान



घिवरा में दर्जनभर मृत लोगों के नाम पर राशन का उठाव विक्रेता के द्वारा किया जा रहा था । इस संबंध में उनके घर वालों को पता ही नहीं था और पिछले कई माह उनके कोटे का राशन जारी हो रहा था ।माह सितंबर, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर 2018 में लगभग एक दर्जन मृत लोगों के नाम से राशन का उठाव किया गया है । यह जानकारी टेबलेट में पाया गया है । और रजिस्टर मेंटेन नहीं किया गया है । स्टॉक के भी हिसाब से रजिस्टर मेंटेन नहीं है । कई लोगों के मृत होने के बावजूद उनके नाम कटने की बजाय प्रत्येक माह उनके नाम राशन का उठाव जारी है । इसके बावजूद भी जिन लोगों के नाम से राशन दिया जा रहा है । उनको ना मिल कर के राशन किसी दूसरे लोगों को दिया जा रहा है ।

वहां पर कुछ लोग उपस्थित थे उन सभी का बयान शपथ पूर्वक लिया गया है । चावल एमिट्टी तेल एनमकए शक्कर आदि राशन समान स्टाक के हिसाब से रजिस्टर में दर्ज नहीं है यहां पर कम ज्यादा बहुत है। सबसे बड़ी और मजेदार बात यह है कि घिवरा सोसाइटी में चौकीदार को विक्रेता बनाया गया है । उसके बावजूद भी यहां पर सेल्समैन का प्रभार किसी दूसरे के नाम से दर्ज है।यह भी जांच में सामने आया है ।

जांच में मृत लोगों को राशन दिया जा रहा है, उसके बावजूद भी जीवित लोगों का राशन किसी अन्य लोगों को दिया जा रहा है । यह खुलासा टेबलेट के माध्यम से हुआ है । सभी का शपथ पूर्वक बयान लिये है । दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
**प्रियंका बंजारा,** तहसीलदार, जैजैपुर

# झूठे अनुबंध से ले रहे हैं निजी विद्यालय के लिए अनुमति

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नवयुग पब्लिक स्कूल चिस्दा में यह देखा गया कि इस विद्यालय में 73 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। जिसमें 8 शिक्षकों के द्वारा यह नवयुग पब्लिक स्कूल चलाया जा रहा है जिसमें शिक्षक के अनुपात में जो गुणवता होना चाहिए वह छात्रों में गुणवत्ताविहीन दिखाई दिया । जिसमें यह देखा गया कि वहां पर खेल का मैदान का भाव बच्चों के लिए शौचालय का न होना। जो शौचालय बना है उसमें कूड़ा करकट गंदगी से जाम एवं छतविहीन शौचालय मात्र एक है वहीं पर नर्सरी से लेकर आठवीं तक के बच्चों के लिए विद्युत की व्यवस्था नहीं है जिनके कारण उन्हें पानी का समस्या का सामना करना पड़ता है विद्यालय के ठीक पीछे में तालाब है लेकिन विद्यालय में छात्रों के रक्षा के लिए किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है, घेराबंदी विद्यालय का न होने के कारण कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है और यह विद्यालय को नाममात्र का खंड-खंड करके विद्यालय का संचालन किया जा रहा है ।जब हमारे प्रतिनिधि ने वहां के आचार्य से उनका नाम जानना चाहा तो उन्होंने अपना नाम बताने से भी इंकार कर दिया, यह देखा जाए तो शिक्षक तो अधिक है लेकिन वहां पर पढ़ाई का स्तर नहीं के बराबर है । जिनसे उन छात्रों के भविष्य के साथ यह नवयुग पब्लिक स्कूल चिस्दा खिलवाड़ कर रही है।

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से एन्ट्री लेवल प्रमाणित)
हृदय रोग विभाग
सीने में दर्द
(हार्ट अटैक)
सांस का फूलना
उच्च रक्तचाप
(हाई बीपी)
मोटापा
इकोकार्डियोग्राफी
टीएमटी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़,
होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. पानी टंकी के पास मोवा रोड, दलदल सिवनी, दुबे कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन-492001 से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित
संपादक-चंदन मित्रा, * स्थानीय संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403, प्रबंध संपादक ए.एन. द्विवेदी